सूर्योदय 6:36 सूर्यास्त 6:26

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 06.0 न्यू | 19.0 अधि |
| धर्मशाला | 10.2 न्यू | 20.4 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74119.39 |
| निफ्टी | 22493.50 |
| सोना | 65,730 |
| चांदी | 75,500 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



follow us on: धर्मशाला | शनिवार, 10 मार्च, 2024 | 27 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 82, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए

आज के अंक में

- जनता के हवाले 1.67 करोड़ की उठाऊ पेयजल योजना
- लोअर बाजार की तारों में फंसी फायर ब्रिगेड

पृष्ठ 4 पर पढ़ें



- बागवानी मंत्री जगत नेगी ने रोपे प्लम के पौधे
- तरेहल पंचायत को मिला सामुदायिक भवन

पृष्ठ 7 पर पढ़ें



- अनुराग ने महिलाओं व युवाओं को बांटे हेल्मेट
- छात्रों ने देखी लोक अदालत की कार्यवाही

पृष्ठ 12 पर पढ़ें



- एंडरसन 700 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बने
- पीएम मोदी ने काजीरंगा में हाथी की सफारी का लुत्फ उठाया

पृष्ठ 14 पर पढ़ें



# देवी-देवताओं का नजराना बढ़ाया

## सीएम सुक्खू ने किया मंडी के अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खु ने मंडी के ऐतिहासिक पड्डल मैदान से विश्व विख्यात अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। इससे पहले, सीएम सुक्खू ने मुख्य देवता राज माधोराय के मंदिर में शीश नवाया तथा पारंपरिक शोभायात्रा जलेब में भाग लिया। उनकी पत्नी कमलेश ठाकुर भी साथ रहीं। पारंपरिक परिधानों से सजे हजारों श्रद्धालुओं ने देवी-देवताओं की पालकियों को पड्डल मैदान तक पहुंचाया। यह शोभा यात्रा पड्डल मैदान में संपन्न हुई। मुख्यमंत्री ने श्री राज माधोराय मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की।



जलेब से पहले मुख्य देवता राज माधोराय की पूजा-अर्चना करते सीएम सुक्खू।

सीएम सुक्खू ने देवताओं के नजराने और बजंतरियों के मानदेय में 10-10 प्रतिशत बढ़ोतरी की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हम देव संस्कृति को मानने वाले लोग हैं। देव समाज के हित के लिए सरकार कार्य कर रही है।

### महोत्सव में मेला समिति की स्मारिका का किया विमोचन

**सीएम** ने कहा कि वह एक आम परिवार से निकल कर जनता के हकों के लिए संघर्ष करते हुए मुख्यमंत्री के पद तक पहुंचे हैं। साजिश के साथ इसे छीनने की कोशिश करने वालों को जनता सबक सिखाएगी। कांग्रेस सरकार पूरी मजबूती से जनता के लिए काम कर रही है। उन्होंने शिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर मेला समिति द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विमोचन भी किया। मेला समिति के अध्यक्ष एवं उपायुक्त अपूर्व देवगन ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

### बोले-बागी विधायकों ने अंतरात्मा की नहीं, धन आत्मा की सुनी

**सीएम सुक्खू** ने कांग्रेस के अयोग्य घोषित 6 विधायकों का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा गडरिये की तरह उन्हें हांक कर यहां से वहां ले जा रही है। उन्होंने सवाल किया कि आखिर क्या वजह है कि पंचकूला के पांच सितारा होटल में आराम के बाद अब उन लोगों को भाजपा चार्टेड प्लेन से देहरादून ले गई और वहां ऋषिकेश में एक सात सितारा होटल में रखा है। बागी विधायकों ने अंतरात्मा की नहीं बल्कि धन-आत्मा की पुकार सुनी और पार्टी तथा जनता को धोखा दिया।

### मंडी महाशिवरात्रि



मंडी में अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव में राज माधव राय की शाही जलेब में शिरक्त करते देवता और उमड़ा जनसैलाब।

## न्यूज शॉर्ट्स

### बहुजन समाज पार्टी अकेले लड़ेगी लोकसभा चुनाव : मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने एक बार फिर ऐलान किया है कि लोकसभा चुनाव में बसपा अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी।



उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर पार्टियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। भाजपा-कांग्रेस ने उम्मीदवार की पहली सूची भी जारी कर दी है। इसी बीच मीडिया में यह खबरें आने लगीं कि बसपा 'इंडिया' गठबंधन में शामिल हो सकती है, लेकिन बसपा प्रमुख मायावती के बयान के बाद बहुत सारी चीजें साफ हो चुकी हैं।

### पाकिस्तान में 'एक्स' का निलंबन चौथे सप्ताह भी जारी

**लाहौर।** पाकिस्तान में माइक्रोब्लॉगिंग साइट 'एक्स' की सेवाओं का निलंबन शनिवार को चौथे सप्ताह में प्रवेश कर गया, लेकिन पूर्ववर्ती कार्यवाहक सरकार या नए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का प्रशासन इसकी कोई वजह नहीं बता रहा कि देश में इतने लंबे समय तक 'एक्स' को निलंबित क्यों रखा गया है। सिंध उच्च न्यायालय द्वारा सोशल मीडिया साइट 'एक्स' की सेवाएं नागरिकों को बहाल करने का निर्देश दिए जाने के बावजूद पिछले तीन हफ्तों से अधिक समय से पाकिस्तान में इसके उपयोगकर्ताओं को यह उपलब्ध नहीं है।

### अरुणाचल के पूर्व सीएम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से हटे

**इटानगर।** असम के बाद कांग्रेस पार्टी के लिए संकट लगातार बढ़ता जा रहा है, क्योंकि अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नबाम तुकी ने अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा आगामी चुनावों से पहले आया है। नबाम तुकी सबसे वरिष्ठ कांग्रेस नेता हैं और 4 कांग्रेस विधायकों में से अकेले बचे हैं क्योंकि तीन हाल ही में भाजपा में शामिल हुए हैं। नबाम तुकी नवंबर 2011 से फरवरी 2016 तक सीएम रहे।



### राहत सामग्री के बॉक्स से दबकर 5 फिलिस्तीनियों की मौत

**गाजा।** गाजा में राहत सामग्री की डिलिवरी के दौरान हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जहां एयरक्राफ्ट से गाजा पट्टी पर राहत सामग्री के बॉक्स गिराए गए लेकिन कई बॉक्स के पैराशूट ही नहीं खुले। ये बॉक्स तेज रफ्तार से लोगों पर गिर गए, इसमें 10 लोग घायल भी हैं। यह हादसा अल-शती रिफ्यूजी कैंप के पास हुआ।

## धर्मशाला में टीम इंडिया ने 4-1 से जीती टेस्ट सीरीज





**धर्मशाला।** भारत ने धर्मशाला टेस्ट में इंग्लैंड को पारी और 64 रन से हराकर पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 4-1 से जीत ली। अपना 100वां टेस्ट मैच खेल रहे रविचंद्रन अश्विन ने मैच में 9 विकेट झटके। कुलदीप यादव को 'प्लेयर ऑफ द मैच' और युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को सीरीज में 712 बन बनाने के लिए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया।

### जीत-हार हुई बराबर

भारत के नाम 579 टेस्ट मैचों में 178 जीत और इतनी ही हार हैं। 1 टेस्ट टाई रहा है और 222 ड्रॉ रहे हैं।

## नौ विधायकों ने कांग्रेस आलाकमान की करवाई 'कदमताल'

**अरविंद शर्मा, शिमला**

राज्यसभा चुनाव परिणाम ने प्रदेश के राजनीतिक माहौल में उथल-पुथल मचा दी है। नौ विधायकों (छह कांग्रेस, तीन निर्दलीय) ने कांग्रेस आलाकमान की खूब 'कदमताल' करवाई। उन्होंने जो किया उससे कांग्रेस आलाकमान सोचने पर मजबूर हो गई है।

इन नौ विधायकों का कहना है जब काम ही नहीं होंगे तो उनके विधायक होने का क्या फायदा। सीएम सुक्खू विधायकों के परिवार से संपर्क कर रहे हैं। आनन-फानन में मुख्यमंत्री बार-बार कैबिनेट मीटिंग में फैसले ले रहे हैं, जैसे कि कोई जाती हुई सरकार हो। इन मीटिंग में सरकारी खजाने की चिंता नहीं है, क्योंकि मामला अपनी कुर्सी का है। इधर नौ विधायक मुख्यमंत्री के प्रलोभनों से दूर, उनका मानना है कि वर्तमान परिस्थिति के लिए सीएम सुक्खू और उनके मित्र जिम्मेदार हैं। प्रदेश का बंटाधार करने में इनका सबसे ज्यादा योगदान है। जो पंचायत का चुनाव नहीं लड़ सकते है वे कैबिनेट रैंक लेकर घूम रहे हैं।

बड़सर, हमीरपुर, सुजानपुर और देहरा के लोगों का कहना है कि अगर हमने अपने काम करवाने है तो किसके पास जाए। हर तरफ से कुछ छुटभैया नेताओं की दुतकारें ही सुनने को मिल रही है। इन लोगों का कहना है कि लोकसभा चुनाव का सिर पर है और आचार सहिंता लगने वाली है और हमारे छोटे मोटे काम भी खटाई में पड़े है। (अनंत ज्ञान)

## वायुसेना ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख से 737 यात्रियों को किया रेस्क्यू

**एजेंसी, जम्मू**

**वायुसेना** ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में फंसे करीब 737 यात्रियों को हवाई मार्ग से सुरक्षित निकाल लिया। सेना के अधिकारी ने बताया कि दो आईएल-76 विमान से कुल 514 यात्रियों को जम्मू से लेह पहुंचाया गया जबकि इसी श्रेणी के एक विमान से 223 लोगों को श्रीनगर से लेह रवाना किया गया।

उन्होंने बताया कि इसी के साथ इस सप्ताह करीब 1,251 लोगों को हवाई मार्ग से जम्मू और कश्मीर एवं लद्दाख पहुंचाया गया। सेना के अधिकारी ने बताया कि इससे पहले सोमवार को एएन-32 विमान जिसे कारगिल कूरियर भी कहते हैं से 331 यात्रियों को जम्मू-कश्मीर से कारगिल पहुंचाया गया था।

कारगिल कूरियर सेवा फंसे हुए यात्रियों की सुविधा के लिए जम्मू और श्रीनगर के बीच सप्ताह में तीन दिन और श्रीनगर और कारगिल के बीच सप्ताह में दो बार संचालित की जाती है।

## चीन सीमा पर भारत ने तैनात किए 10 हजार अतिरिक्त सैनिक

**नई दिल्ली।** भारत ने चीन के साथ अपनी विवादित सीमा को मजबूत करने के लिए 10 हजार अतिरिक्त सैनिकों को तैनात किया है। यह जवान वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन सीमा के 532 किमी हिस्से की रक्षा करेंगे। चीन ने सीमा पर भारतीय सेना बढ़ाने की आलोचना करते हुए कहा कि इससे तनाव कम नहीं होगा।



भारतीय सेना और रक्षा मंत्रालय ने निजी चर्चा के बाद सीमा पर 10 हजार सैनिकों की संख्या बढ़ाने के फैसले को लागू किया है। एक वरिष्ठ भारतीय सैन्य अधिकारी ने कहा कि देश की पश्चिमी सीमा (पाकिस्तान) पर तैनात सैनिकों की 10 हजार मजबूत इकाई को अब चीन के साथ सीमा के एक हिस्से की रक्षा के लिए अलग रखा गया है। इसके अलावा विवादित चीनी सीमा के लिए पहले से ही नामित 9,000 सैनिकों की मौजूदा टुकड़ी को नवनिर्मित लड़ाकू कमान के तहत लाया जाएगा। यह संयुक्त बल 532 किमी (330.57 मील) की सीमा की रक्षा करेगा, जो चीन के तिब्बत क्षेत्र को भारत के उत्तरी राज्यों उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश से अलग करती है।

## सत्ता में आए तो होगी जातिगत गणना और 'आर्थिक मैपिंग': राहुल गांधी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि अगर आगामी लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो जातिगत जनगणना के साथ 'आर्थिक मैपिंग' कराई जाएगी जिसके आधार पर आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा को खत्म किया जाएगा।

राहुल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'क्या हमने कभी सोचा है कि गरीब कौन हैं, कितने हैं और किस स्थिति में है? क्या इन सभी की गिनती जरूरी नहीं?' बिहार में हुई जातिगत गिनती से पता चला कि गरीब आबादी के 88 प्रतिशत लोग दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक समुदायों से हैं।

## पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति बने आसिफ अली जरदारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आज राष्ट्रपति पद के चुनाव में आसिफ अली जरदारी ने जीत हासिल की है। जरदारी पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति बन गए हैं। उन्होंने इमरान खान के कैंडिडेट महमूद खान अचकजई को 230 वोटों से हराया। जरदारी को 411 वोट मिले, जबकि अचकजई सिर्फ 118 वोट हासिल कर पाए।



नवाज की पार्टी पीएमएन-एल और बिलावल की पार्टी पीपीपी ने मिलकर आसिफ अली जरदारी को उम्मीदवार बनाया था। वह साल 2008 में भी राष्ट्रपति बने थे। इमरान समर्थक एसआईसी पार्टी ने महमूद खान अचकजई को राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाया था। राष्ट्रपति चुनाव में मतदान करते हुए पाकिस्तान नेशनल असेंबली के कुछ सदस्यों ने इमरान खान जिंदाबाद के नारे लगाए थे। हालांकि, जरदारी का राष्ट्रपति बनना पहले से तय माना जा रहा था।

## पाकिस्तान में ईशनिंदा पर छात्र को सजा-ए-मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान में एक 22 वर्षीय छात्र को व्हाट्सऐप संदेशों पर ईशनिंदा के आरोप में मौत की सजा सुनाई गई है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की एक अदालत ने कहा कि छात्र को उन तस्वीरों और वीडियो के लिए मौत की सजा दी गई थी, जिनमें पैगंबर मोहम्मद के बारे में अपमानजनक शब्द थे।

17 वर्षीय एक अन्य छात्र को मौत की सजा के बजाय आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई क्योंकि वह नाबालिग है। पाकिस्तान में ईशनिंदा की सजा मौत है।

## चीन सीमा के पास 'सेला टनल' राष्ट्र को समर्पित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मणिपुर, मेघालय, नगालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश में 55,600 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। मोदी ने चीन सीमा के पास सेला टनल को भी राष्ट्र को समर्पित किया। विकास परियोजनाओं में रेल, सड़क, स्वास्थ्य, आवास, शिक्षा, सीमा अवसंरचना, आईटी, बिजली, तेल और गैस जैसे अन्य क्षेत्र शामिल हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वोत्तर राज्यों को दी 55,600 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात



मोदी ने सेला टनल का जिक्र करते हुए कहा मैंने चुनावी नहीं देश की जरूरतों के मुताबिक काम करने की अपनी शैली दोहराई। यह टनल अरुणाचल प्रदेश के तवांग तक हर मौसम में संपर्क सुविधा उपलब्ध कराएगी। यह सुरंग क्षेत्र में न केवल तेज और अधिक प्रभावी परिवहन मार्ग उपलब्ध कराएगी बल्कि चीन के साथ लगती सीमा के समीप स्थित होने के कारण देश के लिए सामरिक महत्व की भी है।

### 825 करोड़ से बनी टनल

**करीब** 825 करोड़ की लागत से बनी टनल का निर्माण सीमा सड़क संगठन ने 13,000 फुट की ऊंचाई पर किया है। यह अरुणाचल प्रदेश में बालीपारा-चारीद्वार-तवांग रोड पर सेला दर्रे से गुजरते हुए तवांग तक हर मौसम में संपर्क उपलब्ध कराएगी।

### 'न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड' से बनी टनल

**टनल** से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति के साथ प्रतिदिन 3,000 कार और 2,000 ट्रक निकल सकते हैं। टनल का निर्माण 'न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड' से किया गया हैं।

**चेतावनी** न्यूनतम वेतन की मांग को लेकर तल्ख हुई यूनियन, 24 घंटे का अल्टीमेटम

# हिमाचल में थम सकते हैं एंबुलेंस के पहिये

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में 108 व 102 एंबुलेंस के पहिये थम सकते हैं। एंबुलेंस यूनियन का कहना है कि सरकार से न्यूनतम वेतन को लेकर कई बार मांग उठाई है, लेकिन हर बार अनसुना किया गया है। अगर 24 घंटे के अंदर उनकी मांग पर गौर नहीं किया जाता है, तो वे मजबूरन 24 घंटे की हड़ताल पर जाएंगे।

108 व 102 एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष पूर्ण चंद ने कहा कि हिमाचल की पूर्व की भाजपा सरकार में भी अपनी मांगों को लेकर यूनियन ने हड़ताल की थी, जिसके बाद कंपनी को हटा दिया गया। वर्तमान में कंपनी न्यूनतम वेतन देने के लिए फॉर्म 5 मांग रही है, लेकिन सरकार इसे नहीं दे रही है, जिससे कर्मचारी परेशान हो रहे हैं।





पूर्ण चंद ने बताया कि वह मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री से मिले हैं। उन्होंने एनएचएम को बैठक करने के लिए कहा था, लेकिन एक महीने बाद भी उनकी मांगों को लेकर कुछ नहीं हुआ है। अथॉरिटी ने उनका न्यूनतम वेतन 17,235 रुपए तय किया है, लेकिन उन्हें 13,500 रुपए ही मिल रहे हैं।

- **न्यूनतम वेतन 17,235 रुपए तय, लेकिन मिल रहे 13,500**
- **एनएचएम से बैठक हुई, लेकिन एक महीने बाद भी कुछ नहीं हुआ : पूर्ण चंद**

### प्रदेश में 1800 के करीब कर्मचारी

हिमाचल प्रदेश में 1800 के करीब 108 व 102 एंबुलेंस के कर्मचारी कार्यरत हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सभी विषयों को जानते हैं। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए उनके समक्ष भी यह विषय कई बार उठाया गया, लेकिन आज अधिकारी सही तरीके से बात सरकार के समक्ष नहीं रख रहे हैं। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 24 घंटे के अंदर उनकी मांग को नहीं माना जाता है तो वह मजबूरन डीसी के माध्यम से ज्ञापन सौंपेंगे और 24 घंटे की हड़ताल पर चले जाएंगे।

## मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति ने भारत से मांगी माफी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी के लक्ष्यदीप जाने के बाद मालदीव के मंत्रियों द्वारा पीएम मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी।

इसके बाद भारत के लोगों ने मालदीव की अपनी यात्राएं रद्द कर दी और मालदीव का बॉयकॉट करना शुरू कर दिया जिसके बाद मालदीव के पर्यटन पर खासा असर पड़ा है। वहीं अब मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने मालदीव के बहिष्कार को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि, इससे देश के पर्यटन पर असर पड़ा है।

मोहम्मद नशीद ने मालदीव के लोगों की ओर से भारतीयों से माफी भी मांगी और कहा कि वह चाहते हैं कि भारतीय पर्यटक उनके देश में आते रहें।

## जम्मू-कश्मीर में दो जंग लगे ग्रेनेड और छह गोलियां बरामद

**एजेंसी, राजौरी**

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में शनिवार को दो जंग लगे ग्रेनेड और आधा दर्जन से अधिक गोलियां बरामद की गई। सेना के अधिकारियों ने बताया कि गोला-बारूद दरहाल इलाके के चौकियां गांव में एक नाले के किनारे झाड़ियों से मिला और बाद में बम निरोधक दस्ते ने उसे हटा दिया।



उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि हथगोले और जिंदा गोलियां लंबे समय से नदी में पड़ी थीं। एक अन्य घटना में, पुलिस ने शनिवार सुबह जम्मू के बाहरी इलाके में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास गुब्बारों के साथ एक पाकिस्तानी झंडा जब्त किया। यह झंडा जम्मू के अरनिया सेक्टर के कूल कलां गांव में एक ग्रामीण को उसके खेत में मिला।

जिक्रयोग हैं कि सेना के एक गश्ती दल ने पिछले महीने 23 फरवरी को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास एक नियंत्रित विस्फोट में एक जंग लगी बारूदी सुरंग को नष्ट कर दिया था।

# महाशिवरात्रि विशेष





श्री देवी सकरैणी, तुंगल



श्री दुर्गा माता, तुंगल


देवी जूफर की जालपा, गाड़ागुसैण



श्री देव धराक्ष, नाचन


देव थान ब्रह्म नेरी



वैष्णो माता, गरडनाल



श्री देव पाइंदल, रुहंज


देव खोड़ू गहड़णी


श्री देव श्रहाडू, ज्वालापुर


श्री देव भरौणी शेषनाग, चच्योट


श्री देवी सकम्बरी, मंडी


विष्णु नारायण नरसिंह, चच्योट


देव ब्रह्म सतपाल शिवा बदार


श्री देव गढ़हणी, बदार


श्रीदेवी सिंह वाहनी, नाचन



श्री देवी कोयला भगवती, राजगढ़


श्री नैणा भगवती, बल्ह घाटी


श्री देव टूडीवीर, सनोर



# छोटी काशी में देव महाकुंभ का अद्भुत और अलौकिक नजारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**छोटी** काशी में अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। यहां देव महाकुंभ का अद्भुत और अलौकिक नजारा देखते ही बन रहा है। सीएम ने प्रदर्शनियों का भी शुभारंभ किया। महोत्सव के शुभारंभ के मौके पर सीएम सुक्खू ने कहा कि मैंने भ्रष्टाचार पर हमला करते हुए हमीरपुर बोर्ड को भंग कर दिया, ताकि युवाओं को उनकी मेहनत का फल मिल सके। पेपर लीक मामले में भाजपा नींद में रही और रिश्तेदारों को नौकरी देने के लिए पेपर लीक कर दिए जाते थे।

यह बात मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के शुभारंभ पर जलेब की अगुआई करने के उपरांत कही। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में शराब के ठेके लुटते रहे, 160 करोड़ रुपए में नीलामी हुई, हमने 500 करोड़ रुपए में शराब के ठेके नीलाम किए। हम कहते हैं कि ऐसे गारंटियां पूरी होंगी। आंखें बंद करके भाजपा नेता सोए रहे, पांच साल के लिए कुर्सी मिलती है, जो लुटाने के लिए नहीं होती है, किसान की सेवा, युवाओं को रोजगार के लिए, महिलाओं के सम्मान के लिए होती है। इस अवसर पर मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर, विधायक चंद्रशेखर, अनिल शर्मा, भुवनेश्वर गौड़, सुरेश कुमार, कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप पठानिया, एपीएमसी अध्यक्ष संजीव गुलेरिया, महापौर वीरेंद्र भट्ट, पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर, पूर्व संसदीय सचिव सोहन लाल ठाकुर, कांग्रेस नेता चंपा ठाकुर, पवन ठाकुर, जीवन ठाकुर, पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा, सर्व देवता समिति के अध्यक्ष शिवपाल शर्मा सहित स्थानीय लोग उपस्थित थे।


अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के शुभारंभ पर लोगों को संबोधित करते हुए सीएम सुक्खू।

## सरकार खरीदेगी किसानों का गेहूं

सीएम ने कहा कि सरकार किसानों से प्राकृतिक खेती से उगाया गेहूं खरीदेगी। उन्होंने कहा कि गरीब का बच्चा पढ़ाई करना चाहता है, डाक्टर बनना चाहता है। हमने उसके लिए योजना लाई, ताकि गरीब का बच्चा पढ़ सके। मैं भी गरीब का बच्चा था, संघर्ष से इस कुर्सी तक पहुंचा हूं, मैं कभी मंत्री नहीं रहा हूं। लेकिन भाजपा ने जिस तरह इस कुर्सी को छीनने की कोशिश की है, लेकिन यह आम जनता की कुर्सी है भाजपा इसको छीनने में सफल नहीं होगी।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी रहेगी लड़ाई

**सीएम** सुक्खू ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी। मैंने खनन माफिया पर कार्रवाई का अभियान चलाया, मेरे खिलाफ खनन माफिया के साथ संलग्न कुछ अधिकारियों और भाजपा ने षड्यंत्र रचा। मुझे विश्वास था कि राज्यसभा में कांग्रेस के उम्मीदवार के पक्ष में वोट डाला जाएगा, लेकिन कांग्रेस के छह विधायकों ने उसके खिलाफ वोट किया। जब मैंने जानकारी प्राप्त की तो पता चला कि अंतरआत्मा की आवाज से नहीं धन आत्मा की आवाज से वोट डाला। जो धन आत्मा के बल पर गए हैं, उनको लोग कभी माफ नहीं करेंगे। विधायकों को गडरिए की तरह हांक कर ले गए, लेकिन गलत इरादे सफल नहीं हुए। अगले दिन बजट था, अगर बजट पास नहीं होता तो हमारी सरकार गिर जाती, उस बजट में आम लोगों के लिए योजनाएं थी। पहली बार हमने ऐसा कानून बनाया कि किसान को दूध का उचित मूल्य मिलना चाहिए। 32 रुपए किलो रुपए में तो पशु का चारा भी पूरा नहीं होता था, हमने 32 से बढ़ाकर 45 रुपए कर दिया और भैंस का दूध 55 रुपए कर दिया।

## सीएम ने किए 84 करोड़ की 12 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास



**मंडी।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि मेले के शुभारंभ के मौके पर मंडी जिले को करीब 84 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने पड्डल से 12 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए। मुख्यमंत्री ने 5.20 करोड़ से निर्मित नागरिक चिकित्सालय रिवालसर के भवन और 1.72 करोड़ रुपए से निर्मित उपतहसील कटोला के भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने धर्मपुर क्षेत्र के लिए जलशक्ति विभाग की 27 करोड़ रुपए की आठ बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं के तहत बाल्हड़ा नाला, नाल्ड़ खड्ड, कुहटनाला, हरयाण नाला, श्रीलंका नाला, घारड़ा नाला, लोअर तनेहड़ नाला और बरच्छवाड़ पपलोग के आसपास खड्ड व नालों के तटीकरण कार्य का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने 11-11 करोड़ रुपए से होने वाले मढ़ी-संधोल सड़क और धर्मपुर-संधोल सड़क के स्तरोन्नत कार्यों का शिलान्यास किया। 28 करोड़ की लागत से बनने वाले 230 मीटर लंबे डबल स्पैन बैहरी पत्तन पुल का शिलान्यास किया। उन्होंने 5.47 करोड़ से होने वाले गागल से सिमस सड़क के प्रधानमंत्री ग्राम संड़क योजना के तीसरे चरण में स्तरोन्नयन कार्य का शिलान्यास किया।

# मेले में अपना टेंट लेकर आए देवी-देवता

## कुछ देवता पड्डल मुख्य मैदान के साथ बनी पौड़ियों पर बैठाए

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

**अंतरराष्ट्रीय** शिवरात्रि महोत्सव में पधारे देवी-देवताओं के बैठने के स्थान को मैटिंग करके इस बार अच्छी तरह से सजाने का काम मेला कमेटी ने किया है। अब देवी-देवताओं ने अपना टेंट साथ लाना शुरू कर दिया है।

पड्डल के कॉलेज मैदान में ऐसे दर्जनभर से ज्यादा देवी-देवता ऐसे बैठे हैं, जो किनारे पर शामियाने के रूप में अपना टेंट साथ लाए हैं, जबकि अधिकतर देवी-देवता हर वर्ष की भांति खुले में ही विराजे हुए हैं। हालांकि, धूल मिट्टी से बचाव के लिए महाशिवरात्रि मेला कमेटी की ओर से देवताओं के बैठने के पूरे स्थान पर मैटिंग की गई है। यही नहीं कुछ देवता जो पड्डल मुख्य मैदान के साथ बनी पौड़ियों पर बिठाए गए हैं, वहां भी बहुत अच्छी तरह से मैटिंग की गई है। (अनंत ज्ञान)


पड्डल मैदान में शिवरात्रि के दौरान खुले आसमान के नीचे विराजमान देवी-देवता।

### कमेटी ने देवताओं के बैठने के स्थान की करवाई मैटिंग

मीडिया में यह बात बहुत समय से उठाई जाती रही है कि देवी-देवताओं के नाम पर होने वाले इस महोत्सव में देवी-देवता और देवलु बेचारों की स्थिति में खुले आसमान के नीचे बैठते हैं। इसके लिए मैटिंग और शामियाने की व्यवस्था होनी चाहिए। पिछले साल मेला कमेटी की ओर से कुछ स्थान पर मैटिंग करवाई थी। इस बार लगभग सभी देवताओं के बैठने के स्थान पर मैटिंग करवाई गई है। देवलु समाज ने इसका स्वागत किया है।

## छोटी काशी मंडी में महादेवा तेरा डमरू डम-डम बजदा...



**पुष्पराज, मंडी**

**हंसराज रघुवंशी के नाम रही पहली सांस्कृतिक संध्या**

**अंतरराष्ट्रीय** महाशिवरात्रि महोत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या का आगाज लुदर मणि की ओर से देव धुन से किया गया। हर वर्ष की भांति सूरज मणि ने शहनाई वादन से किया। इसके बाद मनमोहक भजन ने पंडाल में उपस्थित लोगों को झुमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर सबका दिल जीत लिया। अश्वी मेहविश ने नृत्य की जोरदार प्रस्तुति दी। कुल्लू के आदित्य वर्धन ने बेहतरीन डांस किया। करीब नौ बजे कुल्लू की उर्मिला सोनी ने मंच संभाला और अपनी सुरीली आवाज से लोगों को मोहित कर दिया। वहीं, अरविंद राजपूत और सोमचंदा भट्टाचार्य ने अपने गीतों से सबका दिल जीत लिया। अंत में साढ़े 10 बजे हिमाचल के स्टार कलाकार हंसराज रघुवंशी ने महादेवा तेरा डमरू डम-डम बजदा... गीत से धमाकेदार एंट्री की और कई गीत गाकर छोटी काशी में खूब वाहवाही लूटी। (अनंत ज्ञान)

## मुख्य संसदीय सचिव ने किया सरस मेले का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, मंडी**

**अंतरराष्ट्रीय** शिवरात्रि मेला छोटी काशी 2024 के उपलक्ष्य में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की आयोजित 'सरस मेला' का शुभारंभ हुआ।

मुख्य संसदीय सचिव सुंदर ठाकुर ने इंदिरा मार्केट में लगे इस मेले का शुभारंभ किया। इस दौरान एपीएमसी मंडी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया उनके साथ रहे। बता दें, सरस मेले में प्रदेश और देश के कुल 97 स्वयं सहायता समूह भाग ले रहे हैं। इसमें देश के 13 राज्यों के 24 स्वयं सहायता समूह और हिमाचल प्रदेश के 73 स्वयं सहायता समूहों की ओर से विभिन्न उत्पादों की बिक्री व प्रदर्शनी लगाई गई है। सुंदर ठाकुर ने मेले में लगे स्टॉल का अवलोकन करते हुए उम्मीद जताई कि सरस मेला स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन देने में मददगार होगा। उन्होंने कहा कि इससे सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं को अपने उत्पाद बेचने को एक अच्छा मंच मिला है। (अनंत ज्ञान)


अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि के दौरान प्रथम जलेब में शिरकत करते चौहार घाटी के देवता।

## लोगों को भाये चीड़ की पत्तियों से बने उत्पाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**सरस** मेले में प्रदेश के विभिन्न जिलों से महिलाएं अपने उत्पाद प्रदर्शित कर रही हैं। कुल्लू जिले की हीरा ने चीड़ की पत्तियों से बने उत्पादों को प्रदर्शित किया है। हीरा ने बताया कि चीड़ की जंगल में पत्तियों को एकत्र कर उनसे अच्छी तरह से सुखाकर उत्पाद बनाए जाते हैं। चीड़ की पत्तियों से बनी ड्राइफ्रूट प्लेट आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। बता दें कि हीरा की ओर से बनाई ड्राईफ्रूट प्लेट भोपाल में भेजी गई है। इसके साथ ही ढक्कन, प्लेट, फूलदान आदि उत्पाद प्रदर्शनी में रखे गए हैं।



### एक उत्पाद बनाने में लगते हैं दो से तीन दिन

**हीरा** कांगड़ा, कुल्लू, भुंतर सहित आधा दर्जन जगहों पर प्रदर्शनी लगा चुकी है। हीरा ने बताया कि चीड़ की पत्तियों से एक उत्पाद बनाने में दो से तीन दिन का समय लग जाता है। ऐसे में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं घर बैठे रोजगार प्राप्त कर रही हैं। सरकार को ऐसे उत्पादों डिपो के माध्यम से बेचना आरंभ करना चाहिए, ताकि जल, जंगल और जमीन सुरक्षित रह सकें।

## गोबर की कलाकृतियां बनी आकर्षण का केंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**अंतरराष्ट्रीय** महाशिवरात्रि महोत्सव में जिला प्रशासन की ओर से सरस मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में असम, बिहार, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड, ओडिशा, मणिपुर व हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों के स्वयं सहायता समूहों की ओर से तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री इंदिरा मार्केट की छत्त पर उपलब्ध है।

प्रदर्शनी में मंडर तुंगल के चलोह निवासी कर्ण सिंह भी गाय के गोबर से बेहतरीन कलाकृतियां लेकर आए हैं।




कर्ण सिंह ने गाय के गोबर से बेहतरीन कलाकृतियां बनाकर भारत में गाय की प्रासंगिकता को एक बार फिर सिद्ध कर दिया है। कर्ण सिंह ने श्री कामधेनु पंचगव्य उद्योग स्थापित कर डेढ़ दर्जन महिलाओं को रोजगार प्रदान किया है। कर्ण सिंह गाय के गोबर से टाइल, मूर्तियां, नेम प्लेट, गमला, दीये और राखी बना रहे हैं। यह उत्पाद एंटी रेडिएशन का काम भी करते हैं।

### श्री कामधेनु पंचगव्य उद्योग हिमाचल का पहला स्टार्टअप : कर्ण सिंह

**कर्ण** सिंह ने बताया कि श्री कामधेनु पंचगव्य उद्योग हिमाचल का पहला स्टार्टअप है। करीब तीन साल से गोवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर माह 20 से 30 हजार रुपए की कमाई हो जाती है।

## शाही जलेब



अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव में श्री राज माधव राय की शाही जलेब में भाग लेते देवता।

# राजसी ठाट-बाट के साथ निकली श्रीराज माधव राय की शाही जलेब

### दर्जनों देवी-देवताओं ने की शिरकत, वाद्य यंत्रों की धुनों से गूंजायमान हुई छोटी काशी

**अनिल शर्मा, मंडी**

**अंतरराष्ट्रीय** महाशिवरात्रि महोत्सव में श्रीराज माधव राय की शाही जलेब राजसी ठाट-बाट के साथ निकली। शाही जलेब की अगुआई देव शेषनाग और देव घटोत्कच ने की। मान्यता है कि देव शेषनाग (छमाहू) और देव घटोत्कच (छांजणु) शक्तिशाली देवताओं में से एक माने जाते हैं, जो जलेब के आगे आने वाली दुष्ट शक्तियों का संहार करते हुए चलते हैं और यह सत्य का साथ देने वालों की रक्षा करते हैं।

सराज, चौहार, जंजैहली व द्रंग आदि घाटियों के देवी-देवताओं ने जलेब की शोभा बढ़ाई और वाद्य यंत्रों की धुनों से छोटी काशी मंडी गूंजायमान हो गई। विभिन्न वाद्य यंत्रों और देवी-देवताओं के आगमन से मंडी शहर स्वर्गतुल्य दृश्यमान हो रहा था। (अनंत ज्ञान)



अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के शुभारंभ पर जलेब में शिरकत कर लोगों का हाथ जोड़ अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### जीप से उतरकर बुजुर्ग महिला से गले मिले सीएम



मंडी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू वृद्धजनों और बच्चों के प्रति विशेष लगाव रखते हैं। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण मंडी में महाशिवरात्रि मेले की शोभायात्रा के दौरान देखने को मिला। मुख्यमंत्री ने पत्रकार कक्ष के पास शोभायात्रा जीप से उतरकर बंगला मोहल्ला निवासी सेवानिवृत्त अध्यापिका कुशला हांडा को गले लगाया व कुशलक्षेम पूछा।

## जलेब को अढ़ाई घंटे लगे पड्डल पहुंचने में

**अंतरराष्ट्रीय** महाशिवरात्रि महोत्सव के दौरान निकली जलेब के सबसे अंत में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू गाड़ी में चले और जगह-जगह लोगों का अभिवादन स्वीकार करते रहे। उनके साथ धर्मपुर, सदर मंडी, भोरंज के विधायक व पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर, सीपीएम सुंदर सिंह, पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर, पवन ठाकुर, चंपा ठाकुर गाड़ी में उनके साथ रहे। जलेब 3.30 बजे के पश्चात शुरू हुई और करीब शाम छह बजे संपन्न हुई। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया।



मुख्यमंत्री सुक्खू को स्मृति चिन्ह देते डीसी मंडी।



## देवताओं ने जलेब के आगे चलकर मंडी को बनाया स्वर्गमय

**शैटीनाग,** विष्णु मतलोड़ा, शुकदेव ऋषि, मार्कंडेय ऋषि, देव मगरू महादेव, देव चपलांदू नाग, बायला नारायण, बिट्टू नारायण, देव हुरंग नारायण, घडौणी नारायण, देव पशाकोट, देव पेखरू गहरी, देव चुंजवाला शिव, नाऊ माता ने जलेब के आगे चलकर मंडी को स्वर्गमय बना दिया। इसके पश्चात श्रीराज माधवराय की कुर्सी और तत्पश्चात पालकी में श्रीराज माधवराय ने जलेब में भाग लेते हुए पड्डल मैदान की ओर रुख किया। पड्डल में देवता अस्थायी शिविर में विराजमान हुए, जहां कुछ समय श्रद्धालुओं को दर्शन के पश्चात वापस अपने मंदिर में लौट आए। जलेब में रंग-बिरंगे परिधानों में नृत्य करती संगीत सदन की नृत्यांगनाएं, भाषा एवं संस्कृति विभाग के कलाकार शामिल रहे।



देवी-देवता के बजंतरी रणसिंघा और करनाल बजाते हुए।

# तीन बार टूटी जलेब, लोगों ने की प्रशासन से मांग, दोबारा न हो ऐसा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**अंतरराष्ट्रीय** शिवरात्रि महोत्सव की श्री राज माधव राय मंदिर व उपायुक्त कार्यालय से पड्डल मैदान के लिए निकलने वाली शोभायात्रा जिसे स्थानीय बोली में जलेब बोलते हैं, वह तीन बार टूटी। गौर हो कि जलेब का टूटना ठीक नहीं माना जाता है, लोगों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि इसकी पुनरावृत्ति न हो और पुख्ता प्रबंध किए जाएं। लोगों ने सर्व देवता कमेटी से मांग की कि परंपराओं को टूटने न दिया जाए।

बता दें कि श्री राज माधव राय की अगुआई में देवी-देवताओं व देवलुओं, मुख्यमंत्री व गणमान्य व्यक्तियों की शोभायात्रा शहर से गुजरते हुए पड्डल मैदान में पहुंची। इसमें पुलिस, होमगार्ड, कलाकार, नर्तक व स्कूली बच्चे शामिल रहे। रास्ते में इस पूरी यात्रा के दौरान तीन बार बिखराव आया। हालांकि, थोड़ी-थोड़ी देर के बाद इस फासले को पाट लिया गया।

**मंडी महाशिवरात्रि महोत्सव की झलकियां**

### समर्थक लगा रहे थे राजनीतिक नारे

शोभायात्रा के दौरान हालांकि मुख्यमंत्री व अन्य वीआईपी जीप पर सवार होकर शामिल थे, लेकिन उनके समर्थक व कांग्रेस कार्यकर्ता पैदल चलते हुए उनके समर्थन में राजनीतिक नारेबाजी नारे कर रहे थे। बीजेपी विधायक अनिल शर्मा के पुत्र आश्रय शर्मा के पक्ष में भी नारेबाजी होती रही।

### जीप में सवार हो शोभायात्रा में शामिल हुए सीएम

**गत** वर्ष शिवरात्रि महोत्सव की शोभायात्रा के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू पैदल चले थे, लेकिन इस बार खुली जीप में सवार होकर शिरकत की। इनके साथ स्थानीय भाजपा विधायक अनिल शर्मा भी जीप पर सवार होकर लोगों का अभिवादन लेते रहे। पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर व उनकी बेटी चंपा ठाकुर भी मौजूद रही।

## न्यूज ब्रीफ

### रोपा वैली में 10 दिन से ब्लैक आउट

**रिकांगपिओ।** पिछले 10 दिनों से रोपा वैली अंधेरे में डूबी है। बिजली और मोबाइल नेटवर्क न होने के चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भारी बर्फबारी से यहां काफी नुकसान हुआ है। सुन्नम पंचायत के उपप्रधान जीता नेगी ने कहा कि भारी बर्फबारी के चलते बहुत सारे सेब के पेड़ों की टहनियां टूट गई हैं। उन्होंने कहा कि जिन बागवानों का नुकसान हुआ है, उन्हें मुआवजा दिया जाए। नेगी ने कहा कि बर्फबारी के लगभग 10 दिनों के बाद भी प्रशासन बिजली और मोबाइल नेटवर्क बहाल करने में नाकामयाब है। रोपा वैली में बिजली बोर्ड में कर्मचारियों की भारी किल्लत है। उन्होंने कहा कि वैली में बिजली बहाल करने का कार्य ठेकेदारों को दिया जाता है कभी ठेकेदारों के पास मजदूर उपलब्ध नहीं होता तो कई बार मजदूर किसी और जगह कार्यरत होने के चलते कार्य समय पर नहीं हो पाता है। इसके साथ संचार व्यवस्था भी ठीक नहीं है। अभी तो बर्फबारी हुई है, लेकिन सामान्य समय पर भी सिग्नल का जाना आम बात है। इसलिए सरकार और विभागों से गुजारिश है कि जल्द से जल्द बिजली और मोबाइल सिग्नल बहाल किया जाए।

### फिटनेस रन में शिखा शर्मा ने मारी बाजी



भरेच गांव में खंड स्तरीय नारी शक्ति कार्यक्रम में भाग लेती महिलाएं व ग्रामीण।

**रोहड़ू।** नेहरू युवा केंद्र शिमला, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मार्च 2024 को खंड स्तरीय नारी शक्ति फिटनेस रन कार्यक्रम को ग्राम पंचायत घुंडा भरेच के गांव भरेच में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का विषय विकसित भारत 2047 में महिलाओं की भागीदारी था। नेहरू युवा केंद्र शिमला द्वारा इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर देवेंद्र शर्मा मौजूद रहे। सुरेंद्र शर्मा व संदीप शर्मा ने युवाओं एवं महिलाओं को कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया एवं फिटनेस के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां जैसे समूहनृत्य, दौड़, म्यूजिकल कुर्सी, नाटी द्वारा उपस्थित जनसमूह का मनोरंजन किया। फिटनेस रन में शिखा शर्मा ने पहला, अनु शर्मा ने दूसरा, वीना शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मुख्यातिथि ने विजेताओं एवं प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत घुंडा भरेच के वार्ड सदस्य प्रदीप शर्मा, केवल राम शर्मा, महेंद्र शर्मा, गोपाल शर्मा, तनुजा शर्मा, सुरेश शर्मा, रौनी शर्मा, युवा स्वयंसेवी निखिल शर्मा आदि मौजूद रहे।

### रोजगार कार्यालय शिमला में इंटरव्यू कल

**शिमला।** रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं को नौकरी का अच्छा मौका है। क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय शिमला में 11 मार्च को विभिन्न 35 पदों के लिए साक्षात्कार लिए जाएंगे। क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी शिमला सीमा गुप्ता ने बताया कि 11 मार्च को रोजगार कार्यालय में कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। कोडरूटज खलीनी शिमला में कस्टमर केयर के दस पद तथा एजुकेशनल काउंसलर के 25 पद निकाले गए हैं।




इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता किसी भी स्ट्रीम में न्यूनतम स्नातक होनी चाहिए और 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग के युवा इसमें भाग ले सकेंगे। इच्छुक उम्मीदवार, जो इस पद से संबंधित योग्यता रखते हों, वे इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदक आवेदिका का नाम रोजगार कार्यालय में ऑनलाइन पंजीकृत होना अनिवार्य है, जो संबंधित साइट eemis-hp-nic-in में घर बैठे कर सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों व रिज्यूम सहित क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय, यूएस क्लब शिमला में 11 मार्च को प्रातः 10.30 बजे पहुंच जाएं।

### बयानबाजी पर घेरे चौपाल के विधायक बलवीर

**नेरवा-चौपाल।** नेरवा में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा की घोषणाओं को भाजपा की घोषणाएं बताने के बयान पर किमटा ने चौपाल के विधायक बलवीर सिंह वर्मा पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने नेरवा में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर विधायक से सवाल किया है कि वह बताएं कि भाजपा ने कौन से मल्टी स्टोरी बस स्टैंड, नेरवा में दस करोड़ की लागत से बनने वाले स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, नेरवा और कुपवी में मिनी सचिवालय या फिर नेरवा में अग्निशमन केंद्र खोलने की घोषणाएं की थीं, जबकि उन्होंने तो सारी हदें पार करते हुए नेरवा अस्पताल का झूठा उद्घाटन तक करवा कर यहां की जनता को ठगने का प्रयास किया है। उधर, इसके विपरीत मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने नेरवा दौरे में जनता की वह आठ महत्वपूर्ण मांगें पूरी की हैं, जिनकी जनता पिछले कई सालों से मांग कर रही थी। उन्होंने कहा कि नेरवा पूरे चौपाल विधानसभा क्षेत्र का केंद्र बिंदु ही नहीं दिल भी है। यदि दिल मजबूत होगा तो शरीर के पूरे अंग भी मजबूत होंगे।

### भाजपा के राज में ठप था रोहड़ू का विकास: हैप्पी

**रोहड़ू।** मुख्य संसदीय सचिव व विधायक मोहन लाल ब्राक्टा को लेकर भाजपा मंडल रोहड़ू के अध्यक्ष की बयानबाजी का कांग्रेस मंडल रोहड़ू ने खंडन किया है। कांग्रेस मंडल रोहड़ू के मीडिया प्रभारी हैप्पी वनित मेहता ने भाजपा मंडल अध्यक्ष के बयान को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल ब्राक्टा रोहड़ू की कोई सुध नहीं ले रहे हैं, वाला बयान निराधार है। उन्होंने बताया कि पिछले 14 महीने के कार्य काल में मुख्य संसदीय सचिव लगातार रोहड़ू के लोगों के बीच रहे हैं, जबकि पिछले पांच साल में भाजपा के कार्यकाल में रोहड़ू में विकास कार्य पूरी तरह से ठप पड़े हुए थे। पांच साल में भाजपा के कार्यकाल में एक भी विकास कार्य पूरा करने में भाजपा नाकाम रही थी। वहीं, कांग्रेस के इस 14 महीने के कार्य काल में विकास कार्य को गति देते हुए दर्जनों सड़कों सहित अन्य कार्य प्रगति पर चल रहे हैं।

---

केरल के वायनाड में छात्र की हत्या के खिलाफ किया धरना-प्रदर्शन

# शिमला में एबीवीपी का हल्ला बोल



शिमला में प्रदेश विश्वविद्यालय में केरल के वायनाड में छात्र के साथ रैगिंग के विरोध में प्रदर्शन करते एबीवीपी के कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

एबीवीपी हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई ने केरल के वायनाड में द्वितीय वर्ष के पशु चिकित्सा छात्र सिद्धार्थ की भयानक रैगिंग, यातना व हत्या के विरोध में शनिवार को धरना-प्रदर्शन किया गया। इकाई अध्यक्ष गौरव कुमार ने कहा है कि वामपंथियों को पूरे देश में बैन कर देना चाहिए।

जहां भी वामपंथ बचे हैं, वहां यह ऐसी आपराधिक घटनाओं का अंजाम देते रहते हैं। वामपंथियों के लिए कोई नई बात नहीं है। अपने रक्त रंजित इतिहास को दोहराते हुए भय की संस्कृति को उजागर करना, शिक्षा की पवित्रता को धूमिल करना, छात्रों की सुरक्षा को खतरे में डालना यह सब काम वामपंथियों के हैं। छात्र समुदाय भी इनका बहिष्कार कर चुका है। एसएफआई ने उस छात्र की हत्या की है। शिक्षा के मंदिर को दूषित करने का काम कम्युनिस्ट करते आए हैं। 18 दिन से अधिक हो गए हैं और अभी तक केरल पुलिस ने कोई उचित जांच नहीं की है। वामपंथी सरकार दोषियों को बचाने की कोशिश कर रही है। केरल सरकार उन दोषियों को संरक्षण दे रही है। एबीवीपी की मांग है कि एसएफआई को बैन किया जाए। सिद्धार्थ के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।



सीबीएसई की जमा दो की परीक्षाएं इन दिनों चल रही हैं। इस दौरान शिमला में गणित की परीक्षा देकर लौट रहे छात्र चर्चा करते हुए।

# जनता के हवाले 1.67 करोड़ की उठाऊ पेयजल योजना

## शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बरथाटा में किया लोकार्पण, धानसर में सामुदायिक भवन की आधारशिला भी रखी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, रोहड़ू**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर शनिवार को जुब्बल नावर कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जुब्बल क्षेत्र के प्रवास पर रहे, जहां उन्होंने ग्राम पंचायत बरथाटा में एक करोड़ 67 लाख रुपए की लागत से निर्मित उठाऊ पेयजल आपूर्ति योजना का लोकार्पण किया। इस परियोजना से ग्राम पंचायत बरथाटा और बढाल के नागरिक लाभान्वित होंगे।

बरथाटा पंचायत के भवन में आयोजित एक समारोह में शिक्षा मंत्री ने स्थानीय लोगों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कहा कि बरथाटा से उनका एक पारिवारिक संबंध है, क्योंकि यह गांव हिमाचल के महान नेता स्वर्गीय ठाकुर रामलाल की जन्मस्थली है, जिन्होंने अनेक बार इस प्रदेश का नेतृत्व किया है। उन्होंने यह भी बताया कि जुब्बल कोटखाई नावर विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान प्रदेश सरकार अभूतपूर्व विकास कर रही है। इसी कड़ी में आज इस उठाऊ आपूर्ति पेयजल योजना का लोकार्पण किया गया है और आने वाले समय में भी इस क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र कि आर्थिकी मुख्य रूप से सेब की बागवानी पर निर्भर करती है, इसलिए यह अति आवश्यक है कि इस सेब बाहुल क्षेत्र में अधिक से अधिक सड़कें हों, जिससे लोगों की फसल समय पर बाजार तक पहुंच सके। इसी दिशा में वर्तमान समय में क्षेत्र में 250 करोड़ की परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत इस समय सर्वाधिक सड़कों की स्वीकृति इस विधानसभा क्षेत्र को मिली है और क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछ रहा है। इसके बाद शिक्षा मंत्री जुब्बल की उत्तराखंड के साथ लगती अंतिम एवं दूर दराज पंचायत झालटा के धानसर गांव पहुंचे, जहां उन्होंने लगभग 30 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन की आधारशिला रखी। ग्राम पंचायत झालटा के धानसर गांव में आयोजित एक समारोह में शिक्षा मंत्री ने बताया की सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए दस लाख रुपए की पहली किश्त की घोषणा कर दी गई है और बहुत जल्दी इस कार्य को पूर्ण कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस पूरे क्षेत्र में बहुत से विकास कार्य प्रगति पर हैं, जिसमें झालटा से बौली धार तथा खरशाल संपर्क मार्ग की मेटलिंग एवं टारिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके अतिरिक्त, क्वालटा खड्ड पर एक करोड़ 59 लाख रुपए की लागत से एक पुल निर्माणाधीन है। साथ ही सावड़ा से झड़ाशली और झगटान से गोलचु सड़के भी निर्माणाधीन है, जिसका निर्माण कार्य शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा।




1.67 करोड़ की उठाऊ पेयजल योजना का उद्घाटन करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

**इन्होंने भरी हाजिरी**

**इस** अवसर पर कांग्रेस मंडल अध्यक्ष मोती लाल डेरटा, कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, स्थानीय पंचायत एवं साथ लगती पंचायतों के जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



गेयटी थियेटर के टेवरन हॉल में चित्रकला प्रदर्शनी के दौरान अपने चित्रों के बारे में जानकारी देते चित्रकार।

# सफाई कर्मचारियों के लिए हर वार्ड में बनेगा चेंजिंग रूम

## महापौर सुरेंद्र चौहान बोले- शिमला शहर के विकास के लिए किया जा रहा काम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला शहर विकास के लिए नगर निगम कार्य कर रही है। वहीं, शहर में सफाई कर्मियों की सहूलियत के लिए एमसी द्वारा सभी वार्डों में चेंजिंग रूम बनाए जाएंगे। इससे सफाई कर्मियों का लाभ पहुंचेगा। सफाई कर्मी इसमें अपना सामान रख सकते हैं। शहर में इन्हें सामान और कपड़ों को रखने में परेशानी आती है। इसके लिए नगर निगम ने बजट में प्रावधान किया कि शहर के सभी वार्डों में चेंजिंग रूम बनाए जाएं। इस रूम में सफाई कर्मचारी बारिश या किसी अन्य परिस्थिति के दौरान विश्राम कर सकते हैं। यहां कर्मचारियों के लिए कैरम बोर्ड या अन्य इंडोर गेम्स की सुविधा भी की जाएंगी।



वीरवार को निगम आपके द्वार मुहिम के तहत महापौर ने तीन वार्डों का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में महापौर ने मल्याना, बैनमोर और छोटा शिमला में सफाई कर्मियों के लिए चेंजिंग रूम बनाने के निर्देश दिए। वार्डों के सौंदर्यीकरण के लिए भी नगर निगम काम करेगा, इसके लिए वार्ड पार्षदों से सुझाव लिए जाएंगे।

> **हर** वार्ड में सफाई कर्मियों के लिए चेंजिंग रूम बनाए जाएंगे। इसके लिए बजट में प्रावधान किया गया है।
>
> **सुरेंद्र चौहान, महापौर नगर निगम शिमला।**

**बालूगंज में बनाया जाएगा चार्जिंग स्टेशन**

**नगर** निगम द्वारा बालूगंज में चार्जिंग स्टेशन बनाया जाएगा। इससे शहरवासियों को काफी लाभ पहुंचेगा। यहां पर 15 मिनट में गाड़ी चार्ज हो सकेगी। इसे बनाने के लिए एक करोड़ 28 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। वहीं, बैठक में फैसला लिया गया कि शहर में हिमालयन ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट खोल जाएगा।

### जगह-जगह लगे भंडारे

**शिमला।** शिवरात्रि के दूसरे दिन शहर के मंदिरों में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। राधा-कृष्ण मंदिर में अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद खाया। वहीं बाजार में भी लोगों ने अपनी श्रद्धा अनुसार जूस और भंडारे का आयोजन किया था। इस दौरान सड़क किनारे टेबल लगाकर गाजर का हलवा व खीर लोगों को खिलाई गई।

### घनाहट्टी ने 56 रन से जीता मैच

**शिमला।** राजधानी शिमला के शिमला ग्रामीण क्षेत्र शकराह पंचायत में देवभूमि क्रिकेट क्लब शकराह द्वारा पंचायत स्तर के 10-10 ओवर का फाइनल मैच घनाहट्टी और गलोट पंचायत के बीच खेला गया। इसमे घनाहट्टी के खिलाड़ियों ने 56 रन से मैच जीता। विजेता टीम को सम्मानित किया गया। घनाहट्टी पंचायत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। घनाहट्टी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 99 रन का विशाल स्कोर बनाया। गलोट पंचायत की टीम केवल 46 रन ही बना पाई। घनाहट्टी के खिलाड़ियों ने ट्रॉफी अपने नाम की। आयोजन के मुख्यातिथि बीडीसी सदस्य प्रेम लाल शर्मा व बलवंत कंवर विशेष रूप से उपस्थित रहे। विजेता टीम को 31 हजार रुपए और ट्रॉफी के साथ सम्मानित किया। उपविजेता टीम को 15 हजार और ट्रॉफी के साथ नवाजा गया।



विजेताओं को सम्मानित करते आयोजक

# अगली कैबिनेट तक जारी रहेगा जेओएआईटी अभ्यर्थियों का अनशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

कैबिनेट सब कमेटी के निर्णय के बाद शिमला के चौड़ा मैदान पर धरने पर बैठे विभिन्न पोस्ट कोड अभ्यर्थियों ने सरकार के फैसले का धन्यवाद किया है। लंबित भर्ती के परिणाम घोषित करने की मांग को लेकर 30 दिनों से क्रमिक अनशन पर डटे जेओए (आईटी) पोस्ट कोड 817 और ड्राइंग मास्टर पोस्ट कोड 980, पोस्ट कोड 939 को कैबिनेट सब कमेटी की पहली बैठक के बाद सामने आए सकारात्मक प्रयासों से जल्द परिणाम के घोषित होने की उम्मीद जगी है।

इसलिए अभ्यर्थी क्रमिक अनशन को मंत्रिमंडल की अगली बैठक तक जारी रखेंगे। साथ ही उनका कहना है कि लोकसभा चुनाव की घोषणा और आदर्श चुनाव आचार संहिता के लागू होने से पहले फैसला लिया जाए। जेओए आईटी पोस्ट कोड 817 के अभ्यर्थी सौरव शर्मा व लवनीश वर्मा ने कहा कि कैबिनेट सब कमेटी के फैसले से उम्मीद की लौ जगी है और सभी अभ्यर्थी सरकार का धन्यवाद करते हैं।

**सरकार से बहुत उम्मीदें**

**पोस्ट** कोड 939 के अभ्यर्थी संदीप ने कहा कि उन्हें सरकार से बहुत उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें दो वर्ष हो गए हैं 24 अप्रैल 2022 को परीक्षा दी थी, उसके बाद डॉक्यूमेंटेशन भी पूरी हो गई है। सरकार ने जैसे 817 पर फैसला लिया, वैसे ही हमारा भी फैसला जल्द किया जाए।

**अनंत ज्ञान**

**अनुभवी स्टाफ चाहिए**

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

प्रूफ रीडर, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर एवं उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

**डिजिटल मीडिया**

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

**सर्कुलेशन विभाग**

अनंत ज्ञान अखबार को प्रचार और प्रसार के लिए कुशल और अनुभवी सर्कुलेशन एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

# शिमला जिले में 23 मार्च तक मनाया जाएगा पोषण पखवाड़ा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जिला शिमला में नौ से 23 मार्च तक पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस कड़ी में जिला शिमला में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने बताया कि कि पोषण अभियान समग्र तरीके से पोषण संबंधी परिणामों में सुधार करने का प्रयास है।

अभियान के वांछित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन एक महत्वपूर्ण घटक है। यह पोषण 2.0 के साथ जारी है, जो एक एकीकृत पोषण सहायता कार्यक्रम है, जिसमें आंगनवाड़ी सेवाएं, किशोर लड़कियों के लिए योजना और पोषण अभियान शामिल हैं। पोषण अभियान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मार्च, 2018 से सभी हितधारकों के साथ मिलकर पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। पोषण पखवाड़ा 2024 की योजना विभिन्न थीम पर बनाई गई हैं, जिसमें पोषण भी पढ़ाई भी (पीबीपीबी), जो कि एक अग्रणी ईसीसीई कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भारत में दुनिया का सबसे बड़ा, सार्वभौमिक, उच्च गुणवत्ता वाला प्री-स्कूल नेटवर्क है। इसके अतिरिक्त, पारंपरिक और स्थानीय आहार प्रथाओं के तहत पोषण के प्रति संवेदनशीलता पर ध्यान केंद्रित करना और गर्भवती महिलाओं व शिशु और छोटे बच्चों को दूध पिलाने की व इष्टम आहार प्रथाओं को बढ़ावा देना भी इस बर्ष के मुख्य थीम है। इन विषयों के अलावा, विभागों को अतिरिक्त क्षेत्रों पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं, जहां विभाग पोषण में सुधार के लिए मिशन लाइफ जैसे महत्वपूर्ण अभियानों का सक्रिय रूप से समर्थन करना, जो अभी भी जारी है। जिला में जन आंदोलन पर गतिविधियों को नियमित ऑनलाइन अपडेट भी किया जाएगा।

**हालात** विभाग ने की मॉकड्रिल, सीटीओ से शेर-ए-पंजाब तक पहुंचने के लिए लग गए 12 मिनट

# लोअर बाजार की तारों में फंसी फायर ब्रिगेड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में शनिवार को अग्निशमन विभाग द्वारा मॉकड्रिल की गई। यह दोपहर 12 बजे के बाद सीटीओ के पास से शुरू हुई। शहर के बाजारों में तारों का ऐसा जंजाल है कि दमकल का वाहन लोअर बाजार के बीच में तारों व दुकान के छज्जे में फंस गया। अग्निशमन का वाहन बाजार में एक दो जगहों पर तारों के जंजाल में फंस गया था। यह पहली बार नहीं हुआ, इससे पहले भी दमकल विभाग का वाहन कई बार यहां फंस चुका है।

ऐसे में दुकानदार ने दुकान के छज्जे को निकाल दिया था। इसके बाद अग्निशमन के वाहन को लोअर बाजार से निकालने की कोशिश की गई। लोगों ने जगह-जगह पर सामान सजा रखा था, जिस कारण अग्निशमन विभाग के वाहन को सीटीओ से शेर-ए-पंजाब तक पहुंचाने में साढ़े 12 मिनट लगे। इस दौरान मौके पर अग्निशमन विभाग के स्टेशनर इंचार्ज भी मौजूद रहे।

**जल्द अंडरग्राउंड की जाएंगी तारें**

127 करोड़ की लागत से शहर की तारों को अंडरग्राउंड कर दिया जाएगा। यह कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाना है। बता दें कि साल 2019 में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत हाइटेंशन लाइन को अंडर ग्राउंड करने के लिए प्रोजेक्ट तैयार किया गया था। उसी साल इस प्रोजेक्ट को मंजूरी भी मिल चुकी थी, लेकिन करोड़ों की लागत से शुरू होने वाले इस काम के लिए मंजूरी के बाद भी पैसा जारी नहीं हुआ। लिहाजा यह योजना ठंडे बस्ते में चली गई। वहीं, बीते साल प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने मामले में गंभीरता दिखाते हुए मार्च महीने में जल्द से जल्द डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए थे, जिसकी तैयारियों में अधिकारी जुटे भी थे, लेकिन इसके बाद अभी तक अधिकारी कागजी कार्रवाई में उलझे हुए हैं। नतीजा अभी तक काम शुरू नहीं हुआ।

> **शनिवार** को अग्निशमन विभाग द्वारा मॉकड्रिल करवाई गई। वाहन को सीटीओ से शेर-ए-पंजाब तक पहुंचाने में साढ़े 12 मिनट का समय लगा। इस दौरान बाजार में एक दो जगहों पर तारों व दुकानों के छज्जों में वाहन फंस गया था।
>
> **मनसा राम, फायर स्टेशन ऑफिसर।**

**127 करोड़ का एस्टीमेट, कहां से आएगा पैसा**

**स्मार्ट** सिटी के तहत इस प्रोजेक्ट पर काम होना था, लेकिन बजट न मिलने से यह काम नहीं हो पाया। उस समय प्रदेश में बीजेपी सरकार थी। निगम ने अलग से बजट लेने की बात कर अपना कार्यकाल पूरा किया। इसके बाद कांग्रेस सरकार ने भी तारों के मामले को गंभीरता से लेते हुए पहले चरण में 25 करोड़ का एस्टीमेट तैयार किया, लेकिन अधिकारी अभी तक कागजी प्रक्रिया में अटके हैं। अब दो दिन पहले ही नगर निगम ने अपने मासिक हाउस में पूरे शहर में तारों के जंजाल से मुक्ति दिलाने के लिए 127 करोड़ का एस्टीमेट तैयार किया है, लेकिन यह पैसा कहां से आएगा निगम को भी मालूम नहीं है। इस निर्माण कार्य को करने के लिए प्रदेश सरकार से मदद ली जाएगी, यानी योजना की फाइल अब निगम के दफ्तर से सचिवालय के टेबलों पर धूल फांकती रहेगी।

**लोअर बाजार से लेकर वीआईपी रोड तक हर जगह लटकी तारें**

**फर्स्ट** फेज में छोटा शिमला से सीटीओ तक 25 करोड़ की लागत से लोक निर्माण विभाग द्वारा बिजली की तारों को अंडरग्राउंड किया जाना था और बीते साल नवंबर तक यह प्रोजेक्ट कंप्लीट होना था। स्मार्ट सिटी बन रहे शिमला की हालत अभी ऐसी है कि लोअर बाजार से लेकर वीआईपी रोड हर जगह तारें लटकी हुई हैं। हल्की बारिश के बाद यह तारें आपस में टकरा जाती हैं, जिस वजह से पावर कट का सामना करना पड़ता है।

# सीएम के उद्घाटन से पहले ही विवादों में वेंडर मार्केट

## नगर निगम की मेयर को नहीं मिला निमंत्रण, वेंडर मार्केट में बिजली के मीटर लगने बाकी

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन के सहयोग से करीब 1 करोड़ 10 लाख की लागत से सपरून में बनी वेंडर मार्केट मुख्यमंत्री के उद्घाटन से पहले ही विवादों में आ गई। दरअसल नगर निगम ने अपने स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करवाकर वेंडर मार्केट में तैयार हो रही 54 दुकानों की चाबियों को मुख्यमंत्री के हाथों रेहड़ी धारकों को दिलवाने का अभी प्लान बनाया था कि स्थानीय विधायक व मंत्री ने मुख्यमंत्री की सोलन में रविवार को होने वाली जनसभा स्थल में ही सभी विकास कार्यों के उद्घाटन करवाने का निर्णय लिया है। इससे नगर निगम और स्थानीय विधायक के बीच चल रही तलखी बढ़ गई।

इतना ही नहीं नगर निगम की मेयर उषा शर्मा को आधिकारिक तौर पर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का निमंत्रण भी नहीं मिला है। बताया यह भी जा रहा है कि वेंडर मार्केट की उद्घाटन पट्टिका से मेयर का नाम भी गायब है। बता दें कि नगर निगम के मेयर चुनाव में कांग्रेस के एक धड़े ने पार्टी के प्रत्याशी का समर्थन नहीं दिया। बागी पार्षदों को भाजपा का समर्थन मिलने से कांग्रेस का हार का सामना करना पड़ा था, तभी से विधायक कर्नल धनीराम शांडिल नाराज चल रहे हैं।



सोलन के सपरून में बनी वेंडर मार्केट।

"मुख्यमंत्री वेंडर मार्केट का उद्घाटन कर सकते हैं पर यदि चुनाव आचार संहिता से दुकानों का कब्ज़ा नहीं मिला तो रेहड़ी चालकों को फिर से लंबा इंतज़ार करना पड़ेगा। अभी दुकानों में बिजली के मीटर लगने बाकी है।

**-महिताप सिंह, प्रधान, मां शूलिनी रेहड़ी-फड़ी विकास समिति सोलन**

"वेंडर मार्केट के उद्घाटन की आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है। नगर निगम अपने स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर मुख्यमंत्री से पार्किंग का शिलान्यास और वेंडर मार्केट की चाबियां लाभार्थियों को सौंपना चाहता था। पर उन्हें वेंडर मार्केट के उद्घाटन की जानकारी नहीं दी गई।

**-उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

**दुकानों को शुरू करने में लग सकता है वक्त :** बेशक मुख्यमंत्री वेंडर मार्केट का उद्घाटन कर देंगे, लेकिन इसमें बनी दुकानों को चालू होने में अभी वक्त लग सकता है। वेंडर मार्केट में अभी बिजली के कनेक्शन लगने बाकी हैं। निगम की तरफ से रेहड़ी चालकों को बूथ नंबर आवंटित हुए हैं, जबकि कब्जा नहीं मिला है। ऐसे में दुकानें अलॉट हो जाने के बाद भी रेहड़ी धारक अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

ज्ञात रहे कि बीते दिसंबर माह में वेंडर मार्केट में बनी 54 दुकानों को रेहड़ी धारकों को आवंटित किया गया था। इससे रेहड़ी धारकों को उम्मीद जगी थी उन्हें जल्द एक स्थायी छत्त मिल जाएगी, जहां से वह अपना कार्य शुरू कर सकेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए आनन-फानन में वेंडर मार्केट का कार्य पूरा किया जा रहा है।

### 8 वर्ष से लंबित है मार्केट का कार्य

**वर्ष** 2017 में तत्कालीन नगर परिषद सोलन के समय वर्ष 2017 में इस भवन का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। करीब 1.50 करोड़ रुपए की लागत से बनी इस वेंडर मार्केट में 54 दुकानें लाइसेंसशुदा रेहड़ी धारकों के लिए बनाई गई थी। भवन का कार्य वर्ष 2018 में पूरा भी हो गया था। हालांकि शहरी विकास विभाग के नाम जमीन न होने का खुलासा होते ही इसे आवंटित नहीं किया जा सका था और मजबूरन रेहड़ी धारकों को सड़क किनारे रेहड़ी लगाने के लिए विवश होना पड़ रहा था। पूर्व सरकार के समय वर्ष 2020 में नगर परिषद सोलन को नगर निगम का दर्जा दे दिया गया और अप्रैल 2021 में नई नगर निगम का गठन होने के बाद जमीन को ट्रांसफर किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। तत्कालीन एडीसी जफर इकबाल ने बतौर कार्यकारी नगर निगम आयुक्त रहते हुए सरकार को इस जमीन को ट्रांसफर करने का प्रस्ताव भेजा था, जिस पर कार्रवाई करते हुए सरकार ने प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी थी।

### शहर को वेंडर फ्री बनाना सबसे बड़ी चुनौती

**नगर** निगम सोलन के लिए शहर को वेंडर फ्री बनाना सबसे बड़ी चुनौती है। करीब अढ़ाई वर्ष पूर्व सपरून में फोरलेन निर्माण के चलते रेहड़ी-फड़ी वालों को हटाया गया था। इनमें से लाइसेंस धारकों को वेंडर मार्केट में बसाने की योजना थी। हालांकि फोरलेन के बनते ही सपरून में एक के बाद एक रेहड़ी और ढारे एनएच के किनारे बनते गए, लेकिन न तो निगम और न ही प्रशासन ने इस ओर गौर किया।

# पार्षद और समाजसेवी कुलभूषण गुप्ता के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन शहर के जाने-माने समाजसेवी एवं भूषण ज्वेलर्स के संस्थापक और नगर निगम सोलन के पार्षद कुलभूषण गुप्ता का शुक्रवार को हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। उनके निधन पर चूड़ेश्वर सेवा समिति की केंद्रीय इकाई और सिरमौर कल्याण मंच सोलन ने शोक व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।



चूड़ेश्वर सेवा समिति की केंद्रीय कार्यकारिणी के अध्यक्ष बीएम नंटा, नारायण सिंह चौहान, रमेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष बलदेव चौहान, पदम पुंडीर, डॉ. एसएल वर्मा, डॉ. रामगोपाल शर्मा, नरेंद्र चौहान, संतोष शर्मा, अजय शर्मा, संजय चौहान, देवेंद्र शर्मा, सुभाष अत्रि समेत सभी सदस्यों ने उनके देहावसान पर शोक जताया।

बीएम नंटा ने कहा कि कुलभूषण गुप्ता चूड़ेश्वर सेवा समिति के साथ पिछले दो दशक से भी अधिक समय तक जुड़े रहे। प्रतिवर्ष समिति के लिए उनके द्वारा छपवाए जाने वाले कैलेंडर का पूरे क्षेत्र की जनता को बेसब्री से इंतजार रहता है। उनके इस निस्वार्थ सहयोग एवं योगदान को समिति हमेशा याद रखेगी।

सिरमौर कल्याण मंच सोलन के प्रधान प्रदीप ममगाई, महासचिव यशपाल कपूर, सत्यपाल ठाकुर, डॉ. डीपी शर्मा, गगन चौहान, जोगिंद्र चौहान, अशोक चौहान, यशपाल शर्मा, डॉ. डीपी शर्मा, वीरेंद्र कंवर, अजय कंवर, राजेंद्र शर्मा, एसपी शर्मा, शमशेर ठाकुर, जोगिंद्र हाब्बी, डॉ. एसएस परमार, डॉ. लोकेश ममगाई, महेंद्र गौतम, दर्शन सिंह पुंडीर, हरिंद्र सिंह, वरुण चौहान, गोपाल शर्मा, एसआर वर्मा, मनोज पुंडीर, मोहन लाल, नवीन निश्चल शर्मा, टीआर राणा, विपुल कश्यप, उमेश कमल, योगराज, सुखदर्शन ठाकुर, संजीव अवस्थी, जय ठाकुर, जयचंद शर्मा, कमल शर्मा, एलआर दहिया, रामदयाल चौहान, जयप्रकाश चौहान, रमेश मेहता, अनुप शर्मा समेत सभी सदस्यों गुप्ता ने निधन पर शोक जाताया और कामना की कि उनके पूरे परिवार को इस अपार पीड़ा को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# सोलन के यादविंद्र और अजय कुमार की जोड़ी ने जीता कांस्य

## चंडीगढ़ में ऑल इंडिया बैडमिंटन चैंपियनशिप आयोजित



ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज बैडमिंटन चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

**चंडीगढ़** में ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस चैंपियनशिप में 45+ वर्ग के डबल मे सोलन जिला बैडमिंटन संघ के सचिव यादविंद्र सेन और अजय कुमार की जोड़ी ने उत्तर प्रदेश की जोड़ी अनुराग शर्मा व शैलेन्द्र को 21-15, 25-23 से हराकर पहली मर्तबा हिमाचल के लिए कांस्य पदक जीता। इससे जिला सोलन का ही नहीं बल्कि प्रदेश का नाम देश में हुआ।

जिला सोलन बैडमिंटन संघ के उपाध्यक्ष दीपक दत्ता ने बताया कि संघ के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। सोलन बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष विजय काचरू और सभी संघ के सदस्यों ने यादविंद्र सेन को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

# महिलाओं को ठगने की फिराक में सरकार : शर्मा

**नाहन।** सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने मुख्यमंत्री सुक्खू के उस बयान को प्रदेश की महिलाओं के साथ भद्दा मजाक बताया है, जिसमें उन्होंने फिर से महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए देने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने वर्ष 2024-25 के बजट में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए की अदायगी करने के लिए फूटी कौड़ी का भी बजट में प्रावधान नहीं किया है और बिना बजट के ही उन्हें फिर से ठगने की चेष्टा की जा रही है। उन्होंने कहा की उचित होता कि मुख्यमंत्री महिलाओं के लिए प्रतिमाह 1500 रुपए देने के वक्तव्य के साथ-साथ इसके लिए बजट में किए गए प्रावधान का खुलासा भी करते। उन्होंने मुख्यमंत्री के इस बयान को कोरी घोषणा और लोकसभा चुनाव आने पर महिलाओं के साथ फिर से छलावा है।

## मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज सोलन जिले के प्रवास पर

# सोलन, दून और अर्की क्षेत्र को देंगे करोड़ों की सौगात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 10 माच को सोलन जिले के प्रवास पर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री 10 मार्च को प्रात: 11 बजे चंबाघाट से 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र सायरी तथा लोक निर्माण विभाग के सायरी स्थित विश्रामगृह का लोकार्पण करेंगे।

सुखविंद्र सिंह सुक्खू महोग-मतिमू-बशील मार्ग को जनता को समर्पित करेंगे और पुलिस थाना सायरी का विधिवत शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री सोलन स्थित कृषि विभाग के उपनिदेशक के कार्यालय भवन एवं आवासीय परिसर, सोलन में जाइका के अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण केंद्र, सोलन स्थित राजस्व सदन, सोलन के सपरून स्थित स्ट्रीट वेंडर मार्केट तथा बद्दी स्थित औषधि परीक्षण प्रयोगशाला का लोकार्पण भी करेंगे। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ममलीग से कोट तक मार्ग के स्तरोन्यन, शारड़ाघाट से डबलोग तक मार्ग के स्तरोन्यन कार्य का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री वाकनाघाट से सुबाथू मार्ग, डुमैहर से गम्बर पुल, पौ घाट से पलाह मार्ग तथा टिक्की टनांजी मार्ग के कार्य की आधारशिला रखेंगे।



सुखविंद्र सिंह सुक्खू सोलन से धरजा मार्ग के स्तरोन्यन तथा चंबाघाट से सलुमणा मार्ग के स्तरोन्यन कार्य का शिलान्यास भी करेंगे। मुख्यमंत्री मालगा से कून समीप बलेनी खड्ड, मालगा से सैंज मार्ग, उपरला बडयोला से निचला बडयोला तक संपर्क मार्ग एवं लेहन कोटला से सुनु टिक्करी सेर चिराग संपर्क मार्ग तथा शमलेच-चिल्ला मार्ग के मेटलिंग एवं टारिंग कार्य की आधारशिला भी रखेंगे। सुखविंद्र सिंह सुक्खू प्रदेश लोक निर्माण विभाग के सोलन स्थित तृतीय वृत्त के अधीक्षण अभियंता कार्यालय भवन तथा राजकीय प्राथमिक पाठशाला भवन सलोगड़ा के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री तदोपरांत प्रात: 11.30 बजे पुराना बस अड्डा सोलन में एक विशाल जनसभा को संबोधित भी करेंगे। सुखविंद्र सिंह सुक्खू दोपहर 1.40 बजे बाघल लैंड लूजर परिवहन सहकारी सभा समिति दाड़लाघाट द्वारा आयोजित जातरा मेला में मुख्यातिथि होंगे।

मुख्यमंत्री शालाघाट-कोठी-कोलका-चमयावल मार्ग को चौड़ा करने एवं पक्का करने, पिपलूघाट-सरयांज मार्ग के स्तरोन्यन, अर्की से शालाघाट तक संपर्क मार्ग के स्तरोन्यन, अर्की-खरड़हट्टी मार्ग के स्तरोन्यन कार्य, गलोग-टुकाना (जोखाघाटी) मार्ग के स्तरोन्यन कार्य तथा कराड़ाघाट से बांवा मार्ग के स्तरोन्यन कार्य की आधारशिला रखेंगे। सीएम वेटरनरी मोड़-कोटला नुम्हाला-शिवनगर मार्ग का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री सरली में 33 केवी. विद्युत उपकेंद्र की आधारशिला रखेंगे तथा राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट के भवन का भूमि पूजन करेंगे। वह दाड़लाघाट में जलापूर्ति योजना के पुराने वितरण नेटवर्क के पुनरुद्धार कार्य का शिलान्यास करेंगे तथा अर्की शहर की शेष बस्तियों के लिए मल निकासी योजना की आधारशिला रखेंगे।

सुखविंद्र सिंह सुक्खू कंधर-समत्याड़ी मार्ग पर समत्याड़ी पुल जनता को सर्मपित करेंगे तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुंधन में विज्ञान प्रयोगशाला भवन का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री तदोपरांत एक विशाल जनसभा को संबोधित भी करेंगे तथा प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देंगे।

# ददाहू में पूजा अर्चना के बाद हवन यज्ञ का आयोजन

**रेणुका जी।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व के समापन पर बावड़ी शिव मंदिर ददाहू में शिवलिंग की पूजा अर्चना के बाद हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। पंडित मोहन शर्मा ने पूजा-अर्चना करवाई। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया ।

उधर, पुलिस थाना रेणुका में पिपलेश्वर महादेव मंदिर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। सत्यदेव सैनी ने बताया कि वशिष्ठ आश्रम बायरी में शिव पूजन के साथ-साथ भंडारे का आयोजन भी किया गया। गुरु गद्दी के संचालक दिनेश तास ने लोगों को शिवरात्रि का महत्व बताया। लोगों के दुख-दर्द को दूर करने के लिए लौंग इलाइची व जल भी अभिमंत्रित करके दिया गया।

# लोक अदालत में 8477 मामलों की सुनवाई

**सोलन।** जिला सोलन के सभी न्यायालयों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यवाहक अध्यक्ष एवं अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सोलन सपना पांडे ने की। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यवाहक सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी रमणीक शर्मा ने दी।

उन्होंने कहा कि आज सोलन जिला के नालागढ़, कसौली, अर्की, कंडाघाट तथा सोलन मुख्यालय में 12 लोक अदालत बैंच गठित की गईं। इनमें 3848 मामलों का निपटारा विभिन्न पक्षों की आपसी सहमति से किया गया। इन मामलों में कुल समझौता राशि 51,73,23,181 रुपए रही। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर कुल 8477 मामलों को सुनवाई के लिए पूर्व लोक अदालत बैठकों एवं लोक अदालत की विभिन्न बैंचों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इन मामलों में 7276 मोटर वाहन चालानों को भी विभिन्न बैंचों के समक्ष निपटारे के लिए प्रस्तुत किया गया। इनमें से 3115 मामलों का निपटारा किया गया। रमणीक शर्मा ने कहा कि मार्च माह में पूर्व लोक अदालतों की बैठक भी आयोजित की गई।

# लोकसभा चुनाव के लिए जुट जाएं भाजपा के कार्यकर्ता : कश्यप

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

भारतीय जनता पार्टी मंडल शिलाई में त्रिदेव सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन में विशेष रूप से शिमला लोकसभा सांसद सुरेश कश्यप, पूर्व विधायक बलदेव सिंह तोमर, जिला अध्यक्ष विनय कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष विनय कुमार गुप्ता ने सम्मेलन में त्रिदेव (बूथ अध्यक्ष, बूथ पालक, बीएलए) को आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आग्रह किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 400 पार न नारे में शिलाई विधानसभा चुनाव क्षेत्र भी अपना अहम भूमिका निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

पूर्व विधायक बलदेव सिंह तोमर ने अपने संबोधन में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि मंत्री हर्षवर्धन ने शिलाई में करीब 35 संस्थानों को बंद किया तथा क्षेत्र की जनता को अंधकार में धकेल दिया। तोमर ने कहा प्रदेश में सरकार बनकर एक साल से अधिक का समय हो गया है और कांग्रेस ने शिलाई विधानसभा क्षेत्र में एक भी कार्य नहीं किया है, जिससे क्षेत्र की जनता उसका लाभ उठा सके। तोमर ने कहा की अपने शिलाई क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से बढ़त हासिल होगी। तोमर ने कहा आने वाले समय में प्रदेश कांग्रेस सरकार जाने वाली है। शिलाई विधानसभा चुनाव क्षेत्र में फिर विकासात्मक कार्य शुरू किया जाएगा।




सम्मेलन में बोलते लोकसभा सांसद सुरेश कश्यप।

# शिक्षित महिला करती है समाज का उद्धार : सुरेंद्र

**रेणुका जी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एकेएम पब्लिक सीसे स्कूल ददाहू में आयोजित एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीसी सदस्य रमन ठाकुर व विशिष्ट अतिथि रवि मियां ने महिलाओं को सम्मानित करते हुए समाज में उनके योगदान की सराहना की। इस दौरान स्कूल प्रबंधन ने 51 महिलाओं को शाल देकर सम्मानित किया। स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार ने महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हर वर्ग में महिलाएं सर्वोपरि हैं। एक शिक्षित महिला पूरे समाज का उद्धार करती है। इस मौके पर महिला मंडल चूली व ददाहू की नीलम अग्रवाल, रेणु ठाकुर व रवि ठाकुर सहित अन्य शिक्षक व महिलाएं मौजूद रहीं।



एकेएम स्कूल में महिला को सम्मानित करते प्रिंसिपल।

# लोकतंत्र की मजबूती में महिलाओं का अहम योगदान : सुमित खिमटा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर के उपायुक्त सुमित खिमटा ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र की मजबूती में महिलाओं का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का महापर्व यानी लोकसभा चुनाव-2024 शीघ्र ही घोषित होने वाले हैं। लोकसभा चुनाव में हमारा प्रयास रहेगा कि सिरमौर जिले में जहां मतदान प्रतिशत में वृद्धि हो, वहीं पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी युवा मतदाता अपने मत का इस्तेमाल करें। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महिला शक्ति अहम भूमिका निभा सकती है।

डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ऐतिहासिक नाहन चौगान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव-2024 में न्यूनतम प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा है।

उपायुक्त ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास की बात करें तो अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पूर्ण रूप से एक नारी के संघर्ष की गाथा को प्रकट करता है। यह दिन यानी 8 मार्च हमेशा ही महिलाओं के संघर्ष की याद दिलाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को वर्ष 1977 में वार्षिक रूप से 8 मार्च को मनाने की मान्यता दी थी।

परियोजना अधिकारी डीआरडीए एवं नोडल ऑफिसर स्वीप अभिषेक मित्तल ने इस अवसर पर महिला दिवस के साथ ही लोकसभा निर्वाचन के संदर्भ में मतदाता जागरूकता के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।



नाहन में महिला दिवस पर सम्मानित महिलाएं।

# बरोटीवाला कॉलेज में प्रतियोगिता के विजेता छात्रों का किया सम्मान

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में रेड रिबन क्लब द्वारा तीन दिवसीय एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. अंजोरी शर्मा ने छात्रों को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक रहने के लिए कहा जिसके तहत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता और निबंध लेखन की प्रतियोगिताएं करवाई गई। कॉलेज की इस प्रतियोगिता में कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में साक्षी कुमारी ने पहला, पूजा ने दूसरा और माधुरी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

वहीं, निबंध लेखन प्रतियोगिता में रूपा कुमारी, कुमारी बबीता, शारदा कुमारी, नजमा, प्रिया व आशुतोष विजेता रहे। इस दौरान डॉ. अनुपमा पाठक, प्रो. कृष्णा प्रकाश, प्रो. पल्लवी चौहान व प्रो. शालिनी धर्माणी मौजूद रहे।



बरोटीवाला कॉलेज मे विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र अध्यापकों के साथ।

**आयोजन** | भद्रकाली क्रिकेट प्रतियोगिता में सैंज की टीम ने जीता 9 विकेट से मैच

# युवाओं को नशे से दूर रहने का किया आह्वान

**अनंत ज्ञान, अर्की**

उपमंडल की चंयावल पंचायत में शनिवार को चंयावल भद्रकाली क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर स्थानीय पंचायत के उपप्रधान सीडी पंवर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने आयोजकों को प्रतियोगिता शुरू करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर इस तरह की प्रतियोगिताओं के होने से खिलाड़ियों को खेल के जरिए अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। यहीं से यह आगे बढ़कर राज्य, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर में अपना व क्षेत्र का नाम चमकाते हैं। पंवर ने युवाओं से आह्वान किया कि वह नशे जैसी कुरीति से दूर रहें व अन्य लोगों को भी इसके दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करें। इस मौके पर उन्होंने अपनी ओर से आयोजकों को 5100 रुपए देने की घोषणा की। प्रतियोगिता का पहला मैच सैंज इलेवन व कोलका इलेवन के मध्य खेला गया। इस मैच में कोलका की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 55 रन बनाए। इसमें गगन का 15 रनों का योगदान रहा व सैंज की ओर से वीरेंद्र वर्मा ने अपनी टीम के लिए 3 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए।

जवाब में उतरी सैंज की टीम ने एक विकेट के नुकसान पर नौवें ओवर में ही निर्धारित लक्ष्य हासिल कर मैच जीता। सैंज इलेवन की ओर से अमर ने 25 व वीरेंद्र वर्मा ने 15 रनों का योगदान दिया। इस मौके पर जितेंद्र ठाकुर, नरेंद्र ठाकुर, सुरेश ठाकुर, मनोज, देवराज, सूरतराम, विशल, योगी, हेमंत, सोनू सहित अन्य मौजूद रहे।



चम्यावल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ अवसर पर मुख्यातिथि के साथ टीमें।

# इंडस्ट्री में लगे शिविर में 116 रक्तदाताओं ने किया महादान

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

एलिन इंडस्ट्री में आयोजित 12वें रक्तदान शिविर में 116 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रोटरी एंड ब्लड बैंक सोसायटी रिसोर्स सेंटर चंड़ीगढ़ के सौजन्य से आयोजित इस रक्तदान शिविर में डॉ. रोली अग्रवाल की अगुआई में चिकित्सकों व अन्य कर्मियों ने अपनी सेवाएं दीं

रक्तदान शिविर में उद्योग कर्मियों के अलावा स्थानीय लोगों ने भी उत्साह से हिस्सा लिया। इस दौरान रोटरी क्लब चंडीगढ़ की कम्युनिटी सर्विस की निदेशक टीना विर्क भी मौजूद रही। रक्तदान शिविर का शुभारंभ एलिन इंडस्ट्री के महाप्रबंधक जेएस कंग ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

डॉ. रोली अग्रवाल ने कहा कि एलिन बद्दी का हमेशा से ही जन सरोकार के कार्यों के लिए भरपूर सहयोग मिलता रहा है। एलिन बद्दी के एचआर हेड सुरेंद्र गोंदी ने कहा कि एलिन ग्रुप समाज के प्रति अपने दायित्वों का हमेशा प्राथमिकता से निर्वहन करता रहा है।



एलिन इंडस्ट्री में रक्तदान में हिस्सा लेते हुए महादानी।

# लोअर धर्मशाला में 65, अप्पर में 45 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के अंतिम मैच के तीसरे ही दिन सिमट जाने के कारण होटल कारोबारियों को होने वाले संभावित कारोबार को भी ब्रेक लग गई है। पर्यटन कारोबार से जुड़े संगठनों के अनुसार मैच के दौरान जहां धर्मशाला तथा खनियारा स्थित होटलों में ऑक्यूपेंसी 65 प्रतिशत के करीब पहुंच गई थी तो वहीं अप्पर धर्मशाला में ऑक्यूपेंसी की दर 45 प्रतिशत के करीब दर्ज की गई है। धर्मशाला के एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में दो देशों की टेस्ट सीरीज के अंतिम मैच के दौरान पर्यटन कारोबार को लाभ मिला है तथा देश के विभिन्न भागों के अलावा विदेशी खेल प्रेमियों में भी मैच को लेकर जबरदस्त क्रेज नजर आया। यहां बताते चलें कि अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय क्रिकेट मैच के मुकाबले टेस्ट मैच देखने को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह कम रहता है। वहीं धर्मशाला के स्टेडियम को देखने का क्रेज ऐसा था कि लोग काफी संख्यां में धर्मशाला के सुंदर स्टेडियम का दीदार करने पहुंचे हुए थे। हालांकि पांच दिन की जगह तीन दिन में ही मैच सिमट गया जिससे क्रिकेट के कारण पर्यटन को मिले बूस्ट को भी ब्रेक लग गई। वहीं मार्च के अंतिम सप्ताह में धर्मशाला के पर्यटन कारोबार में फिर से तेजी आने की उम्मीद पर्यटन कारोबारी जता रहे हैं। देश के कई राज्यों में बच्चों की वार्षिक परीक्षाएं संपन्न होने के बाद लोग धर्मशाला का रूख करेंगे, ऐसी उम्मीद पर्यटन कारोबारी जता रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## पर्यटन कारोबार को लाभ



होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन धर्मशाला के अध्यक्ष अश्वनी बांबा ने बताया कि भारत-इंग्लैंड टेस्ट मैच के चलते पर्यटन कारोबार को लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि इस दौरान लोअर धर्मशाला के होटलों में 65 तो वहीं अप्पर धर्मशाला में 45 प्रतिशत की ऑक्यूपेंसी दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि देश के कई राज्यों में बच्चों की वार्षिक परीक्षाएं समाप्त होने के कारण मार्च के अंतिम सप्ताह में पर्यटन कारोबार में बढ़ोतरी की उम्मीद की जा रही है।

## इंग्लैंड के दंपती को स्टेडियम में नहीं ले जाने दी शुगर की दवाई



कीरत पटेल व उनकी पत्नी सुखजीत पटेल।

**धर्मशाला।** कई क्रिकेट स्टेडियम में मैच देख चुके इंग्लैंड से आए एक दंपती के लिए धर्मशाला में मैच देखना भले ही काफी बढ़िया अनुभव था, लेकिन यहां से वे कुछ कड़वी यादें भी लेकर जाने को मजबूर हुए। भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के अंतिम मैच के दौरान धर्मशाला में मैच देखने के लिए पहुंचे कीरत पटेल को सिक्योरिटी चेकिंग के दौरान दवाइयां नहीं ले जाने दी गई जबकि वह शुगर के पेशेंट हैं। इस से आहत हुए मूलत भारत के गुजरात से संबंध रखने वाले पटेल ने बताया कि वो अब तक भारत तथा इंग्लैंड में कई अंतरराष्ट्रीय मुकाबले देख चुके हैं, लेकिन यह पहला मौका था कि उन्हें उनकी शुगर की दवाई तक नहीं ले जाने दी गई। ऐसे में अगर उनको लो शुगर के कारण कोई समस्या आ जाती तो उनकी जान पर बन जाती। 65 वर्षीय पटेल के साथ मौजूद उनकी पत्नी सुखजीत पटेल ने बताया कि वे दोनों रिटायर्ड लाइफ गुजार रहे हैं तथा इंग्लैंड में कई सालों से सेटल हैं। उनके अनुसार भारत तथा इंग्लैंड के बीच चल रही टेस्ट सीरीज के वो कई मैच भारत के विभिन्न क्रिकेट मैदानों में देख चुके है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला में यह पहला मौका था कि उनके पति की शुगर की दवाई तथा चॉकलेट तक स्टेडियम में नहीं ले जाने दी गई। उन्होंने बताया लो शुगर रहने के कारण डॉक्टर्स ने उनके पति को चॉकलेट साथ रखने को कहा है, लेकिन गेट नंबर तीन की एंट्री पर उन्हें दवाई तथा चॉकलेट ले जाने की अनुमति नहीं दी गई। उधर, एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि जरूरी तथा आपात दवाइयां मैदान में ले जाई जा सकती हैं। हालांकि चॉकलेट ले जाने की अनुमति सिक्योरिटी कारणों से नहीं दी हो, ऐसा हो सकता है। दवाई और बच्चों के लिए दूध की बोतल भी ले जाने दी जा रही है। उन्होंने कहा कि वह इस मामले का पता करेंगी ताकि किसी भी क्रिकेट प्रेमी को समस्या न हो।

# धर्मशाला में गोरों में दिखा हिमाचली टोपी का क्रेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



भारत-इंग्लैंड के बीच खेले गए अंतिम टेस्ट मैच के दौरान इंग्लैंड से आए गोरों में न सिर्फ हिमाचली टोपी का क्रेज दिखा बल्कि इस दौरान इंग्लैंड से आए क्रिकेट फैंस भारतीय जर्सी तथा कैप पहन कर पहुंचे। कहते हैं खेलों से सद्भावना बढ़ती है, इसी का नजारा धर्मशाला में देखने को मिला।

अंग्रेज क्रिकेट फैंस न सिर्फ धर्मशाला तथा यहां के क्रिकेट स्टेडियम की खूबसूरती के कायल हुए बल्कि यहां के लोगों के आदर-सत्कार व मेहमाननवाजी की भी तारीफ करते दिखे। हिमाचली टोपी के अलावा कई गोरे दर्शकों ने भारतीय कैप व जर्सी पहन कर सद्भावना का संदेश दिया।

भले ही क्रिकेट मैच में इंग्लैंड की टीम हार गई हो, लेकिन अंग्रेज दर्शकों के सद्भावना के जज्बे और हिमाचलियों की मेहमानवाजी जरूर जीत गई। इन लोगों ने कहा कि धर्मशाला बेहद खुबसूरत है तथा यहां के लोग बहुत बढ़िया ढंग से उनसे मिले तथा मेहमाननवाजी की। इंग्लैंड से आए कुछ क्रिकेट फैंस ने कहा कि हिमाचल में वो पहली बार आए हैं तथा बार-बार यहां आना चाहते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अज्ञात वाहन ने कुचला राहगीर, मौत

**नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत पंचायत सेराथाना के वार्ड चार में के एक व्यक्ति को शुक्रवार सड़क किनारे करीब नौ बजे कोई अज्ञात वाहन टक्कर मारने के बाद भाग गया। जख्मी व्यक्ति को पुलिस ने टांडा अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल करवाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस स्टेशन नगरोटा बगवां के प्रभारी रमेश ठाकुर ने बताया की मामले की जांच की जा रही है।

### त्रिलोकी नाथ मंदिर को भेंट की पानी की टंकी



त्रिलोकी नाथ मंदिर को पानी की टंकी भेंट करने के दौरान मौजूद समाज सेविका रेणु बजवारिया व अन्य।

**कांगड़ा।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पंचायत सुधेड़ के त्रिलोकी नाथ मंदिर को क्षेत्र की समाज सेविका एवं हिमाचल प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव रेणु बजवारिया ने एक हजार लीटर वाली पानी की टंकी भेंट की। उन्होंने पानी की टंकी की फिटिंग का पूरा खर्चा भी खुद वहन किया। मंदिर कमेटी सदस्य अंजू धीमान ने बताया कि इस मंदिर में आए दिन धार्मिक आयोजन चलते रहते हैं साथ लंगर भी लगाए जाते हैं। पानी की पहले छोटी टंकी लगी थी, लेकिन वह मंदिर की जरूरत के लिए पर्याप्त नहीं थी अक्सर पानी की कमी रहती थी। उन्होंने कहा कि सुधेड़ निवासी समाज सेविका एवं कांग्रेस नेत्री रेणु बजवारिया ने इस परेशानी को समझा और यह टंकी भेंट की। उन्होंने रेणु बजवारिया का इसके लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अंजू ,संजू ,शैली रीतू, नीलम, ईशान आदि भी मौजूद थे।

### दलाई लामा से आज मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

**मैक्लोडगंज।** बौद्ध नगरी मैकलोडगंज में तिब्बतियों के आध्यात्मिक धर्मगुरु दलाई लामा से उनके निवास स्थान पर रविवार को ऑस्ट्रेलियाई संसदीय प्रतिनिधिमंडल मुलाकात करेगा। जानकारी के अनुसार चार सदस्यीय ऑस्ट्रेलियाई संसदीय प्रतिनिधिमंडल चार दिवसीय यात्रा पर रविवार को धर्मशाला आएंगे। जिसके दौरान प्रतिनिधिमंडल धर्मगुरु दलाईलामा से मुलाकात के दौरान सिक्योंग पेंपा त्सेरिंग और खेंपो सहित केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के नेतृत्व से मुलाकात करेगा। सोनम तेनफेल, निर्वासित तिब्बती संसद के अध्यक्ष विभिन्न तिब्बती शैक्षिक और सांस्कृतिक संस्थानों का भी दौरा करेंगे और धर्मशाला में तिब्बती नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के साथ आदान-प्रदान करेंगे। 10 मार्च को प्रतिनिधिमंडल अपने अधिकारों और सम्मान को वापस पाने के लिए तिब्बती लोगों के अहिंसक संघर्ष के प्रति अपनी एकजुटता और समर्थन व्यक्त करने के लिए 65वें तिब्बती राष्ट्रीय विद्रोह दिवस के आधिकारिक स्मरणोत्सव समारोह में भाग लेगा।

### 130 करोड़ में नीलाम हुई नौ शराब यूनिटें

**धर्मशाला।** आबकारी एवं कराधान विभाग के उपायुक्त कार्यालय धर्मशाला के तहत जिला कांगड़ा की शराब की 24 ईकाइयों में से नौ ईकाइयों की 130 करोड़ में नीलामी शनिवार को हुई। शेष 15 ईकाइयों की नीलामी 12 मार्च को होगी। विभाग के उपायुक्त प्रदीप शर्मा के अनुसार जिला की 24 शराब ईकाइयों की नीलामी प्रक्रिया शनिवार को रखी गई थी। इन सभी ईकाइयों को 296 करोड़ रुपए नीलाम राशि तय की गई है। जिसमें से नौ ईकाइयों की ही नीलामी प्रक्रिया हो पाई है।

### विधायक पठानिया ने भंडारों में की शिरकत



**कांगड़ा।** विधायक केवल सिंह पठानिया ने शिवरात्रि के अवसर पर सिहुवा, चंबी , धनोटू, ठारू, मेटी, सुधेड़, कल्याडा में लगे भंडारों में जाकर हाजिरी लगाई। पठानिया ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में धार्मिक आस्था के कारण जगह-जगह विधानसभा क्षेत्र शाहपुर में भंडारों का आयोजन किया है। सुधेड़ में धार की स्थानीय जनता ने विधायक का धन्यवाद करते हुए कहा कि धार कंसुमर की जनता को 1947 के बाद विधायक केवल सिंह पठानिया के विधायक बनने के बाद आज के दिन आजादी मिली है। उनका कहना था की विधायक केवल सिंह पठानिया के प्रयासों एवं आशीर्वाद से नमेला सुधेड़ मैदान से धार सड़क को बनाने के लिए धनराशि उपलब्ध करवा कर सड़क बनाने को मंजूरी दी है जिससे जनता विधायक का धन्यवाद करती है।

### निचला करियाड़ा में छोले-कुल्चे का भंडारा



निचला करियाड़ा में भंडारे के दौरान सेवा देते युवक।

**गरली।** निचला करियाड़ा स्थित ब्राह्मण बस्ती में प्राचीन ऐतिहासिक शिव मंदिर परिसर में शुक्रवार व शनिवार को शिवरात्रि महापर्व के उपलक्ष्य पर दो दिवसीय विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर प्रबंधक विपन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित भंडारे में संजीव शर्मा, कपिल शर्मा, राजू शर्मा, राजेश शर्मा, सतपाल शर्मा, मनोज शर्मा, अमित शर्मा,सन्नू आदि युवाओं ने सहयोग दिया। भंडारे में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने छोले-कुल्चे का प्रसाद ग्रहण किया।

# 'चिटा तेरा चोला' पर झूमे लोग

## शिवरात्रि महोत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या में साहिल व काकू ने जमाया रंग

**पंकज दीक्षित, पपरोला**

राज्य स्तरीय शिवरात्रि महोत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या इंडियन आइडल फेम कुमार साहिल व पहाड़ी सिंगर काकू राम ठाकुर और संजीव दीक्षित के नाम रही। इन तीनों गायकों के गानों पर लोग देर रात तक नाचते रहे। काकू राम ठाकुर ने चिटा तेरा चोला, रोहड़ू जाना मेरी अमिये आदि गाने गा। वहीं, कुमार साहिल ने हिंदी गानों से दर्शकों का दिल जीता। इससे पहले संध्या में पालमपुर के विधायक एवं सीपीएस आशीष बुटेल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल व मेला कमेटी ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर एसडीएम देवी चंद ठाकुर, डीएसपी पूर्ण चंद ठकुराल, रविंद्र बिट्टू, अनुराग शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र जम्वाल, रविंद्र राव, राजेंद्र सिंह परमार आदि मौजूद रहे।

### काठगढ़ में शोभायात्रा के साथ महाशिवरात्रि महोत्सव संपन्न



**इंदौरा।** इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के तहत काठगढ़ में ऐतिहासिक शिव मंदिर का तीन दिवसीय जिला स्तरीय महाशिवरात्रि महोत्सव शनिवार को भव्य शोभायात्रा व मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ संपन्न हुआ। आयुष,कानून,युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जबकि स्थानीय विधायक मलेंद्र राजन कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शामिल रहे। उन्होंने कहा कि यहां के जिला स्तरीय शिवरात्रि महोत्सव को राज्य स्तरीय महोत्सव का दर्जा प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। आयुष मंत्री ने मंदिर कमेटी द्वारा आयोजित करवाई गई मेधावी छात्रवृति परीक्षा के विजेताओं को भी सम्मानित किया। मंदिर में पार्क के उन्नयन के लिए 10 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा। उन्होंने मंदिर के उत्थान व विकास कार्यों के लिए मेला कमेटी के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने मंदिर कमेटी को भी अपनी और से 21 हजार रुपए की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने मंदिर के उत्थान तथा महोत्सव के विस्तार के लिए मेला कमेटी को सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का भी भरोसा दिया। इससे पहले, प्राचीन शिव मंदिर सुधार सभा के अध्यक्ष ओम प्रकाश कटोच ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा मंदिर कमेटी द्वारा चलाई जा रही विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों पर जानकारी दी।

# करियाड़ा नाग मंदिर में 'भोले दी बारात चली...'

**अनंत ज्ञान, गरली**

करियाड़ा के सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक शक्तिपीठ नाग मंदिर परिसर में शुक्रवार रात शिवरात्रि महापर्व पर जागरण का आयोजन किया गया। इस दौरान पठानकोट के गायक कुमार हरीश ने जागरण में समां बांधा।

रात करीब नौ बजे कुमार हरीश ने गणेश वंदना के बाद पहाड़ी, पंजाबी, हिंदी और हरियाणवी भेटों की ऐसी झड़ी लगाई की पंडाल में बैठे तमाम भक्त उसकी गायकी के मुरीद हो गए। इससे पहले धर्मशाला के पहाड़ी लोक गायक धीरज शर्मा ने गणेश वंदना व वीर बजरंगी की भेटों से कार्यक्रम की शुरुआत की।

**जागरण के दौरान कुमार हरीश ने जमाया रंग**

इसके बाद हिमाचली गायक कुमार हरीश ने मेले जाणा कालका दे, मेरा भोला है भंडारी, धोटा धोटा धोटा, लेई जाणी गौरा सपा वाले ने लेई जाणी आदि पहाड़ी भेटों पर ऐसा समा बाधां की कार्यक्रम में बतौर चीफ गेस्ट पहुंचे डीएसपी देहरा अनिल कुमार भी उनकी गायकी को सलाम करने लगे।

कुमार हरीश की भोले दी बारात चली गज बज के, मैं नचणा श्याम दे नाल व चाटी चो मधानी ले गया भेंट पर पंडाल में बैठे लोग नाचने पर मजबूर हो गए।



करियाड़ा के सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक शक्तिपीठ नाग मंदिर परिसर में शिवरात्रि महापर्व पर आयोजित जागरण के दौरान मौजूद गणमान्य।

## देहरा रामलीला मैदान में स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**देहरा।** केंद्रीय मंत्री एवं सांसद हमीरपुर अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में देहरा रामलीला मैदान में 10 मार्च को विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्रवासी सुबह 9 बजे से पहुंच कर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच करा सकते हैं। विशेष बात यह है कि देशभर से 50 से अधिक प्रख्यात डॉक्टरों की टीम स्वास्थ्य शिविर के लिए देहरा पहुंच गई है। अलग-अलग विशेषज्ञताओं जैसे हृदय रोग, किडनी रोग, हार्मोन रोग, कैंसर, बाल चिकित्सा, त्वचा, कान-नाक-गला, न्यूरोलॉजी, स्त्री रोग, दंत चिकित्सा, प्रसूति रोग आदि के डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे और दवाइयां भी निशुल्क दी जाएंगी। स्वास्थ्य शिविर मे पहुंचे लोगों की नेत्र जांच कर, उनके नंबर के चश्मे भी निशुल्क बना कर दिए जाएंगे। अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर की तैयारियां बड़े स्तर पर रामलीला मैदान मे चल रही हैं जिसकी क्षेत्रवासियों मे काफी चर्चा है। वर्करों की भारी संख्या पिछले 3-4 दिनों से स्वास्थ्य शिविर को शानदार बनाने के लिए दिन-रात कार्य कर रही है। क्षेत्र के गांव-गांव तक स्वास्थ्य शिविर की जानकारी लोगों तक पहुंचाई गई है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस अवसर का लाभ उठा सकें।

# फिटनेस दौड़ में मुस्कान ने झटका प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**



विधानसभा इंदौरा के सूर्य डिफेंस एकेडमी थापकौर में नेहरू युवा केंद्र धर्मशाला के सौजन्य से 50वां अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस दौरान नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवी नरेश कुमार की अध्यक्षता में नारी शक्ति फिटनेस दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें अकादमी के सभी स्टूडेंट ने अपना योगदान दिया और कई महिला छात्रों ने दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें सूर्य डिफेंस एकेडमी के चेयरमैन सूबेदार नरेंद्र पठानिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस रेस में पहले स्थान पर मुस्कान, दूसरे स्थान पर प्रकाशो और तीसरे स्थान पर कृति रही। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया।

# किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों, रेहड़ी फड़ी वालों को दी जाए पेंशन: डॉ. संजीव

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

हिमाचल रीजनल एलियांज के अंतर्गत लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए कांगड़ा-चंबा लोकसभा से प्रत्याशी डॉक्टर संजीव गुलेरिया होंगे। गुलेरिया एनपीएस के फाउंडर मेंबर एवं सीनियर वाइस प्रेसिडेंट रह चुके है। डॉक्टर संजीव गुलेरिया ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर अपना दावा पेश किया। इस अवसर पर उनके साथ जन क्रांति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष शर्मा व उपाध्यक्ष मुल्क राज शर्मा भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास रुका हुआ है। भाजपा व कांग्रेसी आपस में उलझे हुए है। जिससे प्रदेश की जनता महंगाई के दल दल में पिस रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में युवा वर्ग हताश है क्योंकि सरकार ने कहा था कि एक लाख रोजगार साल में दिए जाएंगे आज दिन तक कोई भी रोजगार युवाओं को नहीं दिया गया। उन्होंने सरकार से मांग की है कि चयन बोर्ड के तहत नियमित भर्ती की जाए तथा ठेकेदारी प्रथा बंद की जाए। साथ ही सरकार किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों, रेहड़ी-फड़ी व अन्य लोगों को सामाजिक पेंशन सुरक्षा दे जो कम से कम 5000 सामाजिक सुरक्षा पेंशन देने का निर्णय ले। उन्होंने कहा कि जिन कर्मचारियों का 10 साल से कम का सेवाकाल है और जिनकी सेवानिवृत्ति हुई है उन्हें भी पेंशन दी जाए। इस अवसर पर जन क्रांति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष शर्मा, प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुल्ख राज शर्मा ने केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों की आलोचना की।



पत्रकार वार्ता करते हिमाचल जन क्रांति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर संजीव गुलेरिया व अन्य।

# 200 मीटर दौड़ में अक्षय फर्स्ट

## जयसिंहपुर में हुई खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, लंबागांव**

खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाए गए खंड स्तरीय खेलकूद कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र के माध्यम से जयसिंहपुर में आयोजित किया गया। इसमें वॉलीबाल, रस्साकशी और 200 मीटर दौड़ आदि प्रतियोगिताएं करवाई गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री राजेश राणु रहे। जबकि भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. राकेश मिन्हास,मंडल उपाध्यक्ष नवीन कटोच एवं युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य शेखर धीमान विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन युवा मोर्चा जिला महामंत्री एवं नेहरू युवा केंद्र धर्मशाला के गैर सरकारी सदस्य रजत भंडारी ने अपनी व्यास वैली क्लब डलु की टीम के साथ किया। 200 मीटर दौड़ में विजेता अक्षय कुमार उत्तरापुर, उपविजेता कृष्णा जयसिंहपुर, रस्साकशी में जयसिंहपुर युवा क्लब विजेता व जयसिंहपुर टैक्सी यूनियन उपविजेता रही जबकि वॉलीबाल में विजेता जयसिंहपुर टीम, उपविजेता अप्पर लंबागांव की टीम रही। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए विजेता टीम को इनाम राशि 3100 रुपए और उपविजेता को 2100 रुपए अपनी तरफ से दिए।



विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं के प्रतिभागी मुख्य अतिथि के साथ।

**मंथन** सुलह भाजपा मंडल की बैठक के दौरान बोले विपिन सिंह परमार

# कांग्रेस की नीतियों से जनता परेशान

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

भारतीय जनता पार्टी सुलह मंडल के पदाधिकारियों की बैठक सुलह के विधायक और प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेता विपिन सिंह परमार की मौजूदगी में हुई। बैठक में विधानसभा सत्र की शुरूआत के बाद तकरीबन एक महीने बाद अपने विधानसभा क्षेत्र में पहुंचे विपिन सिंह परमार ने सत्र की गतिविधियों और प्रदेश के वर्तमान राजनीतिक माहौल की जानकारी उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ साझा की और क्षेत्र में उनकी अनुपस्थिति में हुए त्रिदेव सम्मेलन, महिला मोर्चा के शक्ति वंदन, युवा मोर्चा के दीवार लेखन, युवा चौपाल, किसान मोर्चा, एसटी और एसी मोर्चा के अभियानों, मन की बात आदि कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की । सभी अभियानों और कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए विपिन सिंह परमार ने सुलह मंडल के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के समर्पण और निष्ठा, मजबूत संगठन तथा जनता के अपार समर्थन के बलबूते केंद्र में मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल से चार की चार और केंद्र में 400 पार के लक्ष्य को लेकर भाजपा का हर कार्यकर्ता मैदान में डटा है। कांग्रेस नेतृत्व की विघटनकारी व विनाशकारी सोच और नीतियों से देश और प्रदेश की जनता परेशान है। प्रदेश में भी सरकार के विरोध में उतरे कांग्रेस नेताओं और प्रदेश के अस्थिर राजनीतिक माहौल के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि झूठी घोषणाओं के बल पर जनता को ठग कर बनी कांग्रेस की सरकार वेंटिलेटर पर है। कैप्टन देश राज शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में जिला के अध्यक्ष हरिदत्त शर्मा सहित सुलह भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे।



भारतीय जनता पार्टी सुलह मंडल की बैठक में मौजूद कार्यकर्ता।

# डिब्केश्वर महादेव शिव मंदिर में लगाया भंडारा



डिब्केश्वर महादेव शिव मंदिर में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

नूरपुर ब्लॉक के गांव सुलयाली में शिवरात्रि पर्व पर प्राचीन प्रसिद्ध डिब्केश्वर महादेव शिव मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। डिब्केशवर महादेव शिव मंदिर में शिवरात्रि का पर्व दो दिन मनाया जाता है। पहले दिन शि पूजा-अर्चना हवन और दूसरे दिन विशाल भंडारा किया जाता है। इस भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने गांव के साथ साथ बाहरी इलाकों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। मंदिर कमेटी प्रधान राजेश भारद्वाज ने कहा कि शिवरात्रि पर्व पर यहां विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। भंडारे में गांव के युवा शिव भक्त सेवा कर रहे हैं। दोपहर से ही भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## न्यूज ब्रीफ

### डाडासीबा में लगाया वार्षिक भंडारा

**डाडासीबा।** शिवरात्रि के उपलक्ष्य पर हर वर्ष की तरह डाडासीबा में शनिवार को शिवरात्रि के भंडारे का आयोजन किया गया। कमेटी अध्यक्ष रितेश शर्मा ने बताया कि यह भंडारा कई वर्षों से लगातार लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह-सुबह कन्या पूजन किया उसके बाद डाडासीबा के तालाब में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सैकड़ों शिव भक्तों ने लंगर ग्रहण किया।

### पलहूणी में शिवरात्रि पर भजन-कीर्तन


पलहूणी गांव के प्राचीन शिव मंदिर में भजन-कीर्तन करती महिलाएं।

**डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेडू महादेव की ग्राम पंचायत सांबा के पलहूणी गांव के प्राचीन शिव मंदिर में शिवरात्रि के उपलक्ष्य पर स्थानीय महिला मंडल की ओर से भजन-कीर्तन किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा शिव परिवार की झांकियां भी निकाली गईं। मंदिर कमेटी के प्रधान शिव राम व पुजारी रवि कुमार ने मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद झंडे की रस्म अदा की। इस दौरान भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर राज कुमार, शक्ति चंद, राजेश, रोशन, संजय कुमार, बिशंभर चंद, लाल जीत, बिहारी लाल, मेहर सिंह, सुरजीत सिंह, बिक्रम चंद, विजय लाल, महिला मंडल प्रधान ऊषा रानी, दया देवी,पवना देवी, कुशला देवी, अनीता कुमारी, अंजना, वनीता आदि उपस्थित रहे।

### आठ छात्रों ने झटके मेरिट सर्टिफिकेट

**गगल।** आदर्श मॉडल पब्लिक स्कूल तियारा के दसवीं कक्षा के सत्र 2022-23 के आठ छात्रों ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा मेरिट सर्टिफिकेट प्राप्त किए हैं। स्कूल प्रबंधक सुभाष धलोरिया ने इन बच्चों के मनोबल को बढ़ाते हुए इन्हें जीवन में और मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और बच्चों व अभिभावकों को बधाई दी। मेरिट सर्टिफिकेट प्राप्त करने वालों में तनीषा, दिवांशी, आशिका, तन्वी, अमन, वंशिका, लक्ष्मी और रिया आदि शामिल हैं। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक सुभाष धलोरिया और तमाम स्टाफ ने इन बच्चों को बधाई दी।

### महिला दिवस पर महिलाओं को सम्मान

**लंबागांव।** ग्राम पंचायत दगोह में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर जिनके घर में कन्या पैदा हुई है, उनको अपने मानदेय से 5100 रुपए की एफडीआर, बुजुर्ग सम्मान पुरस्कार, सभी महिला मंडल, सभी वार्ड सदस्य ,सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका, सभी स्वयं सहायता समूह, आशा वर्कर, ग्राम रोजगार सेवक आदि सभी महिलाओं को सम्मानित किया गया। सभी महिलाओं का ग्राम सभा में इतनी संख्या में पहुंचने पर धन्यवाद किया गया।

### डाडासीबा में मछलियां ले जाती गाड़ी पलटी

**डाडासीबा।** पुलिस चौकी डाडासीबा के तहत डाडासीबा पुल पर तीखे मोड़ पर मछली की गाड़ी सड़क पर पलट गई। हादसे में कोई भी जानी नुकसान नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार यह मछली सप्लाई करने की गाड़ी कांगड़ा से डाडासीबा कीओर आ रही थी। अचानक डाडासीबा पुल के करीब मोड़ काटते समय चालक का गाड़ी से संतुलन खो गया और गाड़ी सड़क पर पलट गई। हादसे में चालक बाल बाल बच्चा गनीमत रही कि चालक को कोई चोट नहीं आई है। इस संबंध में डाडासीबा पुलिस चौकी प्रभारी किशोर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस बारे में अभी तक हमारे पास कोई शिकायत नहीं आई है।

### 22 मार्च से शुरू होगा गुरु का लंगर

**मंडी।** जिला मंडी के पंडोह गुरुद्वारे में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गुरु का अटूट लंगर लगेगा। मणिकर्ण यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं के लिए यह लंगर सेवा लगाई जाती है। सेवा जत्था इस्नान गुरुद्वारा टाहली साहिब अमृतसर के सेवादार मंजीत सिंह फौजी ने बताया कि पिछले 12 सालों से इनका जत्था अमृतसर से यहां पंडोह गुरुद्वारा में आकर लंगर सेवा लगाता है। यह लंगर चार दिन तक सुबह से लेकर शाम तक अटूट चलता है। यह लंगर सेवा संत बाबा कश्मीर सिंह भूरी वाले, संत बाबा सुखविंदर सिंह भूरीवाले व गुरुद्वारा टाहली साहिब संतोखसर अमृतसर वालों के सहयोग से लगाया जाता है। गुरुद्वारा कमेटी पंडोह के प्रधान गुरनाम सिंह ने बताया की इस बार गुरु का अटूट लंगर 22 मार्च से शुरू होगा।

### प्रो. अनुपमा सिंह को भेंट की 'सारथी'

**मंडी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी की प्रति कुलपति प्रोफेसर अनुपमा सिंह से हिमाचल के प्रसिद्ध लेखक गंगाराम राजी ने मुलाकात की और अपनी नई रचित कहानियों का संग्रह सारथी भेंट किया। प्रोफेसर अनुपमा सिंह को गंगाराम राजी अपनी बेटी मानते हैं और हाल ही में मुंबई प्रवास के दौरान उनके द्वारा रचित कहानियों का संग्रह सारथी उन्होंने अनुपमा सिंह को समर्पित किया है। अनुपमा सिंह ने इस सम्मान के लिए गंगाराम राजी का आभार प्रकट किया है। उन्होंने बताया कि गंगाराम राजी की रचनाओं में संवेदनशीलता और जनवादी चेतन आदि गुण प्रखर रूप से विद्यमान रहते हैं।

### पेंशनर्स ने सरकार से जताई नाराजगी

**जोगिंद्रनगर।** हिम आंचल पेंशनर संघ इकाई जोगिंद्रनगर की मासिक बैठक लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में संघ के अध्यक्ष और राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित नेक राम शास्त्री की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी पेंशनरों ने एक स्वर में सरकार द्वारा जानबूझकर मांगों को टालने पर नाराजगी जताई। नेक राम शास्त्री, महासचिव रमेश पठानिया तथा जिला उपाध्यक्ष रविंद्र शर्मा, प्रकाश वर्मा ने एक संयुक्त बयान में कहा कि हिमाचल प्रदेश के लगभग डेढ़ लाख पेंशनर हमेशा सरकार का आपदा की घड़ी में सहयोग करने के लिए चट्टान की भांति खड़े रहते हैं इसलिए सरकार को भी खुले मन से पेंशनरों की जायज मांगों को पूरा कर देना चाहिए नहीं तो पेंशनर्स को शीघ्र आंदोलन हेतु ठोस रणनीति बनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### सुघ-भटोली कॉलेज में वेबिनार आयोजित

**इंदौरा।** गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज सुघ-भटोली में शनिवार को महिला सशक्तिकरण पर वेबीनार का आयोजन किया गया। इसमें अमरदीप कौर (निदेशक)मनोकरन शिक्षात्मक ट्रस्ट पठानकोट ने सिसोर्स पर्सन के तौर पर छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए वुमन एंपावरमेंट और उसकी चुनौतियों से आग्रह किया। उन्होंने महिलाओं के आर्थिक स्वतंत्रता पर जोर देते हुए अधिक से अधिक हुनर और कौशल अर्जित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य समेत समस्त स्टाफ ने ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया।

# हरिद्वार शिव मंदिर किया जाएगा विकसित

## कांगड़ा में सामुदायिक भवन के उद्घाटन अवसर पर बोले विधायक पवन काजल

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

कांगड़ा के विधायक पवन काजल ने कहा कि कांगड़ा बाई पास स्थित ऐतिहासिक हरिद्वार शिव मंदिर को धार्मिक पर्यटक स्थल के तौर पर विकसित किया जाएगा ताकि कांगड़ा मंदिर में आने वाले श्रद्धालु बाण गंगा के तट पर स्थित इस शिव मंदिर में भी हाजिरी लगाएं।

काजल शिवरात्रि के अवसर पर शिव मंदिर में 13 लाख रुपए की लागत से तैयार सामुदायिक भवन का लोकार्पण करने उपरांत बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आस्था का केंद्र हरिद्वार शिव मंदिर में खड्ड किनारे घाट का निर्माण करवाया जाएगा। उन्होंने हरिद्वार सभा के आग्रह पर एक हैंडपंप मंदिर परिसर में लगाने का आश्वासन दिया। इससे पहले काजल नें मंदिर मे विश्व शांति और जनकल्याण के लिए आयोजित हवन यज्ञ में पूर्ण आहुति डाली।

उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में जहां भाईचारा बढ़ता है वहीं युवा पीढ़ी को हमारी धार्मिक संस्कृति और सभ्यता से रू-ब-रू होने का मौका मिलता है। उन्होंने ग्रामीण स्तर पर आयोजित किए जा रहे धार्मिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए युवाओं को आगे आने की अपील की। काजल नें शनिवार को शिव मंदिर सहोड़ा, जमानाबाद, मटौर, दौलतपुर, गाहलियां, समेला, रानीताल मंदिरों में आयोजित कार्यक्रमों में भी शिरकत की। इस मौके पर हरिद्वार सभा कांगड़ा के सतपाल घृतबंशी, विपन चौधरी, रविंद्र मेहरा, कुलदीप शर्मा, रविंद्र वर्मा, सुरेश चौधरी, सुरेंद्र सोनी, सुरेश चनोरिया, सुरेंद्र, गुलेरिया, कुलदीप शर्मा, अशोक पटारू, सिद्धार्थ उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



शिव मंदिर में 13 लाख रुपए की लागत से तैयार सामुदायिक भवन का लोकार्पण करते विधायक पवन काजल।

### टिकट ब्लैक होने के लगाए आरोप

**धर्मशाला।** धर्मशाला में भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के अंतिम मैच के तीसरे तथा अंतिम दिन ऑफलाइन टिकट काउंटर पर लंबी कतारों में लगे युवाओं ने टिकट ब्लैक के आरोप लगाए। युवाओं का कहना था कि वे सुबह से कतार में थे, लेकिन दोपहर तक 40 से 50 टिकट ही क्रिकेट प्रेमियों को मिल पाए हैं। युवाओं में इसको लेकर रोष नजर आया तथा टिकट न मिलने के कारण मैच न देख पाने की मायूसी उनके चेहरों पर साफ नजर आई। युवाओं का आरोप है कि टिकट ब्लैक में बेचे गए है। इस कारण उन्हें टिकट नहीं मिले और वे मैच नहीं देख पाए जिससे उन्हें मायूसी हाथ लगी है। युवाओं का कहना है कि इसकी जांच की जानी चाहिए।

# मुख्यमंत्री के इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के प्रवास की तैयारियों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

विधायक मलेंद्र राजन ने शनिवार को इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के तहत लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह कंदरोड़ी में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के 11 मार्च को इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के एकदिवसीय प्रस्तावित प्रवास को लेकर उपमंडल के अधिकारियों के साथ तैयारियों की रूपरेखा को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री 11 मार्च को प्रात: 10: 45 बजे सी रॉक इंटरनेशनल स्कूल इंदौरा के ग्राउंड में हेलिकॉप्टर से पहुंचेंगे। इसके उपरांत सड़क मार्ग से 10:50 पर राजकीय डिग्री कॉलेज ग्राउंड में पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री इस अवसर पर लगभग 143 करोड़ रुपए की 14 विभिन्न परियोजनाओं की सौगात इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के लोगों को देंगे। मुख्यमंत्री इसके उपरांत स्थानीय डिग्री कालेज के मेधावी बच्चों को सम्मानित करने के साथ जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री 12:30 बजे चंबा के लिए प्रस्थान करेंगे। इस अवसर पर एसपी पुलिस जिला नूरपुर अशोक रतन, एसडीएम डॉ. सुरेंद्र ठाकुर, डीएसपी विशाल वर्मा, जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता विकास बक्शी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


बैठक के दौरान मौजूद विधायक मलेंद्र राजन व अन्य अधिकारी।

# जवाली क्रिकेट टीम ने जीती ट्रॉफी

## मैरा के वुसकवाड़ा में हुई दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, जवाली**

जवाली उपमंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायत मैरा के वुसकवाड़ा में शनिवार को दो दिवसीय शहीद लखबीर सिंह हीरा चैरिटेबल व शिक्षा सोसायटी द्वारा करवाई गई क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस अवसर पर जल शक्ति विभाग से सेवानिवृत्त अधिशाषी अभियंता गुरबख्श सिंह धीमान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्रतियोगिता में 16 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच मैरा टीम व वीएम यूनाइटेड टीम के बीच खेला गया। इसमें वीएम यूनाइटेड टीम विजेता रही। वहीं फाइनल मुकाबला जवाली क्रिकेट टीम और वीएम यूनाइटेड टीम के बीच हुआ। इसमें वीएम यूनाइटेड टीम चार ओवर में 35 रन बनाकर आउट हो गई वहीं जवाली क्रिकेट टीम ने तीन ओवर में 35 रन बनाकर जीत हासिल की। विजेता टीम को मुख्य अतिथि गुरबख्श सिंह धीमान ने 8100 रुपए, ट्रॉफी और उपविजेता टीम को 4100 रुपए व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। शहीद लखबीर सिंह हीरा चैरिटेबल व शिक्षा सोसायटी के संयोजक दिलबर सिंह हीरा ने क्रिकेट कमेटी को स्पोर्ट्स किटें भेंट की। इस मौके पर शहीद लखबीर सिंह हीरा के पिता कैप्टन हरनाम सिंह, माता सरला देवी, पत्नी लता देवी, जसवीर सिंह हीरा, कंचन वाला मौजूद रही।


क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि के साथ खिलाड़ी व अन्य।

# सीएम सुक्खू के पहुंचने से पहले ही किसी ने फाड़ दिया पोस्टर

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू की सरकार को अस्थिर करने की कोशिशें तो फिलहाल थम गई हैं अलबत्ता अब मंडी में भी उनसे खुन्नस निकालने की कवायद शुरू हो गई है।



आलम यह है कि उनके नाम से अब प्रदेश की बेटियों के लिए शुरू की गई लाभकारी योजनाओं पर भी असामाजिक तत्वों की नजरें तिरछी हो गई हैं। इसकी मिसाल अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के लिए मंडी दौरे के दौरान देखने को मिली। मुख्यमंत्री के मंडी आगमन के दौरान प्रदेश की महिलाओं के लिए 1500 रुपए की पेंशन योजना के संबंध में एक बहुत बड़ा फ्लेक्स मोतीपुर में महिला व बाल विकास विभाग द्वारा सड़क के किनारे लगाया गया था। मुख्यमंत्री के मंडी आगमन से पहले शुक्रवार रात को ही सामाजिक तत्वों द्वारा फ्लेक्स फाड़ दी गई और वहां पर केवल लोहे की फ्रेम का ढांचा ही खड़ा रह गया। हालांकि इसी सड़क पर संस्कृति सदन के पास भी सुखविंद्र सुक्खू की एक बहुत बड़ी फ्लेक्स लगाई गई है। वहां पर सीसीटीवी कैमरा है और लोगों की आवाजाही रहती है इसलिए वह कई दिनों से सुरक्षित है।

जो फ्लेक्स फाड़ी गई है, वह केवल विशेष तौर पर मेले के दौरान और मुख्यमंत्री के आगमन के मद्देनजर रखते हुए विभाग द्वारा स्थापित की गई थी। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव देवेंद्र शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष योगेश पटियाल, दीपक शर्मा, जितेंद्र ठाकुर, डिंपल आदि ने ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

### सीएम का सुलह दौरा 13 को

**डरोह।** संजय सिंह चौहान अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुलह ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संबंधित विभागों के अध्यक्षों, पदाधिकारियों तथा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य 13 मार्च को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के सुलह विधानसभा क्षेत्र के दौरे को लेकर चर्चा करना था। जिसमें कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा तथा रूट मैप पर संपूर्ण रूप से चर्चा की गई। संजय सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री के इस प्रस्तावित दौरे में सुलह विधानसभा को विशेष उपहार देने के साथ-साथ जनता की मांगों तथा समस्याओं का हल करने का मुख्यमंत्री द्वारा पूर्ण प्रयास किया जाएगा।

# जयसिंहपुर के अमन चौहान ने जीता स्वर्ण व कांस्य पदक

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

- नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में मनवाया प्रतिभा का लोहा

विधानसभा क्षेत्र जयसिंहपुर के अंतर्गत आने वाले लोअर लंबागांव के निवासी 23 वर्षीय अमन चौहान ने गुजरात में हुई नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में एक स्वर्ण व एक कांस्य पदक जीत कर जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



अमन चौहान वर्तमान में धर्मशाला स्थित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय रीजनल सेंटर खनियारा मोहली में लॉ विषय में तृतीय वर्ष में पढ़ाई कर रहे हैं। पढ़ाई करने के साथ अमन चौहान खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी आगे रहते हैं और साथ में सामाजिक कार्यों में भी आगे बढ़कर भाग लेते हैं। अमन चौहान के पिता का नाम मनमोहन चौहान है जो हिमाचल पुलिस में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अमन चौहान अब तक पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में राज्य व नेशनल स्तर पर 16 स्वर्ण पदक, आठ रजत पदक व एक कांस्य पदक जीत चुके है। अमन चौहान ने इस सारी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व अपने कोच जीवन कुमार को दिया है।

# खैरा में सम्मान कार्यक्रम आचार्या कीं सम्मानित



**अनंत ज्ञान, डरोह**

संभाग उत्तर हिमाचल भाग पालमपुर अंचल पालमपुर संच खैरा में आचार्या सम्मानित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी आचार्या उपस्थित रहीं। संच समिति व ग्राम समिति द्वारा उनको सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में अंचल अध्यक्ष विक्रम, अंचल अभियान प्रमुख आशा, अंचल ग्राम स्वराज योजना प्रमुख निशा, खैरा के संच प्रमुख कमलेश, संच खैरा के सभी आचार्या उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियां भी दी गईं। इस मौके पर अंचल अध्यक्ष विक्रम ने कहा कि संच खैरा की समिति का इस कार्यक्रम में भरपूर सहयोग मिला।

# बागवानी मंत्री जगत नेगी ने रोपे प्लम के पौधे

**अनंत ज्ञान, गोहर**

- शिवा प्रोजेक्ट के तहत खगराओं व धन्योट में शुरू की परियोजना

बागवानी, राजस्व एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने शनिवार को नाचन विधानसभा क्षेत्र में गोहर विकास खंड के धन्योट तथा सुंदरनगर विकास खंड के तहत खगराओं गांवों में एचपी शिवा प्रोजेक्ट के तहत बनाए क्लस्टरों में प्लम के पौधे रोपित कर किसानों के साथ मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार के अब तक के कार्यकाल में भीषण प्राकृतिक आपदा के कठिन समय के बावजूद हिमाचल प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। बागबानी मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को एक फल राज्य के तौर आगे ले जाने के लिए प्रदेश के निचले व मध्यम क्षेत्रों के सात जिलों मंडी, हमीरपुर, कांगड़ा, बिलासपुर, ऊना, सोलन, सिरमौर के 28 विकास खंडों के किसानों के लिए एडीबी की सहायता से 1300 करोड़ रुपए के एचपी शिवा प्रोजेक्ट की शुरुआत की है, जिसमें लगभग 6000 हेक्टेयर भूमि क्लस्टरों के लिए चिन्हित की गई है तथा इसके माध्यम से जहां किसानों व बागवानों को उच्च गुणवत्ता युक्त अमरूद, संतरा, लीची, अनार, पलम आदि के पौधे मुहैया करवाए जा रहे हैं। परियोजना निदेशक डॉ. देवेंद्र ठाकुर ने बागवानी मंत्री का यहां पहंचने पर स्वागत किया तथा परियोजना की जानकारी दी। इस अवसर पर पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी नाचन विस नरेश चौहान, परियोजना निदेशक एचपी शिवा डॉ. देवेंद्र ठाकुर, संयुक्त निदेशक बागवानी सेंट्रल जोन डॉ. विद्या प्रकाश बैंस, उपनिदेशक डॉ. संजय शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष उपेंद्र ठाकुर, एसएमएस राजेश कुमार, पंचायत प्रधान संजय शर्मा, उपप्रधान पवन कुमार, संजय उपस्थित थे।


बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी को फूल भेंट करते छोटे बच्चे।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

10 मार्च 2024, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** फाल्गुन, **तिथि :** अमावस्या (02:32): **नक्षत्र :** पूर्वाभाद्रपद (01:55), **पक्ष :** कृष्ण, योग साध्य (04:12) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:07)-(12:55), राहुकाल 04:58 - 06:26।

**विशेष दिन**

- फाल्गुन अमावस्या आज

फाल्गुन अमावस्या जो फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को मनाई जाएगी।

**मेष :** आप आज हर कार्य सोच-विचार कर करें। धैर्य रखें, जल्दबाजी में नुकसान हो सकता है। कानूनी पचड़े में पड़ सकते हैं।

**वृषभ :** कार्य स्थल पर आ रही समस्या के निदान के लिए कार्य स्थल पर वास्तु अनुरूप परिवर्तन करें, तुरंत लाभ होगा।

**मिथुन :** बेहतर उन्नति के लिए अपने व्यवहार और कार्य प्रणाली में बदलाव की जरूरत है। एक समय पर एक ही काम करें।

**कर्क :** ग्रह अनुकूल है। आज के दिन आपके कार्यों में गति आएगी। मन प्रसन्न रहेगा। प्रेम प्रसगों में सफलता मिल सकती है।

**सिंह :** आपकी सफलता के पीछे आपके परिश्रम के साथ कई लोगों की दुआ भी है। स्वास्थ्य पर धन खर्च होगा।

**कन्या :** कानूनी अड़चनें आ सकती हैं। किसी बात से बेचैन रहेंगे। तेल व्यापारी आज ज्यादा मुनाफा कमा सकेंगे।

**तुला :** जीवन बहुत छोटा है। समय रहते अपनी गलतियां सुधार करें। कई दिनों से अटके मसले आज सुलझ सकते हैं।

**वृश्चिक:** चिंता त्यागें जो होगा अच्छा होगा। व्यर्थ सोचना बंद करें। आपके वाक् चातुर्य से कार्य बन जाएंगे।

**धनु :** पड़ोसियों से आज विवाद हो सकता है। स्वास्थ्य में सुधार के लिए डॉक्टर बदलना पड़ सकता है। मौज मस्ती पर धन खर्च होगा।

**मकर :** समय की अस्थिरता से परेशान रहेंगे। पारिवार में आई समस्या का निदान होगा। धन प्राप्ति के योग हैं।

**कुंभ :** किसी अनजान पर भरोसा न करें। आज भी कार्य पूरे नहीं हो पाएंगे। खानपान पर पूर्ण नियंत्रण रखें।

**मीन :** व्यापारिक उन्नति के अवसर हैं। कार्यों में आ रही परेशानी से सहज ही निकल जाएंगे। परोपकारी बनें।

**सौगात** | सीपीएस किशोरी लाल ने किया उद्घाटन, पांच लाख से हुआ निर्माण

# तरेहल पंचायत को मिला सामुदायिक भवन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल ने शनिवार को ग्राम पंचायत तरेहल में पांच लाख से निर्मित सामुदायिक भवन लोगों को समर्पित किया। इसके उपरांत सगूर में नैहटु महादेव संस्था के सौजन्य से लाभार्थियों को 15 सिलाई मशीनें बांटी। इस अवसर पर सीपीएस का स्थानीय जनता ने स्वागत किया।

प्रधान पीसी चौधरी और शिवालय महिला मंडल ने किशोरी लाल को सम्मानित किया। लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत तरेहल के विकास कार्यों को चरणबद्ध पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बैजनाथ हलके में लोगों के लिए आधारभूत सुविधाओं को उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन लोगों की मांग थी, जिसे पूरा किया गया है। किशोरी लाल ने कहा कि बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में जनाकांक्षाओं और क्षेत्र की जरूरत के अनुरूप विकास कार्यों को गति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि बैजनाथ हलके के समग्र और संतुलित विकास के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान बैजनाथ क्षेत्र की सभी मांगों को पूरा कर 50 करोड़ रुपए की विकास योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र जम्वाल, प्रधान पीसी चौधरी, प्रधान विनोद कुमार नैहटु, ओम प्रकाश, ओंकार, जगदीश चंद, पिंकी देवी, मस्त राम, देश राज, कमला देवी, रीता राणा, स्वरूप चंद, राम सिंह, श्रवन टंडन, सुनील कुमार, विपिन, अनिरुध, नारायण सिंह, विजय कुमार,विनोद कुमार स्थानीय जनता व विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


ग्राम पंचायत तरेहल में सामुदायिक भवन का उद्घाटन करते सीपीएस किशोरी लाल।

### आज बैठेंगे भूख हड़ताल पर

**गगल।** प्रदेश सरकार की वर्तमान जन किसान विरोधी गतिविधियों के कारण विशेष रूप से गगल हवाई अड्डा विस्तार योजना से प्रभावित 14 गांवों के किसान, व्यापारी वर्ग, दुकानदार व हजारों लोग अपना रोष प्रकट कर चुके हैं, लेकिन सरकार पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। लोगों में दिन-प्रतिदिन आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी को लेकर एयरपोर्ट संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना व व्यापार मंडल के प्रधान देवेंद्र कोहली ने इसी संदर्भ में 10 मार्च को गगल में सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक भूख हड़ताल पर बैठने का निर्णय लिया है। इस संयुक्त हड़ताल में कई संगठन भी शामिल हो रहे हैं। प्रभावित पंचायत के लोगों से भी अपील है कि सभी इस भूख हड़ताल में शामिल हो कर मनोबल बढ़ाएं।

मैंने सफलता के बारे में कभी सपना नहीं देखा। मैंने इसके लिए काम किया।
-एस्टी लउडार

## संपादकीय

# डिजिटल अर्थव्यवस्था की मजबूती से विकसित राष्ट्र बनेगा भारत

किसी भी राष्ट्र की तरक्की के लिए आज के दौर में डिजिटल अर्थव्यवस्था बेहद जरूरी हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से भारत मजबूती से विकसित राष्ट्र बनने की ओर निरंतर अग्रसर है। सब ठीक रहा तो भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को लेकर हासिल कर सकता है। भारत ने डिजिटल अर्थव्यवस्था बढ़ाने का सपना आज से करीब आठ साल पहले देखा था, जो निरंतर मेहनत किए जाने के बाद फलीभूत होता नजर आ रहा है। भारत ने पूरे विश्व में आज अपनी इतनी पैठ बना ली है, जिसके बूते वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत का नाम चमक रहा है। एक जुलाई 2015 को देश में डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का आगाज हुआ था। इसे अभियान के रूप में चलाकर और ज्यादा मजबूती देने की आवश्यकता है। इसी पहलू को ध्यान में रखकर मोदी सरकार ने डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के विस्तार का फैसला कर नेक कार्य किया है। इस कार्यक्रम के विस्तार पर करीब पंद्रह हजार करोड़ खर्च किए जाएंगे। पहले से जारी कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। हालांकि कुछ नई पहलों या यूं कहें कि प्रयोगों पर भी सरकार फोकस कर रही है।

डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के विस्तार के लिए कुछ लक्ष्य तय किए गए हैं। फ्यूचर स्किल प्राइम कार्यक्रम के तहत सवा छह लाख आईटी पेशेवरों को आधुनिक टेक्नोलॉजी के हिसाब से ट्रेंड किया जाएगा और उनके स्किल को निखारा जाएगा। निश्चित रूप से सरकार का यह फैसला बेहद सराहनीय है। अगर आईटी पेशेवर अच्छे होंगे तो टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में सुधार होंगे। सूचना सुरक्षा और शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क का आधुनिकीकरण भी किया जाएगा। इस काम के लिए देशभर के मुख्य शिक्षण संस्थानों को जोड़ा जाएगा। डिजीलॉकर के तहत डिजिटल दस्तावेज सत्यापन की सुविधा अब सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के साथ दूसरे संगठनों के लिए भी होगी। यूनिफाइड मोबाइल एप्लिकेशन फॉर न्यू एज गवर्नेंस ऐप पर ज्यादा से ज्यादा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुफ्त मोबाइल ऐप उमंग पर अतिरिक्त सेवाएं दी जाएंगी। देश में तीन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उत्कृष्टता केंद्र बनाए जाएंगे, जो स्वास्थ्य, कृषि और टिकाऊ शहरों की जरूरतों पर आधारित होंगे। साइबर और जागरूकता पाठ्यक्रम चलाकर कॉलेज स्टूडेंट्स को साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूक किया जाएगा। साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में नई पहल शुरू की जाएगी। इसके तहत उपकरणों के विकास और राष्ट्रीय साइबर समन्वय केंद्र के साथ दो सौ से अधिक साइटों का एकीकरण किया जाएगा। राष्ट्रीय सुपर कंप्यूटर मिशन के तहत सुपर कंप्यूटर पर जोरदार काम हो रहा है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए बहु-भाषा अनुवाद उपकरण 'भाषिणी' को दस के बजाए अब सभी 22 अनुसूची और आठ भाषाओं में शुरू किया जाएगा। देश के हर नागरिक तक सरकारी सेवाओं की पहुंच हो, यह सिर्फ डिजिटल तरीके से ही संभव है। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के विस्तार से इसमें मदद मिलेगी। विश्व में बढ़ रहे डिजिटल पेमेंट में भारत का हिस्सा काफी बढ़ा है। भुगतान और कुल हिस्सेदारी में भारत का प्रदर्शन काफी बेहतर है। भारत में डिजिटल लेन-देन की मात्रा भी अपेक्षाकृत बढ़ी है। नोटबंदी और कोविड के दौरान डिजिटल पेमेंट में शानदार ग्रोथ देखी गई। भारत में यूपीआई बैंक की तादाद भी अच्छी-खासी बढ़ी है। यूपीआई की अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति से भारतीयों को लाभ हो रहा है। डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में भी भारत दुनिया के कई देशों के मुकाबले अच्छी रुतबा बनाए हुए है। कुल मिलाकर डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के विस्तार का मकसद देश में डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है। डिजिटल अर्थव्यवस्था को मजबूत करके ही भारत विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को हासिल कर सकता है।

# नमाज या परेशानी, क्या अन्य भी सड़कों पर कब्जा जमाएं?

आज यह प्रश्न बार-बार मतिष्क में कौंध रहा है कि यदि भारत की सड़कों पर नमाज अदा करते मुसलमानों की तरह देश का बहुसंख्यक हिंदू समाज और अन्य मत-पंथ को मानने वाले भी सड़कों पर प्रार्थना के लिए उतर आएं, तब देश में क्या स्थिति बनेगी? क्योंकि भारत में विविध मत, पंथ और दर्शन इतने अधिक हैं कि यदि प्रति दिवस एक निश्चित समय देकर सभी को सड़कों पर उनके हिसाब से प्रार्थना का अवसर दिया जाएगा, तो भी 24 घंटे उन्हें अपनी ईश्वर आराधना के लिए कम पड़ेंगे। आप सोचिए, यदि इस तरह से देश में सभी को छूट मिलेगी तब क्या होगा? क्या कोई देश की इन सड़कों पर चल पाएगा? क्या कोई बीमार, जरूरतमंद जिसे अपने एक निश्चित समय पर कार्य निष्पादित करने हैं, वे सभी अपने कार्यों को पूरा कर पाएंगे? यदि इन प्रश्नों का उत्तर नहीं है, तब फिर क्यों और किस कानून के अंतर्गत इस्लामिक नमाजियों को सड़क पर प्रार्थना की छूट दी जानी चाहिए?

अव्वल तो दिल्ली के इंद्रलोक इलाके में जुमे की नमाज के दौरान जो हुआ, वह नहीं होना चाहिए था। किसी भी पुलिस कर्मी को नमाज पढ़ते समय किसी को भी लात मारकर अपमानित नहीं करना चाहिए। जो हुआ, वह बहुत दुखद है। बार-बार इस तरह की परिस्थितियां बनती ही क्यों हैं, क्या इस पर विचार नहीं होना चाहिए? वस्तुत: यह पहली बार नहीं है कि दिल्ली में सड़क पर सामूहिक नमाज पढ़ी जा रही थी। देश भर में कई स्थानों पर अक्सर इस तरह से नमाज पढ़कर भारत के आम नागरिकों को परेशान करने का प्रयास होता है। अस्पताल जाने वाला समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाता। इस कारण वक्त पर इलाज नहीं मिलने से कई लोगों की मौत भी हो जाती है। जिस सड़क पर नमाज अदा हो रही है, गलती से भी कोई यदि उस रास्ते पर आ जाए तो वह तय समय पर अपने ऑफिस नहीं पहुंच पाता है, नौकरी तक गंवानी पड़ जाती है। बॉस, यही कहता है कि ऑफिस के लिए और पहले क्यों नहीं निकले? कोई दूसरा रास्ता चुनते!

बार-बार देखा यही जा रहा है कि अचानक से खेल के मैदानों, सार्वजनिक स्थलों पर चारों दिशाओं से भीड़ आने लगती है, खेलते हुए बच्चों और अन्य लोग जो वहां कुछ देर के विश्राम के लिए आए हैं। दौड़-भाग भरी जिंदगी में शांति पाने आए हैं। ऐसे सभी लोगों को इस अचानक से आई इस्लामिक भीड़ के कारण से तत्काल अपना खेल और स्थान छोड़ देना पड़ता है। फिर भले ही उनका इस्लाम में कोई विश्वास न हो।

वस्तुत: यहां जबरन उन्हें मजबूर किया जाता है, एक सार्वजनिक स्थान से पलायन करने के लिए। जिनका कि संविधानिक हक उन्हें यह अनुमति देता है कि वे जब तक उस स्थान पर बैठने का समय सुनिश्चित किया गया है बिना किसी रोक-टोक के बैठ सकेंगे। क्या इन लोगों के साथ हो रहे अन्याय पर इनके संवैधानिक अधिकारों के बारे में भी कोई सोचेगा? ऐसे में यदि कोई अपना स्थान छोड़ने का विरोध करे तो उसे बिना किसी देरी के इस्लाम विरोधी और मुसलमान द्रोही ठहरा दिया जाता है। पूरी दुनिया में जिनका राष्ट्र धर्म इस्लाम है, जबकि वहां भी इतने बड़े पैमाने पर खुले में नमाज नहीं पढ़ी जाती! क्या यह अप्रत्यक्ष प्रार्थना के नाम पर हर शुक्रवार देश भर में इस्लामिक शक्ति प्रदर्शन तो नहीं किया जा रहा है? भारत तो लोकतांत्रिक देश है, सभी मत, पंथ, धर्म



लेखक : डॉ. मयंक चतुर्वेदी
हिंदुस्थान समाचार

के लोग यहां रहते हैं, लेकिन दुनिया के 57 इस्लामिक देश जो कि पूरी तरह से मजहबी आधार पर प्रोफेट मोहम्मद के बताए रास्ते पर चलने का दावा करते हैं और कुरान पर अपना विश्वास व्यक्त करते हैं, यहां तक कि पूरी दुनिया में इस्लाम जहां से फैला, उन मुस्लिम देशों तक पर सड़कों पर अल्लाह की इबादत करना जुर्म घोषित किया गया है। यहां यदि कोई कानून का पालन करता हुआ नहीं पाया जाता तो उससे बहुत बड़ी राशि सजा के रूप में वसूली जाती है। संयुक्त अरब इमारात (यूएई) इसका एक बड़ा और सशक्त उदाहरण है। इस इस्लामिक देश में सड़क के किनारे बाइक या कार रोककर नमाज पढ़ना अपराध है। ट्रैफिक लॉ नंबर 178 के तहत यह जुर्म है। यहां की पुलिस का कहना है कि सड़क किनारे गाड़ी रोककर नमाज पढ़ने की वजह से सड़क पर चलने वाले बाकी लोगों के लिए खतरा पैदा होता है, इसलिए सड़क किनारे नमाज पढ़ने पर 500 दिरहम यानी 8800 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इबादत किसी को परेशान करते हुए नहीं की जानी चाहिए, कुरान भी इसका हक नहीं देता है।

अबू धाबी (यूएई) ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के उपनिदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल सलाह अब्दुल्ला अल हमैरी का कहना है कि मुसलमान सड़क के किनारे नमाज पढ़ने की जगह पेट्रोलिंग स्टेशन, आवासीय क्षेत्रों और श्रमिक शिविरों में बने विश्राम कक्षों और मस्जिदों का उपयोग करें, नहीं तो जुर्माना देने के लिए तैयार रहें। वे कहते हैं, भले ही उनका देश एक इस्लामिक कंट्री हो, लेकिन राज्य की व्यवस्था में सुशासन रहे और किसी को कोई परेशानी न हो, इसके लिए ही राज्य का कानून है। कहना होगा कि इसलिए ही इस इस्लामिक देश की पुलिस सार्वजनिक स्थलों पर नमाज पढ़ने वालों पर आज जुर्माना भी लगाती है और जरूरत पड़ने पर सख्ती से पेश आते हुए लाठी भी मारती है। किंतु इस (यूएई) देश की तुलना में भारत में आप ऐसा कुछ भी नहीं कर सकते। यदि थोड़ी भी कोशिश की तो आपको कम्युनल करार कर दिया जाएगा। बार-बार समझाने के बाद भी यदि आप नहीं मानते, सड़क पर ही नमाज अदा करते हैं, तब ऐसे में यदि आपके खिलाफ सांकेतिक ही सही सख्ती बरत दी गई तो समझ लीजिए आपका सस्पेंड होना या नौकरी से जाना तय है। आखिर हम ये कौन सा भारत बना रहे हैं? इबादत के किसी के लिए नियम कुछ और किसी के लिए अन्य कुछ?

फिलहाल योगी आदित्यनाथ सरकार ने उत्तर प्रदेश में सड़कों पर होने वाली जुमे की 'नमाज' पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया हुआ है। उत्तर प्रदेश में तो कई मौलवीयों तक ने अपील जारी कर कहा है कि मुसलमान यातायात को बाधित न करें, सड़कों पर नमाज न पढ़ें। फिर भी कई जगहों से सड़कों पर नमाज पढ़ने वालों के फोटो सामने आ रहे हैं। यानी कि इससे यह भी सामने आता है कि भारत में रह रहे मुसलमानों की एक बहुत बड़ी संख्या ऐसी है, जिसका कि भारतीय कानून एवं संविधान में कोई विश्वास नहीं है। ऐसे में यहां यही कहना होगा कि जिस तरह से समय-समय पर देश के इस्लामिक नेता भारतीय संविधान के पालन की दुहाई देते हैं। वह पालन सिर्फ गैर मुसलमान पर लागू नहीं होता है। देश के नागरिक होने के नाते यह संविधान की मर्यादा और कानून व्यवस्था का पालन करना उन (मुसलमानों) का भी उतना ही कर्तव्य है, जितना कि भारत में रह रहे किसी अन्य मत, पंथ या धर्म को मानने वाले लोगों का कर्तव्य है।

## नजरिया

# ईश्वरीय शक्ति के महत्व को दिखाती है महाशिवरात्रि

महाशिवरात्रि भगवान शिव का त्योहार है। देश के सभी प्रदेशों में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। भारत के साथ नेपाल, मारीशस सहित दुनिया के कई अन्य देशों में भी महाशिवरात्रि पर्व मनाया गया। हर साल फाल्गुन मास में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि का व्रत किया जाता है। हिंदू पुराणों के अनुसार इसी दिन सृष्टि के आरंभ में मध्यरात्रि में भगवान शिव ब्रह्मा से रुद्र के रूप में प्रकट हुए थे, इसीलिए इस दिन को महाशिवरात्रि कहा जाता है।



लेखक : रमेश सर्राफ धमोरा
हिंदुस्थान समाचार

शिवरात्रि के प्रसंग को हमारे वेद, पुराणों में बताया गया है कि जब समुद्र मंथन हो रहा था, उस समय समुद्र में चौदह रत्न प्राप्त हुए। उन रत्नों में हलाहल भी था, जिसकी गर्मी से सभी देव दानव त्रस्त होने लगे, तब भगवान शिव ने उसका पान किया। उन्होंने लोक कल्याण की भावना से अपने को उत्सर्ग कर दिया। इसलिए उनको महादेव कहा जाता है। जब हलाहल को उन्होंने अपने कंठ के पास रख लिया, तो उसकी गर्मी से कंठ नीला हो गया, तभी से भगवान शिव को नीलकंठ भी कहते हैं। शिव का अर्थ कल्याण होता है। जब संसार में पापियों की संख्या बढ़ जाती है तो शिव उनका संहार कर लोगों की रक्षा करते हैं, इसीलिए उन्हें शिव कहा जाता है। यौगिक परंपरा में इस दिन और रात को इतना महत्व इसलिए दिया जाता है क्योंकि यह आध्यात्मिक साधक के लिए जबरदस्त संभावनाएं प्रस्तुत करते हैं।

माना जाता है की इस दिन भगवान शंकर और माता पार्वती का विवाह हुआ था। महाशिवरात्रि का व्रत रखना सबसे आसान माना जाता है। इसलिए बच्चों से लेकर बूढ़ों तक सभी इस दिन व्रत रखते हैं। महाशिवरात्रि का पर्व हमारे जीवन में ईश्वरीय शक्ति के महत्व को दिखलाता है।

## अंदाज-ए-बयां — बेटियां

*मैं कालों का काल हूं*
*मैं ही तो महाकाल हूं।*
*सत्य का मैं पालनहार हूं*
*असत्य का करता सदा विनाश हूं।*
*मैं देवों का देव हूं*
*मैं ही तो महादेव हूं।*
*अंधकार में करता प्रकाश हूं*
*अंत का भी करता आरंभ हूं*
*तभी तो मैं ही परमांनद हूं।*
*मैं महाकाली का महाकाल हूं*
*करता समय आने पर काल भी विनाश हूं*
*तभी तो सदाशिव महाकाल हूं।*



डॉ. राजीव डोगरा
(युवा कवि व लेखक)
गांव जनयानकड़
कांगड़ा, हि.प्र.

# बढ़ती महत्वकांक्षा के इस जीवन में सुख शांति और रिश्तों को पीछे छोड़ आए हम

वर्तमान समय में अधिकांश क्षेत्रों में देखने और सुनने को मिलता है कि हम सभी के पास समय का बहुत अभाव है। और हर व्यक्ति अपने जीवन को चलाने के लिए कशमकश में है, जबकि यह व्यवस्था संभवत: दशकों से चली आ रही है, जहां पर हर व्यक्ति बचपन से लेकर बुढ़ापे तक अपने जीवन और परिवार के प्रति संघर्षरत रहता है, परंतु जो स्थिति हम कुछ वर्षों से महसूस और देख पा रहे हैं, वह बहुत ही गंभीर और चिंताजनक है, जहां पर हमारे अंदर बढ़ती महत्वकांक्षा और भागमभाग के इस दौर में हम प्रवेश कर चुके हैं, तो वहीं एक-दूसरे से आगे निकलने की मानों जैसे कोई होड़ सी लग रही हो, तो वहीं रिश्तों को भी हम आज के परिप्रेक्ष्य में दरकिनार कर रहे हैं, क्योंकि आज रिश्ते-नातों को निभाने में भी जैसे हम खास दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं और आधुनिकता के इस दौर में जैसे उलझ से गए हैं, परंतु जो शांति गांव और पूर्व के दशकों में देखने और बुजुर्गों के अनुभवों अनुसार बताई जाती थी, जहां हर व्यक्ति के पास समय और मान-सम्मान और महत्वकांक्षा की जद्दोजहद नहीं होती थी, जितनी आज देखने को मिलती है।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर


हर व्यक्ति को इतनी जल्दी है कि मानों जीवन कुछ ही पलों का रह गया है, ऐसी स्थिति आज बहुत ही आम हो चुकी है कि हम सभी के अंदर बढ़ती महत्वकांक्षा और भागमभाग के जीवन में हमने रिश्तों को भी मानों जैसे दरकिनार कर दिया है और अपने क्षेत्र समाज से कोई सरोकार नहीं रह गया है। इस प्रकार की विकट परिस्थितियों ने आज जन्म ले लिया और इस प्रकार आज हम सभी को इस विषय पर चिंतन करने और प्रयास करने की आवश्यकता है कि हम इतने असंवेदनशील कैसे हो गए हैं।

जिस क्षेत्र समाज से हमारा संबंध रहता है, तो वहीं उस मिट्टी उस क्षेत्र का ऋण भी हमेशा रहता है, जिसको चुकाने के लिए संभवत हमें अपने निजी जीवन और स्वार्थ से ऊपर उठकर भी क्षेत्र समाज के लिए अपना कीमती समय और रिश्तों को अहमियत देने की आवश्यकता है, ताकि हम मिल-जुलकर क्षेत्र और समाज को जागृत करने और विकास की दृष्टि से शिखर तक पहुंचाने का प्रयास करें। इस बात को हमें सर्वप्रथम सुनिश्चित अन्यथा इस भागमभाग के जीवन में हम इतने व्यस्त और अंधे हो जाएंगे मानों मुड़कर आने का कोई रास्ता ही न मिल पाए, इसलिए आज हमें अपने बच्चों और युवाओं को इस गंभीर विषय और दिशाहीन हो रहे समाज को बदलने की परम आवश्यकता है। अगर हमारे अंदर आत्म संतुष्टि का वास होता है तो निश्चित तौर पर हमारे जीवन में भी कहीं न कहीं जीवन में शांति, स्थिरता आ सकती है, क्योंकि जितने हम मोह माया, धन, बल और एश्वर्य की तरफ रुख करेंगे, उतने ही हम जीवनभर भटकते और बैचेनी के शिकार होते जाएंगे।

# वायु प्रदूषण रोकने में ही हमारे जीवन की गति है

वायु से आयु है। स्वच्छ वायु आयुवर्धक है। प्रदूषित वायु प्राणलेवा है। ये सब जानते हुए भी वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले तमाम अपकृत्य जारी हैं। 'द लेसैंट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल के अध्ययन में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। वायु प्रदूषण के कारण 2000 से 2019 तक प्रतिवर्ष 10 लाख लोगों की जान गई है। सांस संबंधी बीमारियां बढ़ी हैं और बीमारियों के कारण लाखों लोगों की मौत हुई है। ऑस्ट्रेलिया की एक यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने दुनिया के लगभग 13000 नगरों में प्रदूषण का विश्लेषण किया है। इस अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार एशिया में मृत्यु दर का आंकड़ा काफी चिंताजनक है। बताया गया है कि प्रदूषण के कारण मौतों के आंकड़ों में चीन पहले स्थान पर है। भारत में भी वायु प्रदूषण की स्थिति भयावह है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हर साल वायु प्रदूषण के कारण धूल भरा कोहरा दिखाई पड़ता है। वायु प्रदूषण का मूल कारण आधुनिक जीवन शैली है। भारत की परंपरा में वायु को देवता कहा गया है। संस्कृति आधारित जीवन मूल्यों से विचलन वायु प्रदूषण बढ़ाता है।

वायु प्राण हैं। प्राण नहीं तो जीवन नहीं। वैदिक परंपरा में वायु अमर देव हैं। वैदिक ऋषि वायु की प्रीति में सराबोर हैं। वे प्राण शक्ति के संचालक हैं, लेकिन दिखाई नहीं पड़ते। वायु का रूप नहीं होता। वायु की तीव्र गति आंधी है। आंधी का शोर सुनाई पड़ता है, लेकिन वायु का रूप नहीं। कहते हैं, तीव्र गति अनुभव में आती है, लेकिन रूप नहीं। ऋषि वायु का रूप देखने के अभिलाषी हैं। वायु का मानवीकरण रम्य है। ऋषि उन्हें सोम पीने का निमंत्रण देते हैं 'वायवा याहि दर्शतेमे सोमा अरंकृता'- दर्शनीय वायु! आओ सोम रस सजाकर रखा गया है।' (ऋग्वेद 1.2.1) प्राण जीवन है। प्राण से प्राणी है। वायु हरेक प्राणी का प्राण हैं लेकिन देवों का प्राण भी वायु ही है 'आत्मा देवानां।' (10.10.168.4) बड़ी बात है, देवों को भी मनुष्य जैसा बताना। वायु देवों के भी प्राण हैं इसलिए वही विश्व के राजा हैं। (10.168.2) लेकिन हम पटाखा फोड़कर वायु को प्राण लेवा बनाते हैं।



लेखक : हृदयनारायण दीक्षित
यूपी विधानसभा के पूर्वाध्यक्ष

सृष्टि में पांच महाभूत हैं। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश। इनमें 'वायु' प्रत्यक्ष देव हैं और प्रत्यक्ष ब्रह्म भी। ऋग्वेद (1.90.9) में स्तुति है 'नमस्ते वायो, त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्मासि, त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि।

तन्मामवतु-वायु को नमस्कार है, आप प्रत्यक्ष ब्रह्म है, मैं तुमको ही प्रत्यक्ष ब्रह्म कहूंगा। आप हमारी रक्षा करें।' यही मंत्र यजुर्वेद (36.9) अथर्ववेद (19.9.6) व तैत्तिरीय उपनिषद् (1) में भी जस का तस आया है। ब्रह्म संपूर्णता है। आधुनिक बह्मांड विज्ञानी भी ब्रह्म में उत्सुक हैं। भारतीय अनुभूति का ब्रह्म अनुभूत है। प्रयोग सिद्ध है। कहते हैं कि वायु ही सभी भवनों में प्रवेश करता हुआ हरेक रूप में प्रतिरूप होता है। सभी जीवों में प्राण की सत्ता है, प्राण नहीं तो जीवन नहीं। ऋषि सूर्य आदित्य को देखते हैं। वे भी प्रत्यक्ष देव हैं।

प्रश्नोपनिषद में कहते हैं जो आदित्य है, सूर्य है, वही प्राण है। वैदिक पूर्वज वायु को बहुवचन 'मरूद्गण' कहते हैं। वे संपूर्ण विश्व के प्रति मधु दृष्टि रखते है। ऋग्वेद के एक मंत्र में वे वायु को भी मधुरस से भरा पूरा पाना चाहते हैं, मधुवाता ऋतायते। वृहदारण्यक उपनिषद् के सुंदर मंत्र में पृथ्वी और अग्नि के प्रति मधुदृष्टि बताने के बाद वायु के लिए कहते हैं 'अयं वायु: सर्वेषां भूतानां मध्वस्य' यह वायु सभी भूतों का मधु (सभी भूतों के पुष्पों से प्राप्त रस) है और सभी भूत इस वायु के मधु है- वायो: सर्वाणि भूतानि मधु। सृष्टि निर्माण के सभी घटक एक-दूसरे से अंतरसंबंधित हैं। वे एक-दूसरे के मधु हैं। वे वायु हैं, प्राण हैं, मरूत भी हैं।

मरूद्गण धनी, दरिद्र सबको एक समान संरक्षण देते हैं। वैदिक सूक्तों में इन्हें अति प्राचीन भी बताया गया है 'हे मरूतो आपने हमारे पूर्वजों पर भी बड़ी कृपा थी' ऋग्वेद के एक और ऋषि अगस्त्य मैत्रवरूणि अतिरिक्त जिज्ञासु है। पूछतें हैं 'मरूद्गण किस शुभ तत्व से सिंचन करते हैं? कहां से आते हैं? किस बुद्धि से प्रेरित हैं? किसकी स्तुतियां स्वीकार करते हैं? (1.165.1-2) फिर मरूतों का स्वभाव बताते हैं। हम सबको भी वायु का प्रवाह अच्छा लगता है। वायु रुकी तो उमस बढ़ती है। कहते हैं 'हे मरूतो आप रात-दिन लगातार चलें, सभी क्षेत्रों में भ्रमण करें।' (5.54.4) वायु जगत का स्पंदन है। वे देवता हैं, इसीलिए वायु का प्रदूषण नहीं करना चाहिए।

वे जीवन हैं, जीवनदाता भी हैं। वायु से वर्षा है, वायु से वाणी है। गीत-संगीत गंध-सुगंध और मानुष गंध के संचरण का उपकरण भी वायु देव हैं। वायु नमस्कारों के योग्य हैं। भारतीय दृष्टि में वायु प्रकृति की शक्ति है। उनका अध्ययन जरूरी है, लेकिन दिव्य शक्ति की तरह उनको प्रणाम भी किया जाना चाहिए। वायु का प्रदूषण हजारों रोगों की जड़ है। प्राणवायु के लिए ही लोग सुबह-सुबह टहलने निकलते हैं, जहां वायु सघन है, वहां के जीवन में नृत्य है। जंगलों में वायु सघन है। इसीलिए वन उपवन मधुवन हैं। भारत का अधिकांश प्राचीन ज्ञान वनों में ही पैदा हुआ था। वैदिक मंत्रों में प्राणवायु की सघनता है। हम सब वैदिक संस्कृति के उत्तराधिकारी हैं, बावजूद इसके हम वायु को प्रदूषित करते हैं। प्रकृति को आहत करते हैं, स्वयं अपने ही जीवन जगत को क्षति पहुंचाते हैं। वायु प्रदूषण रोकने में ही हमारे जीवन की गति है।

# मेलों पर सक्रिय होते दिव्यांग भिक्षावृत्ति दलाल

देवभूमि के प्रांगण में सांस्कृतिक मेले अपना-अपना महत्व रखते हैं, जहां जिला मंडी में अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि मेले को और कुल्लू में दशहरे मेले को हम संजोए हुए हैं। वहीं, दूसरी ओर हम इन्हें अपनी पीढ़ी दर पीढ़ी आगामी भविष्य को हस्तांतरित करते हुए देव संस्कृति समागम के रूप में प्रत्येक वर्ष मनाते आ रहे हैं। इसी मेले की भीड़ में कुछ बाहरी प्रवासी दिव्यांगजनों से उनका फायदा उठाकर भिक्षावृत्ति करवाकर अपनी दलाली की दुकानें सजाने लग जाते हैं। प्रत्येक वर्ष मेले से शुरुआती दौर से समापन के बाद भी दिव्यांगजन भिक्षा मांगते हुए नजर आते हैं। यह गिरोह मालिक दलालों के माध्यम से संचालित किए जाते हैं। पूरा दिन एक जगह बैठकर अलग-अलग भिक्षा बिंदुओं को चिन्हित कर, यह मेले में भीड़ से भिक्षा मांगते हुए नजर आते हैं।

हिमाचल शांत प्रदेश है, यहां के पहाड़ी लोगों का हृदय रहमदिल, दरियादिल, भोलापन, दया भावना से भरा हुआ है। इसी चीज का ये फायदा उठाकर उनसे पैसे ऐंठते हैं। अगर इन दिव्यांगजनों को इस भिक्षा से प्राप्त रुपए का फायदा मिलता तो, यह बात अलग थी। उनके पीछे दलाल सक्रिय होते हैं। वह शाम होते ही इनके भिक्षा पात्र से एकत्रित धन साफ कर ले जाते हैं। इनके पीछे एक और अन्य अन्याय की दीवार खड़ी होती है। स्थानीय भिखारी न के बराबर होते हैं। पूरे वर्ष भर ये दिव्यांग भिखारी मेले वाले स्थान के इर्द-गिर्द नजर नहीं आते हैं। जैसे ही इन्हें मालूम होता है कि इस अमुक जगह पर मेला लगने वाला है, ये प्रवासी भिखारी दलाल सक्रिय हो जाते हैं।

सर्वप्रथम मांगना व भिक्षावृत्ति के लिए प्रेरित करना जबरदस्ती मंगवाना कानूनी जुर्म है। इस आड़ में बाल घुमंतू भिखारी, छोटी बच्चियों, महिला भिखारियों की भी बाढ़ सी आने लगती है। बचपन की उम्र पढ़ने लिखने की उम्र होती है, इसी तरह इस नाजुक उम्र में छोटे बच्चों के कई समूह यह कृत्य करने में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। इन्हें कानून की जानकारी न के बराबर होती है। कुछ लाभ की लालसा से ग्रसित इनसे लाभ प्राप्ति का फायदा उठाकर इन बच्चों के भोलेपन का



लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर

इस्तेमाल, चोरी की वारदातों को करवाने के लिए भी प्रेरित करते हैं। मुख्य रूप से दिव्यांग भिखारी शारीरिक रूप से अक्षम होते हैं। बाजू, टांगें, हाथ-पैर, आंखें न होने के कारण इनका फायदा भिक्षा गिरोह के लोग उठाते हैं। अपने हितों को साधने का प्रयत्न इनके माध्यम से कर धन अर्जित करते हैं। वाराणसी घाट, मणिकर्णि का घाट, काशी विश्वनाथ मंदिर, मथुरा, वृंदावन, हरिद्वार, ऋषिकेश इत्यादि धार्मिक पवित्र स्थानों में मानव तस्कर चोरी किए गए छोटे बच्चों को अपाहिज बनाकर इन्हें भिक्षावृत्ति के धंधे की ओर संलग्न कर प्रवृत्त करते हैं। इन्हें छोटी सी उम्र में ही टॉर्चर किया जाता है।

इसमें अधिकतर भिखारी मानसिक रूप से संतुलन खोकर सोचने-समझने व बोलन-सुनने में लाचार एवं अक्षम हो जाते हैं, क्योंकि इन गिरोहों को डर होता है कि हम पकड़े जाएंगे। सामाजिक रूप से यह सबसे बड़ा मानवता का हनन है। ये भिखारी कोई बाहरी देश से नहीं आते, ये हमारे ही समाज के पिछड़े गरीब हाशिए पर खड़ी एक पट्टी से आते हैं। जो कुछ चुनिंदा व्यक्तियों के लाभ कमाने के उद्देश्य को लेकर ऐसी मानसिकता पालने वालों के हाथों का शिकार बनते हैं।

अभी जिला मंडी में विश्व विख्यात अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव का आगाज होने वाला है। इसके बाद सुंदरनगर का राज्य स्तरीय नलवाड़ मेला फिर बिलासपुर जिले में मेला होगा। यहां इन आयोजनों में पहले से ही भिक्षा मंगवाने वाले दलाल अपने-अपने स्थान को बदलकर मुनाफा कमाना शुरू कर देंगे। प्रशासन, पुलिस प्रशासन को इस गतिविधि पर सजग रहकर सीसीटीवी से लगातार नजर बनाए रखने की जरूरत है। जिस गाड़ी से ये दिव्यांगजन भिखारी उतारते हुए पाए जाते हैं, उन दलाल गिरोहों के सरगनाओं तक पहुंच स्थापित कर पता लगाया जा सकता है, ताकि देवभूमि के भीतर यह अपराध देखने को न मिले। इन मेलों को लेकर विदेशियों के साथ भी सरोकार जुड़े हैं, इसलिए इन मेलों को अंतरराष्ट्रीय मेले की संज्ञा दी गई है।

अगर हमारी सड़कों पर इस तरह खुलेआम भीख मांगी जा रही है तो ये इन विदेशी मेहमानों की नजर में एक घृणित और लज्जापूर्ण व्यवहार होगा। देवभूमि हिमाचल सांस्कृतिक रूप से आस्था का केंद्र है। राज्य के समाज के लोग भीख नहीं मांगते, प्रवासी यहां आकर भीख मांगते हैं, तो यह हमारे देव समाज, देव संस्कृति, देवनीति के ऊपर एक शर्मनाक प्रश्नचिन्ह होगा।

कृपया अपने आलेख इस ई-मेल पर भेजें।
editoranantgyaan@gmail.com

## अपनी बात

**आजकल** आदमी इतना व्यस्त हो गया है कि वह अपने स्वास्थ्य का बिलकुल भी ख्याल नहीं रखा पा रहा है, जिस कारण युवा लोग ही मृत्यु का शिकार होने लगे हैं। आधुनिक जीवन शैली कई विकारों से भरी है। आदमी व्यस्त नहीं अस्त-व्यस्त हो गया है। जितनी सुविधाओं से भरपूर जीवन हो रहा है, उतना ही आदमी अपने जीवन में सुकूं के चार पलों से महरूम हो रहा है। आखिर ऐसे हालात क्यों पैदा हो रहे हैं। इतनी व्यस्त लाइफ क्यों हो रही है। घर से लेकर दफ्तर तक आदमी एक मशीन का चलता पुर्जा बनकर रह गया है। यही कारण है कि कम उम्र में हार्ट अटैक, हाइपरटेंशन और शुगर जैसी बीमारियां होने लगी हैं। जिंदगी अस्त-व्यस्त तो ही है वहीं खान-पान भी सही नहीं रहा है। असमय खाना, किसी भी वक्त खा लेना। यही एक व्यस्त लाइफ का रूटीन बनता जा रहा है जो भविष्य में सेहत के लिए बिलकुल भी सही नहीं है। हमें इस जिंदगी को व्यस्त रखना है लेकिन अस्त-व्यस्त नहीं, लेकिन जिंदगी कैसे व्यवस्थित होगी। यह हम-आप पर निर्भर करता है। वर्ना आजकल तो जिंदगी ऐसे है। बकौल शायर निदा फाजली- सुबह से शाम तक बोझ ढोता हुआ अपनी ही लाश का खुद मजार आदमी।

-रवि कुमार, कांगड़ा

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# रावी में छलांग लगाने वाली युवती नहीं मिली

**आरके रांगड़ा, चंबा**

चंबा-पठानकोट राष्ट्रीय उच्च मार्ग समीप परेल नामक स्थान से अज्ञात युवती द्वारा रावी में छलांग लगाने वाले युवती का तीसरे दिन भी कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया है।

हालांकि इस मामले से जुड़े पंचायत कीड़ी वासियों के उनके गांव से लापता उस दिन युवती का अंदेशा लगाते जिला प्रशासन चंबा से उचित जांच की मांग उठाई गई।

जिस पर जहां प्रशासन द्वारा पुलिस, अग्निशमन दलों को पहले दिन से ही लापता युवती की तलाश में तैनात कर दिया। वहीं जिला परिषद सदस्य मनोज मन्नु व पंचायत कीड़ी के लोगों की मांग पर सुंदरनगर से विशेष गोताखोर दल को बुलाया गया है।



रावी नदी में गोता लगाकर युवती की तलाश करने हुए गोताखोर।

गौर हो कि अज्ञात युवती की तलाश में सुंदरनगर से आए गोताखोरों ने तीसरे दिन छलांग लेने के स्थल से लेकर रावी नदी के कई तटों पर युवती की खोज की गई, लेकिन चार सदस्य गोताखोरों की दिनभर की कसरत के बावजूद भी अज्ञात युवती का रावी नदी में कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।उधर एसडीएम चंबा अरुण शर्मा ने बताया कि युवती की तलाश में अभियान छेड़ा गया है। जिसके तहत सुंदरनगर से गोताखोर दल तक बुलाया गया है।



अरुण शर्मा।

# जिला कांग्रेस कमेटी ने दी प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिला कांग्रेस कमेटी हमीरपुर द्वारा सदर विधानसभा की ग्राम पंचायत बरालड़ी के गांव घोड़ी में चले पांव शहर-शहर, गांव-गांव के तहत स्थानीय लोगों के साथ बैठक की तथा प्रदेश कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

इस बैठक के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी हमीरपुर के अध्यक्ष सुमन भारती ने लोगों को योजनाओं के बारे में बताया कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा हाल ही में जो बजट पेश किया गया है उससे प्रदेश के हर वर्ग लाभान्वित हुआ है। प्रदेश सरकार द्वारा अपने चैदह महीने के छोटे से कार्यकाल में चुनावों के दौरान दी गई 10 गारंटीयों में से पांच गारंटीयां पूरी कर दी गई हैं, जिसमें पांचवी गारंटी पूर्ण रूप से नारी शक्ति को समर्पित की गई है जिसमें सरकार ने अपनी गारंटी को पूरा करते हुए 18 वर्ष से ऊपर सभी माताओं बहनों को 1500 रुपए प्रति माह देने के लिए इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना की शुरुआत की है।


इस तरह प्रदेश की महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना के तहत विधवा एवं एकल महिलाओं को 27 साल तक के बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जाएगी।

# भजनों से शिवभक्तों को किया भक्तिमय

**मुकेश कुमार डलहौजी**

पद्दर भुरू नाग देवता लंगर कमेटी बनीखेत की तरफ से महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन की शुरूआत प्रसिद्ध लोक गायक कुमार मनु, सनी बेदी एवं लकी ठाकुर के इस आयोजन में आने पर लंगर कमेटी की तरफ से स्वागत किया गया तत्पश्चात इन गायकों ने अपने भजनों से शिव भक्तों को भक्तिमय कर दिया।

भजनों के साथ-साथ लोगों ने शिव मंदिर में शीश निवाकर लंगर रूपी प्रसाद को ग्रहण कर शिव आशीर्वाद भी प्राप्त किया। लखबीर साउंड बनीखेत एवं शालू बैंड चंबा ने भी इस आयोजन में अपना विशेष योगदान दिया। बताते चलें कि इस आयोजन में डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डीएस एस ठाकुर ने भी भुरु नाग देवता मंदिर मे शीश निवाकर नाग देवता एवं शिव शंकर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया । वहीं लंगर कमेटी बनीखेत ने आए हुए समस्त श्रद्धालुओं को इस आयोजन में अपने सहयोग के लिए महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देकर धन्यवाद भी किया।



भंडारा ग्रहण करते हुए लोग।



विधायक के स्थानिय लोग।

## न्यूज ब्रीफ

### घटोर में 23 वर्षीय युवक की मौत

**भरमौर।** पंचायत जगत के गांव घटोर में 23 वर्षीय युवक की पैर फिसलने से मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार वीरवार युवक चंबा से घर की तरफ जा रहा था गांव उरई से आगे अंधेरा होने के कारण पैर फिसलने से युवक की मौके पर मौत हो गई। मृतक का नाम अमित कुमार पुत्र मंगतराम उमर 23 वर्ष बताई गई है। वहीं जब तक परिवार वाले घटनास्थल पर पहुंचते उससे पहले युवक की मौत हो चुकी थी। प्रधान ग्राम पंचायत जगत अमी चंद ने कहा कि अमित कुमार किसी काम से घर से बाहर गया था घर को लौटते वक्त रास्ते में पर फिसलने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई है।



मृतक युवक की फाइल फोटो।

### शिव मंदिर भनोता में लगाया भंडारा



**चंबा ।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष पर शिव मंदिर भनोता में शिव नुआले का आयोजन किया गया। महाशिवरात्रि रात नुआले में श्रद्धालुओं ने गुरु चेले का आशीर्वाद लिया लोगों का कहना है कि यह आयोजन हर शिवरात्रि के दिन होता है। मंदिर कमेटी के प्रधान जनक शर्मा ने बताया कि शिवरात्रि के दिन सुबह झंडा रस्म व रात का नुआले का आयोजन किया जाता है। वहीं दूसरे दिन सुबह हवन करके भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर कमेटी के सदस्य मदन कुमार, पवन कुमार, मिड्डू, राजकुमार, राजू, मनु, बबलू, सुरेंद्र, इंदर, शिव कुमार मौजूद थे।

# पुखरी-तिमण मार्ग की हालत खस्ता

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा ब्लाक अधीन पुखरी-तिमण संपर्क मार्ग की हालत दिन व दिन दयनीय अवस्था की ओर अग्रसर हो रही है। जिसके चलते क्षेत्र संबधी ग्रामीणों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने संबधी लोनिवि समक्ष मार्ग सुधार के लिए गुहार लगाई जा चुकी है। मगर मार्ग की हालत जस की तस बरकरार है।

पुखरी-तिमण मार्ग क्षेत्र ग्रामीणों में श्याम सिंह, प्रमोद कुमार, राम सिंह, कंवर, शेर सिंह, रविंद्र, शशि, सुभाष, अरविंद, नीरज, अजय सिंह, प्रकाश, हेमराज, व मुकेश आदि का कहना है कि गत कई माह से पुखरी-तिमण संपर्क मार्ग जर्जर हालत से गुजर रहा है।

उन्होंने कहा कि कई बार पंचायत प्रतिनिधियों समक्ष पुखरी-तिमण मार्ग दयनीय अवस्था सुधार की मांग को उठाया जा चुका है। लेकिन मार्ग सुधारात्मक संबंधी आज दिन तक कोई व्यापक कदम पंचायत की ओर नहीं उठाए जा सके। उक्त संपर्क मार्ग संकरी व कच्चा होने के चलते यहां कई दुर्घटनाओं का केंद्र बनता जा हा है। जिसके चलते मार्ग पहले भांति अब ओर जर्जर व्यवस्था को अग्रसर हो चुका है।

ग्रामीणों ने लोनिवि से गुहार की है कि इस दिशा में जल्द से जल्द व्यापक कदम उठाए जाए। ताकि क्षेत्र वासियों को मुश्किलों के दौर से न गुजरना पड़े।

## बारिश से सराहन मार्ग की हालत दयनीय

**चंबा ।** पंचायत सराहन मार्ग की हालत गत दो दिनों से हो रही बारिश के कारण दयनीय अवस्था की ओर अग्रसर हो गई है। जिसके चलते ग्रामीणों व राहगीरों के परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सराहन मार्ग की हालत दयनीय होने से मार्ग संकरी अवस्था की ओर अग्रसर हो रहा है। जिसके चलते राहगीरों को दिक्कतों के दौर से गुजरना पड़ रहा है, जिसमें स्कूली बच्चों को अन्य लोगों के मुकाबले अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



**लोगों को करना पड़ रहा दिक्कतों का सामना**

क्षेत्र ग्रामीणों में रविंद्र, शशि, सुभाष, अरविंद, नीरज, अजय सिंह, प्रकाश, हेमराज, सुरेंद्र, विरेंद्र, मुकेश, लता, ममता, इंद्रा, आशा, प्रितो देवी, कल्पना, संतोष, मधु व सरिता देवी आदि का कहना है कि पहले ही जर्जर हालत में सरहान मार्ग के हालात थे।

वहीं बारिश से मार्ग पर पानी के रिसाव से भूमि कटाव होने सहित मार्ग की हालत खस्ता हो गई है।

# एसएमसी अध्यापकों की वेतन अदायगी में भाई-भतीजाबाद : रजनी

**ओपी शर्मा, भरमौर**

पांगी के कुछ स्कूलों में तैनात एसएमसी अध्यापकों के वेतन की अदायगी पर भाई भतीजावाद के आरोप हिमाचल प्रदेश स्टेट सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर आदिवासी कांग्रेस रजनी पठानिया ने लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सीनियर सैकेंडरी स्कूल शेचूनाला में एसएमसी पर तैनात कुछ अध्यापकों को वेतन दिया जा रहा है तो कुछ को वेतन के नाम पर तरसाया जा रहा है।



उन्होंने स्कूल प्रबंधन पर आरोप लगाया है कि क्या सरकार सिर्फ चुनिंदा लोगों को ही देखकर बजट बनाती है या चुनिंदा लोगों के लिए ही बजट भेजती है व उन्हें वेतन देती है। सेचूनाला स्कूल में स्कूल प्रबंधन द्वारा कुछ चहेते अध्यापकों को वेतन की अदायगी की जा रही है, जबकि इसी स्कूल में तैनात कई एसएमसी अध्यापकों को पिछले कई महीनों का वेतन का भुगतान नहीं किया गया है।

रजनी पठानियां ने कहा कि कुछ अध्यापकों को वर्ष 19-20 और 20-21 का भी वेतन नहीं दिया गया है। रजनी पठानियां ने कहा कि इस संबंध में यहां पर तैनात पूर्व प्रधानाचार्य एवं वर्तमान प्रधानाचार्य से समस्या का समाधान करने की गुहार लगाई, नतीजा निराशाजनक ही रहा है।

उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई है और ऐसा करने वाले आरोपी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)



'जला के पांगी क्षेत्र में एसएमसी शिक्षकों को वैसे तो मासिक वेतन नहीं है। मगर उन्हें शिक्षा सेवाओं के कुछ राशि जरूर प्रदान की जाती है। यदि उसे देने में भी अगर स्कूल प्रबंधन पक्षपात या भेदभाव कर रहे हैं तो इसकी उचित जांच की जाएगी। फिलहाल पांगी में बर्फबारी के चलते मार्ग बंद है, जिसके चलते मार्ग व मौसम खुलते ही विभाग द्वारा अवश्य की जाएगी।

**-प्यार सिंह चाढ़क, उपनिदेशक उच्च शिक्षा विभाग चंबा।**

## मनोज वालिया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

**सुंदरनगर।** इंडियन किसान यूनियन ने हिमाचल में मनोज वालिया को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मनोज वालिया मंडी जिला के सुंदरनगर से संबंध रखते हैं और शिक्षा विभाग से बतौर प्रिंसिपल के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। इंडियन किसान यूनियन के अध्यक्ष रामकुमार वालिया ने बताया शीघ्र ही हिमाचल प्रदेश कार्यकारिणी भी घोषित की जाएगी। नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मनोज वालिया ने बताया कि किसानों को केंद्र तथा प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी देने का भी कार्य करती है।

## 10 मार्च को सुंदरनगर मंडल का त्रिदेव सम्मेलन

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर मंडल भाजपा का त्रिदेव सम्मेलन रविवार 10 मार्च को सुबह 10 बजे भाजपा कार्यालय में आयोजित होगा। भाजपा मंडल के प्रवक्ता देशराज ने बताया सम्मेलन में प्रदेश भाजपा के मीडिया संयोजक एवं नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जम्वाल कार्यक्रम में विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे। त्रिदेव सम्मेलन में मंडल के सभी शिरकत करेंगे।

## शनि महिमा





हरदासपुरा वार्ड स्थित शनिदेव मंदिर जहां सैंकड़ों भक्तों ने शीश नवाज शनिदेव दर्शन किए और मंगलकामना का आशीर्वाद लिया।

# लोगों की संगत से अच्छा है एक गुणी व्यक्ति की संगत : अमित

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हरदासपुरा वार्ड स्थित शनिदेव मंदिर में शनिवार को सैंकड़ों भक्तों ने शीश नवाज शनिदेव दर्शन किए, जबकि इस अवसर पर मंदिर पुजारी अमित शर्मा ने भक्तों को शनि महिमा प्रवचनों का बोध करवाया।

भक्तों को शनि महिमा प्रवचनों से रू-ब-रू करवाते हुए पुजारी अमित शर्मा ने बताया कि मुंह में राम-राम बगल में छुरी रखने वाले व्यक्ति एक न एक दिन सार्वजनिक होकर खता जरूर खाता है। ऐसे मनुष्य न अपने और न ही दूसरों के प्रति हितकारी होते है।

सौ बुरे लोगों की संगत से अच्छा है एक गुणी व्यक्ति की संगत अथवा धार्मिक एवं ज्ञान की पुस्तकों की संगत करना, जो सदैव मनुष्य को शिष्टाचारी, विनम्र, धार्मिक व नेक मार्ग का बोध करवाते है। अपितु अज्ञानी एवं अगुणी मनुष्य सदैव ही गलत मार्ग का अनुसरण करवा मनुष्य के पतन का सबसे बड़ा कारण बनते है।

**ज्ञानी व्यक्ति ही गुणी होने का दर्जा रखता है**

जिसके लिए भगवान शनिदेव कहते है कि ज्ञानी व्यक्ति ही गुणी होने का दर्जा रखता है। इस मौके पर चंबा मुख्यालय सहित दूदराज के शनिभक्तों ने सैंकड़ों की संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# सड़क सुविधा से जुड़ेंगे भटियात के सभी गांव : कुलदीप

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी को अगले शैक्षणिक सत्र से स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्तरोन्नत किया जाएगा। राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि भाग लेते हुए विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया बोल रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष पठानिया ने कहा कि चूंकि चुवाड़ी राजकीय महाविद्यालय विधानसभा क्षेत्र भटियात तथा आसपास के बहुत बड़े इलाके में उच्च शिक्षा का प्रमुख संस्थान है। साथ में ग्रामीण परिवेश के अनुरूप महाविद्यालय ने अपनी विशेष पहचान बनाई है।

ऐसे में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए अगले शैक्षणिक सत्र में यहां विभिन्न विषयों की स्नातकोत्तर कक्षाएं शुरू करने के साथ बीसीए तथा पीजीडीसीए अध्ययन की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी।





समारोह के दौरान मुख्यतिथि छात्रा को सम्मानित करते हुए।

**महाविद्यालय चुवाड़ी का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित**

कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सामाजिक सेवा क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता प्रदान की गई है। विकास कार्यों पर कहा कि वर्ष 2027 तक विधानसभा क्षेत्र के सभी गांव को सड़क सुविधा से जोड़ दिया जाएगा।

इससे पहले कुलदीप सिंह पठानिया ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। वहीं 31 हजार की धनराशि देने की घोषणा की। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए।


पठानिया का समारोह में पधारने पर महाविद्यालय प्रबंधन एवं स्थानीय लोगों द्वारा स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ. पीएल भाटिया ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

सदस्य निदेशक मंडल राज्य वन निगम चेला कृष्ण चंद, उपाध्यक्ष नगर पंचायत चुवाड़ी सुरेंद्र, राजीव कौशल, विजय कंवर, एसडीएम पारस अग्रवाल, रजनीश महाजन, थाना प्रभारी रमन चौधरी, लोक निर्माण हर्ष पूरी आद मौजूद थे।

# अर्चना ने टूटे टफन ग्लास के क्रिस्टल से बनाया प्रेम मंदिर

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी**

कहते हैं कि अगर मन में कुछ करने की लालसा हो तो रास्ते भी मिल जाते हैं सफलता भी। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है टपरे पंचायत के नोहगीं गांव की अर्चना कुमारी ने टूटे हुए टफन ग्लास के क्रिस्टल से प्रेम मंदिर बनाया इससे पहले भी अर्चना कोविड के समय उन्होंने बांसुरी बनाना सीखी और व्यावसायिक के तौर पर आज भी बनाती है। वेस्ट मटेरियल से उन्होंने कई कला-कृतियां बनाई हैं। इनके घर में अधिकतर पेंटिंग व सजावट का सामान उन्होंने खुद बनाया है



अर्चना कुमारी द्वारा बनाया प्रेम मंदिर।

# हिमाचल के हिमकेयर कार्ड धारकों का पीजीआई में होगा मुफ्त इलाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार की स्वास्थ्य योजना के तहत बने हिमकेयर कार्ड से पीजीआई चंडीगढ़ में मरीजों को कैशलेश उपचार मिलना शुरू हो गया है। पीजीआई प्रशासन ने हिमकयेर कार्ड धारकों के उपचार के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा शुरू कर दी है। पीजीआई के निदेशक ने कार्यालय आदेश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि पीजीआई में हिमकेयर योजना के लाभार्थियों के लिए कैशलेस सुविधा को क्रियाशील कर दिया गया है। हिमकेयर लाभार्थियों के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया वही है, जो आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों के लिए अपनाई जाती है। पीजीआई में कैशलेश सुविधा मिलने से हिमाचल के हज़ारों मरीजों को राहत मिलेगी। हिमाचल से हर साल करीब पांच हज़ार हिमकेयर योजना के लाभार्थी पीजीआई में उपचार करवाते हैं। हाल ही में पीजीआई प्रशासन ने कैशलेश उपचार प्रदान करने के लिए हिमकेयर के साथ एक एमओयू साइन किया था। पीजीआई और हिमाचल प्रदेश के एचपी स्वास्थ्य बीमा योजना सोसायटी के बीच हिमकेयर कर धारकों को पीजीआई में कैशलेस उपचार सुविधा उपलब्ध करवाने को लेकर समझौता किया गया था। इसके बाद कैशलेश सुविधा के लिए पीजीआई में ट्रायल चलाया गया।

पीजीआई चंडीगढ़ में देश के कोने-कोने से लोग उपचार करवाने आते हैं, लेकिन हिमाचल के शिमला, सोलन, सिरमौर, किन्नौर व ऊना आदि के लोग यहां उपचार करवाने अधिक पहुंचते हैं। बिलासपुर में एम्स खुलने से मैदानी इलाकों के लोगों को तो वहां लाभ मिल रहा है, लेकिन पहाड़ी क्षेत्रों के लोगों व ऊना के लोग पीजीआई का अधिक रुख करते हैं। ऐसे में हिमकेयर योजना के तहत पीजीआई में कैशलेस उपचार सुविधा मिलने से हिमाचल के मरीजों को पैसों के झंझट से निजात मिलेगी। उल्लेखनीय है कि हिमकेयर योजना में पांच लाख रुपए तक के कैशलैस उपचार लाभ की सुविधा है। हिमाचल प्रदेश में 1 जनवरी, 2019 से हिमकेयर योजना शुरू हुई है।

# सुंदरनगर के कनैड की आकांक्षा को मिला यूनी गोल्ड मेडल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जिले के सुंदरनगर उपमंडल के गांव कनैड की आकांक्षा भारद्वाज को पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ से एमएससी की परीक्षा में वर्ष 2023 में प्रथम श्रेणी में पास करने पर यूनी गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया है। गोल्ड मेडल मिलने पर परिजनों में बेहद खुशी है।

आकांक्षा भारद्वाज के नाना कुमी राम चौहान ने बताया कि आकांक्षा इन दिनों कतर एयरवेज में क्रू मेंबर के तौर पर अपनी सेवाएं दे रही हैं। वह पढ़ाई लिखाई में शुरूआत से ही प्रथम श्रेणी में उतीर्ण होती रही है। पढ़ाई में उसने हमेशा अपने मां बाप का गौरव बढ़ाया है। उसके पिता बिहारी लाल भारद्वाज शिमला में बतौर कानून अधिकारी कार्यरत हैं जबकि माता भगवति भारद्वाज सहायक लाइब्रेरियन के पद पर वल्लभ महाविद्यालय मंडी में सेवारत है।

**आयोजन** महाविद्यालय चंबा की महिला प्रकोष्ठ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर किया कार्यक्रम का आयोजन

# 'महिलाएं हर क्षेत्र में कर रही उन्नति व तरक्की'

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय महाविद्यालय चंबा की महिला प्रकोष्ठ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया। राजकीय महाविद्यालय चंबा के उप प्राचार्य प्रो. राकेश राठौर ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की। जबकि महिला प्रकोष्ठ की संयोजक प्रो. पूनम विशेष रूप से स्टाफ सहित उपस्थिति दर्ज करवाई।

कार्यक्रम में अपने अभिवादन में महाविद्यालय चंबा के उप प्राचार्य प्रो. राकेश राठौर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन महिलाओं को समाज में सशक्त बनाने के उद्देश्य से किया गया, जिसकी बदौलत आज महिलाएं हर क्षेत्र में उन्नति व तरक्की कर रही है। उन्होंने कहा कि केवल जागरूकता ही एक ऐसा मार्ग है जो महिलाओं, युवतियों को उनके मौलिक अधिकारों से अवगत करवाने सहित आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करता है।

उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि स्त्रियों को दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं के लिए हमें मानसिक रूप से तैयार रहना है, और शिक्षा इसके लिए सबसे बड़ा हथियार है।



महाविद्यालय चंबा में आयोजित मलि दिवस कार्यक्रम में उपस्थित प्रो. व छात्र-छात्राएं।

वहीं महाविद्यालय महिला प्रकोष्ठ की संयोजक प्रो. पूनम ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विस्तार पूर्व प्रकाश डाला।

वहीं प्रो. डॉ. संतोष ने कहा कि नारी तो एक नूर है जिसके बिना संसार सूना है। सभी स्त्रोत व्यक्तियों ने नारियों की पूर्व वर्तमान और भविष्य की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए नारियों की सशक्तिकरण के लिए शिक्षा का होना अनिवार्य बताया। वहीं कार्यक्रम में स्त्रोत व्यक्ति के रूप में प्रो. डॉ. संतोष कुमार, प्रो. डॉ. कुलदीप व प्रो. विजय रहे।

इस मौके पर प्रो. डॉ. पूनम, प्रो. सुमित, प्रो. डॉ. चमन, प्रोफेसर पूर्णिया, प्रो. डॉ. शैली, प्रो. डॉ. शिवानी अबरोल, प्रो. शिल्पा, प्रो.संतोष, प्रो. अंकिता, प्रो. अमिता, प्रो. डॉ. वीरेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# खणी-गरिमा पंचायत के लोग करेंगे लोकसभा चुनाव का बहिष्कार

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

एकलव्य मॉडल रैजीडैंशियल स्कूल निर्माण को लेकर उपमंडल भरमौर में दिन-प्रतिदिन लोगों का सरकार के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। एकलव्य आवासीय स्कूल निर्माण को लेकर ग्राम पंचायत खणी और ग्रीमा के लोगों द्वारा खणी आज शनिवार को दुर्वी प्रागण में मासिक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। खणी पंचायत के लोग लगभग 20 वर्ष से स्कूल निर्माण की राह देख रहे है। लेकिन सरकार और प्रशासन के विफलता कर कारण इस स्थान पर स्कूल की नीव का पत्थर नहीं रखा गया है। उल्टा इस स्कूल को खणी से अन्य दूसरी जगह पर शिफ्ट करने की बात कही जा रही है। जिससे इन दिनों पंचायत के लोग काफी आक्रोषित दिखाई दे रहे है।



अपनी मांग को लेकर रोष जताते हुए लोग ।

ग्रामीणों का कहना है कि हमने एकलव्य मॉडल रैजीडैंशियल स्कूल को बनाने के लिए अपने मकान और सेब के पेड़ों को भी कटवाया है लिहाजा अभी तक सरकार और प्रशासन द्वारा आजतक कोई उचित कदम नहीं उठाया गया है। उनका कहना है कि अगर स्कूल को खणी में जल्द नहीं बनाया गया तो वह आने वाले लोकसभा चुनावों का पूर्ण रूप से बहिष्कार करने का मन बना चुके है।

# समदो बॉर्डर के नवोदय विद्यालय लरी में फरिश्ता बनकर पहुंचे पुलिस जवान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

देश में सबसे ऊंचाई पर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय लरी स्पीति के विद्यार्थियों की खुशी का ठिकाना नहीं रह जब उन्होंने लाहौल-स्पीति पुलिस के वाहन को स्कूल कैंपस में आते देखा।

पुलिस जवानों को देखते ही स्कूल स्टाफ के साथ बच्चों ने राहत की सांस ली। दरअसल स्पीति के समदो बॉर्डर से महज 20 किमी दूर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय लरी में अध्ययनरत बच्चों से अविभाभक पिछले करीब दो सप्ताह से बातचीत नही कर पा रहे थे। पिछले दिनों हुई बर्फबारी के कारण समूचे स्पीति घाटी में बिजली और टेलीफोन सेवा ठप है।

### माइनस 20 डिग्री में न बिजली और न फोन सेवा, अभिभावक थे परेशान

बताया जा रहा है कि स्पीति में इन दिनों पारा शून्य से 20 डिग्री नीचे चल रहा है। लिहाजा परिजन अपने बच्चों की खेरियत जानने के लिए परेशान थे। वहीं स्कूल में तैनात बाहरी जिलों और अन्य राज्यों के टीचर भी अपनों से बात करने को तरस गए। लाहौल के अविभावकों के गुजारिश पर एसपी मयंक चौधरी ने सैटेलाइट फोन से बात कर समदो चेकपोस्ट में तैनात पुलिस की टीम को बच्चों और स्टाफ की खैरियत जानने स्कूल भेजा। वहां पहुंच कर स्टाफ ने बताया की एलपीजी सिलेंडर का स्टॉक खत्म हो गया। पुलिस ने एलपीजी सिलेंडर के अलावा अन्य जरूरी सामान भी स्कूल पहुंचाया।

एसपी के आदेश पर पुलिस जवानों ने सभी बच्चों के अलावा स्कूल स्टाफ का उनके घरवालों से सेटलाइट फोन से बातचीत करवाई। स्कूल के प्रधानाचार्य संजय राही ने इसके लिए एसपी मयंक चौधरी के साथ लहौल-स्पीति प्रशासन और पुलिस जवानों का आभार जताया है। उधर, एसपी मयंक चौधरी ने कहा कि परिजनों की और से इस संदर्भ में उन्हें फोन आए थे। लिहाजा उन्होंने समदो बॉर्डर में तैनात पुलिस जवानों को जेएनवी लरी भेजा। बता दें कि इन दिनों स्कूल में अवकाश के चलते स्पीति के स्थानीय बच्चे अपने घर निकल गए हुए हैं। जबकि लाहौल घाटी के बच्चे स्कूल में ही रह रहे हैं।

### बच्चों और टीचरों ने सैटेलाइट फोन से परिजनों से की बात



विद्यार्थियों के परिजनों से सैटेलाइट के माध्यम से बात करवाते हुए पुलिस जवान।

### कुंजम दर्रा बंद, लोग करीब 800 किमी सफर तय कर पहुंच रहे स्पीति

**कुंजम** दर्रा बंद होने के कारण लाहौल के लोगों को जलोड़ी, रामपुर और किनौर के रास्ते करीब 800 किमी का सफर कर स्पीति पहुंचना पड़ता है। अभिवावक अशोक, जगदीश व टशी ने बताया कि हिमपात के बाद उनकी बच्चों से बात नहीं हो पा रही थी जिससे वह परेशान हो गए थे।

# जाणा वॉटर फाल की पहाड़ियों में आज स्नो मैराथन

अनंत ज्ञान, ब्यूरो, कुल्लू

हिमाचल पर्यटन विभाग और रीच इंडिया के सहयोग से करवाया जा स्नो मैराथन इस बार कुल्लू मनाली में नग्गर के निकट जाणा फाल की पहाड़ियों में रविवार को होगा। तीसरा स्नो मैराथन के लिए देश भर से धावक विशेषकर इंडियन नेवी के सेलर्स मनाली में पहुंचे और मेराथन के नियमों को जाना। आयोजक राजीव कुमार और गौरव शिमर ने बताया कि मेराथन स्थल स्थान्तरण के बावजूद भी धावकों में व्यापक उत्साह है और सुबह पांच बजे शुरु होने वाली मेराथन के लिए तैयार हैं। हिमाचल पर्यटन विभाग और रीच इंडिया के सहयोग से करवाये जा रहे इस स्नो मैराथन में देश भर से धावक जुटे हैं जोकि 42 किलोमीटर, 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और पांच किलोमीटर में अपना दमखम दिखाएंगे।

मनाली, तीसरे स्नो मैराथन के आयोजन की कड़ी में मेडिकल पार्टनर के रुप में मनाली पहुंची फोर्टिस की डाक्टरी टीम ने शनिवार को नग्गर में एक मेडिकल कैंप का आयोजन किया। इस कैंप का संचालन डा. देवी सिंह और डा अब्दुलाह ने किया और निशुल्क डाक्टरी सलाह और दवाइयां प्राप्त की।

## न्यूज ब्रीफ

### भेड़ व खरगोश पालन के महत्व से किया जागरूक



**कुल्लू।** गड़सा स्थित उत्तरी शीतोष्ण क्षेत्रीय केंद्र में संस्थान द्वारा संचालित जनजातीय उपयोजना के माध्यम से तीन दिवसीय भेड़ एवं खरगोश पालन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। डॉ. रजनी चौधरी, वैज्ञानिक द्वारा किसानों को दिए गए प्रशिक्षण की समीक्षा प्रस्तुत की गई। डॉ. आर. पुरुषोत्तमन ने किसानों को भेड़ एवं खरगोश पालन के महत्व के बारे में बताया और भविष्य में भी केंद्र से जुड़े रहने की अपील की। कार्यक्रम के मुख्यातिथि सीता महंत, प्रधान ग्राम पंचायत, हुरला ने महिला किसानों को भेड़ एवं खरगोश पालन करते हुए स्वावलम्बी बनने की अपील की।

### आर्ट ऑफ लिविंग संस्था ने मनाई शिवरात्रि



**कुल्लू।** आर्ट ऑफ लिविंग संस्था कुल्लू के स्वयंसेवियों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षक बलदेव ठाकुर ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला के विभिन्न शमशी व अन्य जगहों पर स्वयंसेवियों ने शिवरात्रि मनाई। वहीं, कुल्लू के मौहल में स्वयंसेवियों के साथ गांव वालों ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।

### बीडीसी सदस्य ने जीती नारी शक्ति फिटनेस रन



**कुल्लू।** नेहरू युवा केंद्र कुल्लू द्वारा नारी शक्ति फिटनेस रन का आयोजन नग्गर विकास खंड की ग्राम पंचायत बरान में किया गया। इस दौरान जहां महिलाओं को नेहरू युवा केंद्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे नारी शक्ति फिटनेस रन कार्यक्रम से अवगत करवाया गया। महिलाओं ने महिला फिट तो इंडिया हिट थीम पर फिटनेस रन का आयोजन किया, जिसमें ग्राम पंचायत के बीडीसी सदस्य पुष्पा कटोच ने प्रथम स्थान हासिल किया। गुंजन ने दूसरा स्थान तथा कृष्णा देवी ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर धनी देवी, प्रधान ग्राम पंचायत बरान ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत कर विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का द्वितीय चरण शुरू

**बंजार।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा आज




राष्ट्रव्यापी मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत द्वितीय चरण का आयोजन किया गया। द्वितीय चरण का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार के सलाहकार समिति अध्यक्ष प्रो. रामा नन्द के सम्बोधन से किया गया। डॉ. श्रवण कुमार कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार ने बताया कि इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में किया गया।

### पर्यटन स्थल सोलंगनाला में पर्यटकों का मेला



**केलांग।** पर्यटन स्थल सोलंगनाला में बर्फ के दीदार को पर्यटकों का मेला लग गया है। शनिवार को पर्यटन नगरी मनाली में धूप खिली रही। दिन भर पर्यटकों ने धूप के बीच बर्फ की खेलों का आनंद उठाया। सोलंगनाला पर्यटकों के लिए बहाल है जबकि आने वाले समय में बर्फ से लदे अटल टनल के साउथ व नार्थ पोर्टल सहित, सिस्सू, कोकसर, कोठी और गुलाबा में पर्यटक बर्फ के दीदार कर सकेंगे।

# चार से 20 फुट ऊंची बर्फ की दीवार काटकर बढ़ रहा बीआरओ


अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

मनाली केलांग को आपस में जोड़ने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए बीआरओ के लक्ष्य पर एवलांच भारी पड़ रहे हैं। हालांकि सड़क सीमा संगठन ने इससे पहले भी इस मार्ग से बर्फ को हटाकर यातायात के लिए बहाल कर दिया था लेकिन उसके बाद फिर भारी हिमपात होने के चलते यह मार्ग यातायात के लिए फिर से बंद हो गया। ऐसे में अब मार्ग को यातायात यातायात बहाली के लिए जोरों पर काम शुरू किया है लेकिन इस दौरान अलग-अलग स्थान पर गिर रहे एवलांच बीआरओ के लिए चुनोती बने हुए हैं। 29 फरवरी से तीन मार्च तक हुए भारी हिमपात के बाद हिमस्खलन ने बीआरओ की दिक्कत को बढ़ाया।

केलंग मनाली के बीच लगभग छह जगह भारी हिमस्खलन हुआ। इस कारण सड़क में चार फीट से 20 तक उंची बर्फ की दीवार खड़ी हो गई। बीआरओ 20 फीट ऊंची दीवार को काटकर आगे बढ़ रहा है।

बीआरओ की माने तो रविवार शाम तक लाहौल घाटी मनाली से जुड़ जाने की उम्मीद है। दूसरी ओर केलंग उदयपुर व किलाड़ मार्ग में भी भारी हिमस्खलन हुआ है। हिमस्खलन के चलते बीआरओ को सड़क बहाली में पसीना बहाना पड़ रहा है।

### आज शाम तक मनाली-लाहौल के जुड़ने की उम्मीद



लाहौल घाटी में सड़क बहाली कार्य में जुटी बीआरओ की मशीनरी।

### पांच जगह पर हुआ हिमस्खलन

**बीआरओ** के एक अधिकारी ने बताया कि केलांग से मनाली के बीच पांच जगह हिमस्खलन हुआ है। उन्होंने बताया कि कहीं कहीं हिमस्खलन से 40 फीट ऊंची दीवार खड़ी हो गई है।

### डीएसपी बोले-टनल तक एकतरफा मार्ग बहाल

**डीएसपी** मनाली केडी शर्मा ने बताया कि अटल टनल तक सड़क फिलहाल एक तरफा वाहनों के लिए बहाल है। उन्होंने कहा कि पार्किंग व्यवस्था बेहतर होते ही टनल पर्यटकों के लिए बहाल कर दी जाएगी।

## मरीजों के लिए फरिश्ता बन लाहौल पहुंचा चौपर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में पिछले दिनों बर्फबारी के कारण जहां सड़कें बंद होने के कारण संपर्क पूरे विश्व से कट गया है। वहीं, ऐसे हालातों में बीमारी या फिर किसी एमरजेंसी में जिला से बाहर जाने के लिए एकमात्र चौपर ही यहां के लोगों का आखिरी उम्मीद है।

शनिवार को वायुसेना का चौपर जिला के तीन मरीजों के लिए फरिश्ता बनकर घाटी में पहुंचा और दो अलग अलग जगहों से दो उड़ानों में इन तीनों मरीजों के साथ कुल सात लोगों को एयरलिफ्ट कर कुल्लू पहुंचाया। इनमें घाटी के स्टिंगरी हैलीपैड से दो मरीज सहित पांच लोगों को एयरलिफ्ट किया है जबकि तिन्दी हैलीपैड से एक मरीज सहित एक तीमारदार को एयरलिफ्ट कर कुल्लू पहुंचाया है। तीनों मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए जिला से बाहर ले जाना अत्यंत आवश्यक था जिसके चलते सरकार ने मरीज को एयरलिफ्ट करने के लिए वायु सेना का हेलीकॉप्टर उपलब्ध करवाया। लिहाजा, शनिवार सुबह वायु सेना के हेलीकॉप्टर ने लाहौल स्पीति जिला के स्टिंगरी व तिन्दी हेलीपैड से तीनों गंभीर मरीजों के साथ-साथ कुल सात लोगों को यहां से लिफ्ट कर भुंतर पहुंचा है।



लाहौल में मरीजों को एयरलिफ्ट करते हुए जवान।

उधर, उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने बताया कि जिला में तीन मरीज ऐसे थे जिनकी हालत गंभीर बनी हुई थी और उन्हें उचित उपचार के लिए जिला से बाहर ले जाना आवश्यक हो गया था ऐसे में प्रशासन की ओर से हिमाचल प्रदेश सरकार से हेलीकॉप्टर की मांग की गई थी जिसके चलते शनिवार को सरकार ने वायु सेवा का हेलीकॉप्टर उपलब्ध करवाया है और इसके माध्यम से दो अलग अलग उड़ानों में तीन मरीजों को एयरलिफ्ट कर उचित उपचार के लिए जिला से बाहर भेजा गया है।

### भुंतर पहुंचाए मरीज

केलांग बर्फ में फंसे तीन मरीजों को राज्य सरकार ने शनिवार को वायु सेना के हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर भुंतर एयरपोर्ट पहुंचाया है। बर्फबारी के कारण मनाली केलांग सड़क मार्ग बंद होने से इन मरीजों को बाहर ले जाने के लिए हेलीकॉप्टर ही एकमात्र विकल्प बचा था।

### सड़क पड़ी है बंद

29 फरवरी से लेकर 3 मार्च तक घाटी में भारी बर्फबारी हुई जिस कारण मनाली केलांग सड़क मार्ग यातायात के लिए बंद पड़ा है हालांकि सड़क सीमा संगठन के जवान मार्ग को बहाल करने में जुटे हुए हैं। अभी मार्ग को बहाल होने में समय लग जाएगा।

## शिवरात्रि की धूम, लोग ले रहे देवताओं का आशीर्वाद

कमलेश वर्मा, कुल्लू

जिला मुख्यालय कुल्लू के सरवरी स्थित पार्क में तीन दिवसीय शिवरात्रि मेले का आयोजन हो रहा है। मेले में घाटी के चार देवता जिनमें घाटी में देवता संगम महादेव (ब्यासमोड),वनशीरा( चामुंडानगर ),देवता कैलावीर ( चामुंडानगर), देवता पंचवीर (चामुंडानगर) और देवता घटोत्कच( देवधार) आमंत्रित देवता हैं जबकि एक अन्य देवता भी मेले में भाग ले रहे है। मेले के दूसरे दिन शनिवार को घाटी के लोगों ने देवताओं के दर्शन किए और सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया।



तीन दिवसीय शिवरात्रि मेले के दूसरे दिन कुल्लवी नाटी पर झुमते स्थानीय लोग।

तीन दिवसीय इस मेले में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है, दिन व रात के समय भी कार्यक्रम आयोजित हुए। शनिवार सुबह आयोजन स्थल पहुंचने से पहले सभी देवता भगवान रघुनाथ जी के मंदिर गए और वहां पर देवताओं का मिलन हुआ।

संगम महादेव मंदिर कमेटी के प्रधान दानवेंद्र सिंह, उप प्रधान कमलेश चौधरी, कोषाध्यक्ष प्रेम सूद व संगम महादेव देवता के कारदार तनुज कौंडल ने बताया कि हर साल महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य पर सरवरी में शिवरात्रि मेले का आयोजन किया जाता है।उन्होंने बताया कि तीन दिनों तक आयोजित होने वाले इस मेले में पहले दिन भूतनाथ स्थित भगवान भोलेनाथ के मंदिर में देवताओं का मिलन हुआ। वहीं, मेले के दूसरे दिन देवताओं के दर्शन को श्रद्धालुओं की खूब भीड़ उमड़ी और इस दौरान कुल्लवी नाटी का भी आयोजन हुआ। रात्रि सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय कलाकारों ने खूब धूम मचाई।

## मन्याशी विद्यालय में करवाया समारोह



वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में सम्मानित हुए स्कूल के छात्र एवं छात्राएं।

अनंत ज्ञान, बंजार

प्राथमिक शिक्षा खंड सैंज के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय मन्याशी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें खंड अध्यक्ष नरोत्तम राणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की व साथ में उपाध्यक्ष भूवनेश्वर शर्मा, महासचिव नरेश कुमार, सैंटर हैड टीचर तारा देवी, जे.बी.टी. झालमा देवी, जे.बी.टी. डाबे राम ओर जे.बी.टी. रविन्द्र ठाकुर उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दियोहरी के प्रधानाचार्य कुलदीप, आई.टी.एस. अध्यापिका छाया, टी.जी.टी. लीलाधर, एस.एम.सी. प्रधान हेम राज पालसरा व उनकी कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## प्रधान मीना ने किया प्रवेश द्वार का उद्घाटन

अनंत ज्ञान, भुंतर

भुंतर की सुंदरता बढ़ाने के लिए नगर पंचायत सराहनीय कार्य कर रही हैं। प्रधान मीना ठाकुर के द्वारा नगर पंचायत भुंतर के वार्ड 2 व 3 के पास मुख्यातिथि प्रधान मीना ठाकुर ने विश्वकर्मा कालोनी के प्रवेश द्वार का उद्घाटन किया।

इस मौके पर नगर पंचायत के उपप्रधान अजय किशोर, पार्षद दिनेश शर्मा, पवन कुमार, उर्मिला, मनोनित सदस्य भूपेंद्र शर्मा आदि के साथ दोनों वार्ड की जनता उपस्थित रही।

प्रधान मीना ने कहा कि चुनाव से पहले जनता से जो वादे हमने किए थे उन्हें पूरा किया जा रहा है।



विश्वकर्मा कालोनी में प्रवेशद्वार का उद्घाटन करते हुए नपं भुंतर की अध्यक्ष।

प्रधान मीना ठाकुर ने कहा कि सभी वार्डों में सम्मान विकास कार्य किए जा रहे है और जानता से किया हर बादा पूरा किया जा रहा है। नगर पंचायत के वार्ड नंबर 2 में विश्वकर्मा का सुंदर मंदिर स्थापित है। इसी को देखते हुए गेट का नाम भी विश्वकर्मा के नाम पर रखा गया है। वहीं विश्वकर्मी विकास सभा के जिला अध्यक्ष प्रेम दास व शमशी के अध्यक्ष भुवनेश्वर ने कहा कि नगर पंचायत भुंतर ने विश्वकर्मा के नाम से प्रवेश द्वार बनाकर बहुत ही नेक कार्य किया है।

## कलम छोड़ हड़ताल से मरीजों को नहीं मिलेगी अभी राहत

सुरेन्द्र तिबोगपा, कुल्लू

एक तरफ सरकार की बेरुखी ओर दूसरी तरफ चिकित्सकों की अपनी मांगों को लेकर चल रही कलम छोड़ हड़ताल के बीच पीस रहे मरीजों को अब भी कोई राहत मिलने की संभावना नजर नही आ रही है।

शनिवार को चिकित्सकों ने मांगों को लेकर कलम छोड़ हड़ताल का पालन किया और ढ़ाई घंटे तक किसी भी चिकित्सक ने अपने ओपीडी का रुख नही किया।

7 मार्च को सभी चिकित्सकों ने प्रदेश चिकित्सा संघ के दिशा निर्देशानुसार सामूहिक आकस्मिक अवकाश पर रह कर सरकार का ध्यान अपनी मांगों पर केंद्रित करने की कोशिश की मगर प्रदेश सरकार की इस बेरुखी से सभी चिकित्सकों में घोर निराशा व्याप हो गया है।



कलम छोड़ हड़ताल को जारी रखते हुए कुल्लू क्षेत्रीय अस्पताल के चिकित्सक।

डॉ. सत्यव्रत वेद ने कहा कि प्रदेश सरकार ने कलम छोड़ हड़ताल ओर सामूहिक अवकाश के बावजूद भी किसी भी तरह के कोई सकारात्मक संकेत नही दिए हैं और न ही सरकार की तरफ से कोई बात करने आया है। कलम छोड़ हड़ताल को जारी रखा जाएगा।

### सरकार मांगों पर अभी नहीं दिखा रही कोई राहत

## सफलता

### डेजर्ट चैलेंज में भाग लेने वाले हैप्पी वर्मा बने नॉर्थ इंडिया के पहले डर्ट बाइक राइडर

# हैप्पी ने डेजर्ट चैलेंज में अबू धाबी में मनवाया प्रतिभा का लोहा

सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू

हैप्पी वर्मा ने अबू धाबी में आयोजित डेजर्ट चैलेंज प्रतियोगिता में प्रतिभा का लोहा मनवाकर प्रदेश सहित जिले का नाम रोशन किया है।

अबु धाबी डेजर्ट चैलेंज में भाग लेकर आ चुके कुल्लू के हैप्पी वर्मा नॉर्थ इंडिया के इकलौते डर्ट बाइक राइडर बन चुके हैं। हैप्पी वर्मा ने अबु धाबी डेजर्ट चैलेंज के बारे में बताया कि ये इस अबू धाबी डेजर्ट चैलेंज को विश्व की सबसे कठिन डेजर्ट रैली में गिना जाता है और इस प्रतियोगिता में राइडर्स को कई चुनौतियों का सामना करते हुए प्रतियोगिता को पूरा करना होता है।

इस रैली का आयोजन 25 फरवरी से लेकर 2 मार्च तक किया गया था और करीब 2146 किलोमीटर की रैली को 6 दिनों के अंदर डर्ट बाइक से तय किया था। (अनंत ज्ञान)

### 2146 किमी की रैली छह दिन में डर्ट बाइक से की तय



हैप्पी वर्मा अबू धाबी में डेजर्ट चैलेंज रैली में भाग लेने के लिए इंतजार करते हुए।

### रेड दा हिमालया से की थी राइडिंग की शुरुआत

**हैप्पी** वर्मा ने बताया कि राइडिंग प्रतिस्पर्धा में भाग लेने की शुरूआत 2 साल पहले मनाली में रेड दा हिमालया से की थी। इस प्रतिस्पर्धा में उनके साथ 2 ओर प्रतिभागी भी शामिल थे जो नागपुर ओर केरला से आए थे। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में इससे पहले साउथ इंडिया के प्रतिभागी ही भाग लेते रहे हैं, मगर नॉर्थ इंडिया में इस तरह के प्रतियोगिताओं के प्रति लोगों को ज्यादा जानकारी नही है और न ही सरकार की तरफ से इस तरह के खेलों से जुड़ी प्रतिस्पर्धाओं के प्रति रुचि दिखाई गई है। अभी तक जितने भी डर्ट बाइक राइडर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं वो अपने निजी स्त्रोत के सहयोग से ही भाग ले पा रहे हैं।

### विश्व के 56 प्रतिभागियों ने चैलेंज में लिया था हिस्सा

**हैप्पी** वर्मा ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में विश्व के कोने कोने से आए 56 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया था ओर इस 6 दिनों तक चली पूरी रैली को मात्र 31 प्रतिभागी ही पूरा कर पाए।

## हास्य नाटक 'भगवान का पूत' का सफल मंचन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

नौ दिवसीय 'कुल्लू राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव' की आठवीं संध्या आयोजक संस्था ऐक्टिव मोनाल कल्चरल एसोसिएशन के कलाकारों ने हास्य नाटक 'भगवान का पूत' प्रस्तुत किया और दर्शकों ने खूब ठहाके लगाए।

स्थानीय संस्था ऐक्टिव मोनाल कल्चरल एसोसिएशन द्वारा उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र पटियाला के सहयोग से भाशा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में कलाकेन्द्र कुल्लू में आयोजित किए जा रहे नाटक राजा चटर्जी द्वारा लिखित नूर जहीर द्वारा हिन्दी में रूपांतरित और केहर सिंह ठाकुर द्वारा हिमाचली परिवेश में ढाल कर तैयार किए गए। इस नाटक में एक गरीब जुलाहे के राजकुमारी के लिए सच्चे प्रेम के लिए भगवान विष्णु स्वयं उसके लिए युद्ध में कूद जाते हैं और उस गरीब जुलाहे को विजित करते हैं।

इस नाटक में आगे अन्य कलाओं को भी दिखाया गया। नाटक में हिमाचली देव भारथाओं के अनुसार सृष्टि का आरम्भ कैसे हुआ पर आधारित एक गीत तथा देव संस्कृति पर आधारित ध्वजा नृत्य का इस्तेमाल भी किया गया है।

इस दौरान केहर सिंह ठाकुर, आरती ठाकुर, कल्पना गौतम, सूरज, जीवानन्द आदि ने मनोरंजन किया। बतौर मुख्य अतिथि अजय रहे।

### ध्वजा नृत्य का किया इस्तेमाल



कला केंद्र में एक्टिव मोनाल कल्चरल एसोसिएशन के कलाकार प्रस्तुति देते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### मंगली गूगा में बांटा जलेबी-पकौड़े का प्रसाद

**बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मंगली गूगा में शनिवार को जलेबी व पकौड़े के भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान दूर-दूर से लोगों ने आकर गूगा जाहरवीर के दर्शन किए एवं भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। गौर रहे कि मंगली गूगा जाहरवीर के प्रति लोगों की भारी आस्था है यदि किसी व्यक्ति को सांप ने डंस लिया हो तो इस धार्मिक स्थल पर उस व्यक्ति का जहर से निवारण किया जाता है। दूर दूर से लोग गूगा जी की माड़ी में आकर गूगा जी के दर्शन करते हैं। हर महीने के ज्येष्ठ मंगलवार को यहां श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रहती है।

### बिजली के अघोषित कटों से लोग परेशान

**हमीरपुर।** समाजसेवी संस्था प्रभात सुधार सभा के प्रधान प्रकाश चंद सेन जारी प्रेस बयान में कहा कि पक्का भरो, कृष्णा नगर तथा इंदिरा कॉलोनी में बिजली दिन में दो या तीन बार जाती है। जिससे यहां के लोग बिजली जाने की समस्या से परेशान हैं। विद्युत विभाग द्वारा बिजली बंद करने को लेकर कोई सूचना दिए बगैर ही बिजली बंद कर दी जाती है। उन्होंने बताया कि कि बच्चों की वार्षिक परीक्षाएं चली हुई ऐसे में बच्चों को परेशानी का सामना करने पड़ रहा है। बिजली विभाग के उपभोक्ता शिकायत कक्ष में फोन पर कोई नहीं उठाता। उन्होंने सरकार से अनुरोध है कि वह बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए जाएं कि बिजली की व्यवस्था को सुचारू किया जाए।

### शिवरात्रि पर्व पर शिवालयों में हुए भजन-कीर्तन

**टौणी देवी।** महाशिवरात्रि पर्व पर हमीरपुर जिला के शिवालयों में खूब भीड़ उमड़ी। इस दौरान भजनों, जागरातों और भंडारों की धूम रही। हमीरपुर आवाहादेवी रोड पर स्थित शिव मंदिर बारीं में शिवरात्रि की चार पहर की पूजा के बाद शनिवार को पंडित संजीव शर्मा के सानिध्य में हवन का आयोजन किया गया। हवन में क्षेत्र की खुशहाली तथा लोगों के स्वस्थ जीवन की कामना की गई। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष भूमि राज चौहान, महासचिव हरबंस सिंह, देश राज, रजनीश शर्मा, जय राज चैहान, करतार चंद आजाद, सुरजीत सिंह, दलजीत सिंह, कुलदीप सिंह इत्यादि ने बताया कि शिवरात्रि के मौके पर सैकड़ों लोगों ने मंदिर में माथा टेका और प्रसाद ग्रहण किया।

### लोक अदालतों में 1518 केसों का निपटारा

**हमीरपुर।** जिला हमीरपुर के तीनों न्यायिक परिसरों हमीरपुर, नादौन और बड़सर में लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालतें लगाई गईं। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव अनीष कुमार ने बताया कि इन लोक अदालतों में कुल 4603 केसों की सुनवाई की गई, जिनमें से 1518 केसों का तुरंत निपटारा भी कर दिया गया। इन केसों में कुल 1,49,12,428 रुपए की राशि भी वसूली गई। प्री-लिटिगेशन के 800 केसों में से 213 का निपटारा कर दिया गया, इनमें 18,98,063 रुपए की राशि वसूली गई। पोस्ट-लिटिगेशन के 959 केसों की सुनवाई हुई, जिनमें से 543 का निपटारा किया गया और इनमें 1,21,48,915 रुपए की वसूली की गई। मोटर वाहन अधिनियम के कुल 2844 केसों में से 762 केस निपटाए गए और इनमें 8,65,450 रुपए वसूले गए।

### सेस्टोबॉल प्रतियोगिता में हमीरपुर के आयान का चयन



**भरेड़ी।** भारत में पहली बार दक्षिणी एशियाई प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिला का आयान ठाकुर भाग लेगा। इस प्रतियोगिता में 25 से 28 अप्रैल को भाग लेने से आयान ठाकुर प्रदेश सेस्टोबॉल खेल का पहला अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी बनेगा। इससे हिमाचल प्रदेश सेस्टोबॉल संघ के पदाधिकारी में खुशी का माहौल है। हिमाचल प्रदेश बास्केटबॉल संघ के महासचिव विरेंद्र कुमार ने बताया कि डीएवी हमीरपुर में दसवीं कक्षा में पढ़ने वाले आयान ठाकुर का भारतीय जूनियर टीम में चयन हुआ है और वह बेंगलुरु में होने वाली पहली दक्षिणी एशियाई सेस्टोबॉल प्रतियोगिता भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेगा।

### जमीनी विवाद को लेकर झगड़ा, मामला दर्ज

**नादौन।** नादौन पुलिस थाना के अंतर्गत बूनी पंचायत के गांव चैकी राजपूतां जमीनी विवाद को लेकर झगड़ा हो गया है, जिसकी शिकायत चौकी राजपूतां गांव के सुनीत चंद पुत्र भाग सिंह ने पुलिस थाना नादौन में की है। शिकायत में उन्होंने गांव के करनैल सिंह पुत्र अमर सिंह पर जमीनी विवाद को लेकर रास्ता रोकने, गाली-गलौज करने तथा धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

### शिव मंदिर गगाल में हुआ अखंड रामायण पाठ

**नादौन।** जल शक्ति विभाग की शिव मंदिर कमेटी गगाल में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए शिव मंदिर कमेटी के अश्वनी शर्मा ने बताया कि शिव रात्रि के उपलक्ष्य में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। शनिवार को मंदिर परिसर पर हवन-यज्ञ तथा अखंड रामायण पाठ भोग का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि 11 मार्च को शिव मंदिर गगाल के परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

### नादौन उपमंडल के मंदिरों में लगे भंडारे



बिजली महादेव मंदिर बेला में भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

**नादौन।** शिवरात्रि के उपलक्ष्य में शनिवार को उपमंडल नादौन में जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया। जिनमें लोगों ने बड़ी श्रद्धा व उत्साह के साथ भंडारों का प्रसाद ग्रहण किया। नादौन शहर के साथ लगती बेला पंचायत में स्थित प्रसिद्ध मंदिर बिजली महादेव मंदिर बेला, चिंताहरण मंदिर भरमोटी, शिव मंदिर किटपल, शिव मंदिर समहूं, शिव मंदिर बड़ोटी, माता मंदिर चैक नौहंगी सहित जगह जगह शिव मंदिरों में भंडारों का आयोजन किया गया। इससे पहले लोगों ने मंदिरों में पूजा-अर्चना की तथा सुख शांति व जन कल्याण की कामना की।

### बेला पंचायत में आज होगा दंगल

**नादौन।** नादौन शहर के साथ लगती बेला पंचायत में क्रिकेट स्टेडियम के साथ 10 मार्च को विशाल दंगल छिंज मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर व हिमाचल के नामी पहलवान हिस्सा लेंगे। यह जानकारी दंगल कमेटी बेला के मुखिया पूर्व प्रधान ठाकुर अवतार सिंह, सुनील शर्मा, रजनीश चौधरी, होशियार सिंह, बबलू जट, दवेश आदि ने दी। उन्होंने बताया कि दंगल की माली जीतने वाले को आकर्षक इनाम देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि वे इस ऐतिहासिक छिंज मेले में पहुंच कर पहलवानों के जौहर देखें तथा उनका हौंसला बढ़ाएं।

# हवलदार सुनेश किक बॉक्सिंग में चमका रहे देश-प्रदेश का नाम

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

सुनेश कुमार से **विशेष बातचीत**

हिमाचल प्रदेश वीर भूमि के सपूत देश की आन, बान और शान की खातिर बलिदान देने के लिए हमेशा समर्पित रहे हैं। प्रदेश के युवा देश की सुरक्षा के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी अपना लोहा मनवा देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। जिला के बढ़ई गांव के निवासी सुनेश कुमार सुपुत्र स्व. सुखराम हवलदार के पद पर आर्मी में स्पोर्ट्स कोटे से वर्ष 2004 में भर्ती हुए थे और अब उनका प्रमोशन नायक सूबेदार के पद के लिए हो चुका है।

उन्होंने पढ़ाई के दौरान कई खेलों में बेहतर प्रदर्शन किया और स्पोर्ट्स कोटे में सेना में भर्ती हो गए। तब से लेकर सुनेश कुमार ने राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में 11 गोल्ड मेडल और अंतरराष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में तीन गोल्ड मेडल अपने नाम कर चुके हैं। उसके बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश व प्रदेश का नाम शिखर पर पहुंचाया है। सुनेश कुमार ने अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत में बताया कि उनकी इस उपलब्धि के लिए सबसे बड़ा योगदान सेना का है जिसके बलबूते आज वे देश व प्रदेश को आगे ले जाने में सक्षम बने हैं।



हमीरपुर जिले के बढ़ई गांव के सपूत ने किक बॉक्सिंग में जीते 11 नेशनल व तीन इंटरनेशनल गोल्ड मेडल

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में खेल के क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, लेकिन खिलाड़ियों के लिए बेसिक सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। जिस कारण प्रदेश के खिलाड़ी पिछड़ रहे हैं, हालांकि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को सुविधाएं देने का प्रयास तो कर रही है, लेकिन वे नाकाफी साबित हो रहे हैं। पंजाब और हरियाणा जैसे राज्य खिलाड़ियों के लिए अच्छे कोच और अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवा रहे हैं। साथ ही खिलाड़ियों को प्रायोजक भी मिल रहे हैं, यही कारण है कि वहां के खिलाड़ी नेशनल व इंटरनेशनल प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रहे हैं।

सुनेश कुमार ने बताया कि वह अभी तक किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में 11 नेशनल और तीन इंटरनेशनल गोल्ड मेडल जीत चुके हैं अभी गत फरवरी माह में दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में इंटरनेशनल किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता है। इससे पहले भी नेपाल और भारत में आयोजित इंटरनेशनल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। सुनेश का युवाओं को यही संदेश है कि खेलों में मेहनत करें अपना भविष्य संवारें। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के युवा नशे की गलत आदत की ओर आकृषित होकर अपना भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। ऐसे में युवाओं को खेलों की तरफ आकर्षित करने के लिए बेहतर सुविधाएं, बेहतर कोच, कोचिंग के लिए खर्च आदि देने के लिए सरकार को कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि व सेना सेवानिवृत्त होने के बाद युवाओं को कोचिंग देंगे जिससे हिमाचल के युवा खेलों में भी प्रदेश का नाम रोशन करें। (अनंत ज्ञान)

# चैत्र मेलों के लिए चार दिन बाकी, गेट नंबर-दो के पास सड़क की हालत खस्ता

## न क्रैश बैरियर लगाए गए, न सड़क पर गड्ढों को भर सका प्रशासन

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में चैत्र माह के मेले शुरू होने में चार दिन शेष हैं, लेकिन अभी तक सड़कों की हालत नहीं सुधारी गई। इसका जीता-जागता उदाहरण गेट नंबर-दो से लंगर भवन तक जाने वाली सड़क का है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे पड़े हुए हैं और सड़क किनारे क्रैश बैरियर भी नहीं लगाए गए हैं।



दियोटसिद्ध मंदिर को जाने वाली सड़क पर पड़े गड्ढे व टूटा हुआ क्रैश बैरियर।

स्थानीय प्रशासन और मंदिर प्रशासन मेलों की तैयारी में जुटा हुआ है, लेकिन अभी सड़कों की हालत की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन यह दावा कर रहा है कि मेलों में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं दी जाएंगी। मेले शुरू होने के बाद लगातार एक माह तक श्रद्धालु बाबा बालक नाथ के दर्शनों के लिए आते रहते हैं, ऐसे में सड़क की मरम्मत करना संभव नहीं। मेलों के दौरान यातायात भी काफी बढ़ जाता है। गौर रहे कि बाबा बालक नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए बनने वाले लंगर के लिए सामग्री वाले वाहन भी इसी सड़क से होकर गुजरते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है की मंदिर ट्रस्ट और प्रशासनिक अधिकारियों को सड़कों व अन्य आवश्यक सुविधाओं को मेलों से पहले पूरा करना चाहिए था। हर वर्ष मंदिर में करोड़ों का चढ़ावा चढ़ाया जाता है फिर श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

**क्या कहते हैं मंदिर अध्यक्ष एवं एसडीएम बड़सर**

**डॉ.** रोहित शर्मा ने कहा कि मामला ध्यान में है क्रैश बैरियर का काम चला हुआ है। मेले शुरू होने तक पूरा कर दिया जाएगा। जहां तक सड़क की बात है तो मेले शुरू होने से पहले पेचवर्क कार्य करवा दिया जाएगा। मंदिर प्रशासन मेले शुरू होने से पहले पहले सब व्यवस्थाएं ठीक कर देगा।

### बिझड़ी में घुटनों के दर्द के इलाज का कैंप 11 मार्च से

**बिझड़ी।** बिझड़ी में स्थित नमो-दो रेस्टोरेंट में 11 से 14 मार्च तक घुटनों के दर्द का इलाज किया जाएगा। कैंप में विशेष रूप धर्मशाला के डाक्टर सुरेंद्र ठाकुर भी पहुंच रहे हैं। कैंप में बिना ऑपरेशन के घुटनों के दर्द को दूर किया जाएगा। लोग कैंप में सुबह दस से शाम पांच बजे तक घुटनों के दर्द का इलाज करवा सकते हैं। डॉ. इंद्रपाल कसूरिया व उनकी टीम द्वारा घुटनों का सफल इलाज किया जाएगा। मरीज मोबाइल नंबर 78883-17249 पर संपर्क भी कर सकते हैं।

### वाद-विवाद प्रतियोगिता में अनुराधा व साक्षी ने मारी बाजी

**जाहू।** राजकीय महाविद्यालय भोरंज सीएसीए समिति द्वारा शैक्षणिक गतिविधियों तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं भाषण वाद-विवाद तथा प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर विजय ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की तथा उन्होंने स्टूडेंट्स को इस तरह की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विशाल शर्मा, शिवम ठाकुर, सौरव कमर ने प्रथम, मुस्कान अनुराधा एवं मोनिका शर्मा ने द्वितीय, कुणाल यशपाल तथा आशुतोष राणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में अनुराधा व साक्षी ने प्रथम खुशबू व निष्ठा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त सीएसीए संस्कृत समारोह का आयोजन 12 मार्च तथा वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह 13 मार्च को किया जाएगा।

### हिमाचल जूनियर क्लर्क भर्ती के ऑनलाइन आवेदन शुरू

**बिझड़ी।** हिमाचल प्रदेश सहकारी बैंक ने 232 जूनियर क्लर्क के पदों पर भर्ती के लिए दो चरणों में परीक्षा होगी। हिमाचल प्रदेश सहकारी बैंक ने इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च है। 232 पदों में 158 सीधी भर्ती और 74 पद सोसायटी कोटे के तहत भरे जाएंगे। इन पदों के लिए परीक्षा दो चरणों में होगी। जूनियर क्लर्क पद के लिए शैक्षणिक योगयता का न्यूनतम स्तर 50 फीसदी अंकों के साथ 12वीं पास है। जूनियर क्लर्क के पदों के लिए कोई व्यक्तिगत साक्षात्कार और दस्तावेज मूल्यांकन नहीं होगा।

### बेहड़वीं जट्टां में नारी शक्ति को नारी न्याय सम्मान पत्र से किया सम्मानित

**भरेड़ी।** भोरंज क्षेत्र की भकेड़ा पंचायत के बेहड़वीं जट्टां गांव में ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष संगीता शर्मा की अध्यक्षता में नारी न्याय व नारी महिला सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने गांव में उत्कृष्ट व समाज प्रेरित कार्य करने वाली चार महिलाओं पुष्पा देवी, रजनी देवी, सरिता देवी व इंदू कौंडल को नारी न्याय प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि महिला वर्ग का सरकार और समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्यारी बहना महिला सम्मान निधि योजना शुरू करके महिला वर्ग को असली सम्मान दिया है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि महिला सम्मान निधि योजना की 1500 रुपए की राशि प्राप्त करने के जल्द से जल्द फार्म भरकर लाभ प्राप्त करें।

## बैडमिंटन में सुशील की जोड़ी बनी विजेता

**भरेड़ी।** लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोट का कितना महत्व है तथा इसकी सफलता के लिए वोट देना हर नागरिक का कर्तव्य और अधिकार है। इस उद्देश्य को लेकर भोरंज में युवाओं को जागरूक करने के लिए दो दिवसीय रात्रि ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र की करीब 26 टीमों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करके व लोगों को वोट के लिए भी जागरूक करने का कार्य किया। प्रतियोगिता में सुशील कुमार की जोड़ी विजेता तथा रजत की जोड़ी उपविजेता बनी। समापन समारोह के मुख्यातिथि भोरंज एसडीएम संजय स्वरूप ने विजेता टीम को 5000 और उपविजेता को 4000 रुपए नकद पुरस्कार व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को आने वाले लोकसभा चुनावों में अधिक से अधिक मतदाताओं को वोट देने के लिए जागरूक करने का आह्वान किया तथा खिलाड़ियों को बधाई दी। इस असवर पर प्रधानाचार्य कुलदीप चंदेल, अनिल डोगरा, संजीव कतना, गुलशन चंद व अन्य उपस्थित रहे।



एसडीएम संजय स्वरूप बैडमिंटन खिलाड़ियों के साथ।

## सुजानपुर के विकास बारे मुख्यमंत्री सुक्खू से मिले राजेंद्र वर्मा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर से कांग्रेस नेता पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने मुख्यमंत्री सुक्खू से शिमला में मुलाकात की तथा सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास बारे बात की। उन्होंने सुजानपुर में उचित स्थान पर बस अड्डा बनाने तथा बिजली व जलशक्ति विभाग का मंडल कार्यालय खोलने की मांग की।

उन्होंने कहा कि जहां पूर्व विधायक बस अड्डा बनाने की पैरवी करते रहे वह उचित स्थान नहीं है। मुख्यमंत्री ने राजेंद्र वर्मा की बातों को ध्यान से सुना और कहा कि इन समस्याओं को उचित तरीके से रखा जाता तो ये मांगें कब की पूरी कर दी होती। राजेंद्र वर्मा ने मुख्यमंत्री से कहा कि सुजानपुर के विधायक के बर्खास्त हो जाने उपरांत लोग आप पर उम्मीदें लगाए बैठे हैं।

उन्होंने यह भी मांग की है कि सुजानपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी को शीघ्रातिशीघ्र भंग किया जाए तथा नगर परिषद सुजानपुर में जो लोग सरकार की तरफ से नॉमिनेट हुए हैं उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। लोकसभा चुनाव में सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की क्या भूमिका रहेगी इसके बारे भी चर्चा हुई है। राजेंद्र वर्मा ने आश्वस्त किया कि कर्मठ कार्यकर्ताओं के सहयोग से पार्टी की मजबूती के लिए बूथ स्तर तक कार्य करना शुरू कर दिया है तथा शीघ्र ही कांग्रेस पार्टी के बड़े कार्यक्रम क्षेत्र में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री से शीघ्र ही सुजानपुर का दौरा करने का आग्रह भी किया।



मुख्यमंत्री से शिमला में मुलाकात करते पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा व अन्य।

## कैबिनेट में चिकित्सकों की मांगों पर चर्चा न करके सरकार से मिला लॉलीपॉप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिमाचल चिकित्सक संघ प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली से बेहद चिंतित है। सरकार ने चिकित्सकों की मांगों को कैबिनेट में चर्चा करने की बात कही थी, लेकिन एक बार फिर से सरकार की ओर से संघ को लॉलीपॉप दिया गया है। चिकित्सक संघ के हमीरपुर जिला के प्रधान डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने बताया कि एक बार फिर कैबिनेट के मिनट्स और मीटिंग में संघ को निराशा ही प्राप्त हुई है।

उन्होंने कहा कि संघ के सदस्य 52 दिनों से काले बिल्ले लगाकर कार्य कर रहे हैं और पेन डाउन का आज 19वां दिन है, लेकिन सरकार द्वारा उनकी मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में यदि मांगें नहीं मानीं गई तो सामूहिक अवकाश की अवधि दो दिन रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि कैबिनेट में संघ की मांगों पर चर्चा न करने से चिकित्सकों में रोष है। अफसरशाही द्वारा चिकत्सकों के आंदोलन को कुचलने के लिए हथकंडे अपनाए जा रहे हैं उसकी संघ भी निंदा करता है। उन्होंने कहा कि हमारी मांगें हैं कि स्वास्थ्य संस्थानों को सुदृढ़ करना, चिकित्सकों के नियुक्तियां करना, खंड चिकित्सा अधिकारियों की पदोन्नति करना, संघ अफसरशाही की नाकामियों को सामने ला रहा है और सच्चाई सामने लाने के लिए चिकित्सकों को प्रताड़ित करना न्यायसंगत नहीं है। संघ इस संदर्भ में भी मुख्यमंत्री को अवगत करवाएगा।

**डॉक्टर आपातकालीन ऑपरेशन ही करेंगे**

**डॉ.** डोगरा ने कहा नौ मार्च को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएं सुबह 9.30 से ही सुचारू रूप से प्रदान की जाएगी। संघ नौ मार्च से केवल आपातकालीन ऑपरेशन ही करेगा, बाकी ऑपरेशन स्थगित रहेंगे। संघ को आशा है कि हमारी मांगों को जनहित में शीघ्र पूरा किया जाए।

## बच्चों का सशक्त डाटाबेस होगा तैयार

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

नौ मार्च से शुरू हुए पोषण पखवाड़े के पहले दिन पोषण अभियान को जन आंदोलन का व्यापक रूप देने, पोषण के प्रति सकारात्मकता उत्पन्न करने, कुपोषण जैसी शब्दावली से उत्पन्न नकारात्मकता को समाप्त करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में माताओं की भूमिका को उचित सराहना दिलाने के राष्ट्रीय प्रयास जिसे स्वस्थ बाल बालिका स्पर्धा का नाम दिया गया है।

बाल विकास परियोजना अधिकारी कुलदीप सिंह ने सुजानपुर के सभी 123 आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के बजन और लंबाई का मापन कर उसे पोषण ट्रेकर ऐप पर दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के माध्यम से 0-6 आयु वर्ग के समस्त बच्चों की वृद्धि व विकास का आकलन कर एक सशक्त डाटाबेस तैयार किया जाएगा।

बच्चों के वृद्धि मानकों का डाटा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से भी सांझा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुल 2805 बच्चों का मापन किया गया जिनमें से 5 बच्चे गंभीर रूप से दुबले (सैम) एवं 31 बच्चे मध्यम रूप से दुबले (मम्मस) पाए गए हैं जो की वांछित लक्ष्य से कहीं बेहतर है। इसी प्रकार 15 बच्चे गंभीर रूप से काम बजनी तथा 65 बच्चे मध्य रूप से कम बजनी पाए गए। इस अवसर पर सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में जन मानस को महिलाओं किशोरों एवं बच्चों को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के प्रयास में अपनी भूमिका निभाने हेतु पोषण शपथ दिलाई गई।



पोषण अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे।

## सनातन का आधार मातृशक्ति : पंकज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

महाशिवरात्रि पर्व पर महिलाओं के विशिष्ट दिवस पर सनातन धर्म के बारे में बताया कि राम मंदिर का निर्माण सनातन और हिंदू धर्म में आस्था रखने वालों के लिए एक विजयी पर्व की अनुभूति है, परंतु अभी पुनर्निर्माण कि प्रक्रिया थमी नहीं हैं। अयोध्या के बाद काशी और मथुरा जो कि सनातनियों की आस्था के बड़े प्रतीक हैं, उन्हे पुन: स्थापित करना बाकी हैं। इसके लिए सही सनातनियों को तैयार रहना होगा।

मातृशक्ति को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री पंकज भारतीय ने उन्हें सनातन का सशक्त आधार बताया। बड़सर क्षेत्र के करेर गांव में बजरंग दल बड़सर प्रखंड ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह सर्व विदित सत्य है कि धर्म का प्रचार, प्रसार और धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले आयोजनों में 90 प्रतिशत से अधिक कि भागीधारी मातृशक्ति कि होती है। शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन बड़सर प्रखंड बजरंग दल ने संयोजक धीरज शर्मा के नेतृत्व में किया हैं। इस अवसर पर बजरंग दल ने क्षेत्र के विभिन्न भागों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे स्वयं सहायता समूह, स्वयंसेवी संगठनों और विशिस्ट महानुभावों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर प्रधान अमित शर्मा, कैप्टन भगवान दास, कैप्टन कश्मीर सिंह, कैप्टन जोगिंद्र, कैप्टन हेम राज, कैप्टन मदन लाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



बजरंग दल बड़सर प्रखंड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

**उपलब्धि** गन्ने की खेती शुरू करने पर एक कनाल भूमि पर आता है महज डेढ़ हजार खर्च

# होलत के नवीन सिंह देसी शक्कर बेच कमा रहे लाखों रुपए

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

बड़सर उपमंडल के ग्राम पंचायत होलत का नवीन सिंह गन्ने की खेती से हर वर्ष लाखों रुपए की आय अर्जित कर रहे हैं। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि नवीन सिंह ने एक सीजन में ही छह लाख रुपए की शक्कर बेच डाली है। लोग उनके घर से देसी शक्कर खरीद कर ले जा रहे हैं। यही नहीं शक्कर की इतनी डिमांड है कि नवीन सिंह को उसे पूरा करना हर दिन मुश्किल हो रहा है।

नवीन सिंह उन बेरोजगार युवाओं के लिए भी मिसाल पेश कर रहे हैं, जो युवा बेरोजगार घरों में बैठे हैं। 40 वर्षीय नवीन ने बताया कि वह 25 कनाल भूमि पर गन्ने की खेतीबाड़ी कर रहे हैं। गन्ने की खेती करने में शुरुआत में 15 से 20 हजार रुपए खर्च आता है। उसके बाद किसान अगले पांच वर्षों तक हर साल गन्ने की फसल प्राप्त कर सकते हैं। यही नहीं जहां पर गन्ने का रस निकाला जा रहा है, वहां पर लोगों को फ्री में गन्ने का ताजा जूस पिलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक कनाल में गन्ने की बिजाई की लागत महज डेढ़ हजार रुपए तक है, जबकि इस फसल को पांच साल तक काट कर हर साल 50 हजार रुपए से अधिक की कमाई की जा सकती है। (अनंत ज्ञान)



नवीन सिंह

**गन्ने को सीधा बेचने पर भी होता है फायदा**

**गन्ने** को सीधा बेचने पर भी फायदा होता है तब भी हर साल एक कनाल में 10 क्विंटल गन्ने को बेच कर किसान 16 हजार के करीब औसतन कमाई कर सकता है। मसलन 10 कनाल में गन्ने की खेती कर 15 हजार की लागत से हर साल किसान डेढ़ लाख से अधिक की फसल बेच सकता है। यदि किसान जूस का स्टॉल खोलकर गन्ने का जूस बेचता है, तो एक कनाल से ही 50 हजार रुपए से अधिक कमाई कर सकते हैं। यदि गन्ने का जूस बेचने की बजाय शक्कर तैयार करके बेचता है, तो 25 हजार रुपए के लगभग कमाई एक कनाल से की जा सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### मल्टीटास्क वर्कर्स को चार माह से वेतन नहीं

**घुमारवीं।** लोक निर्माण विभाग घुमारवीं डिवीजन के मल्टीटास्क वर्कर पिछले चार माह से वेतन न मिलने के चलते आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। इस डिवीजन के मल्टीटास्क वर्करों में शुभम, सुनील, मोहित, सतीश, अजय, अरूण, पंकज, आकाश, असलम, अनिल, सुषमा देवी, नीशु भाटिया व मनीष ने बताया कि हमें पिछले चार माह से वेतन नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि अब हालात यह हो गए हैं कि दुकानदारों ने भी उधार में राशन सहित अन्य सामान देना बंद कर दिया है। दुकानदारों का कहना है कि हमें पिछला बकाया राशि दो तभी सामान देंगे। उन्होंने बताया कि हमारा वेतन 4500 रूपए है, जो दिन की दिहाड़ी के हिसाब से 150 रुपए बनती है। उन्होंने कहा कि आज के समय में इस सैलरी से गुजारा करना बहुत मुश्किल है, लेकिन यदि यह भी समय पर न मिले तो हम कहां जाएं। उन्होंने कहा कि जो भी मल्टी टासक वर्कर लगे हैं, उन परिवारों को बीपीएल सूची से भी बाहर कर दिया गया है। मल्टीटास्क वर्करों ने सरकार से गुहार लगाई है कि हमें नियमित समय पर वेतन दिया जाए, ताकि हम अपना व परिवार का पालन पोषण कर सकें।

### संदीप बोले- झूठी घोषणाएं करते हैं अनुराग ठाकुर

**बिलासपुर।** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस प्रवक्ता संदीप सांख्यान ने केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर पर झूठी घोषणाएं लगाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में अनुराग ठाकुर ने सैकड़ों ऐसी घोषणाएं की हैं जो अभी तक धरातल तक नहीं पहुंच पाई है। चार बार के सांसद अनुराग ठाकुर हर बार चुनावों के समय जनता को बड़े बड़े सपने दिखाते हैं और फिर छपन हो जाते हैं। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की जनता पिछले कई वर्षों इनके इन्हीं झांसों का शिकार हुई है। संदीप ने बताया कि ऐसा ही एक वाक्य में अनुराग ठाकुर ने साल 2019 में भी एक शिगूफा दिया था, उन्होंने दौलतपुर-गगरेट-स्लोह-हरोली जैजों संतोषगढ सड़क मार्ग के लिए डबल लेन करने के लिए हाई लेवल की मीटिंग बुलवाई थी और एक सर्वे की टीम दिल्ली के बहादुरगढ़ से आई थी। उसके बाद उसकी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट भी केंद्र सरकार के भूतल परिवहन मंत्रालय को गई थी, लेकिन पूरे चार वर्ष बीत जाने के बाद भी वह इस सड़क योजना की फाइल वहीं धूल फांक रही है। अब फिर चुनाव आ गए उसी तरह फिर अनुराग ठाकुर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लोगों को गडकरी को लाकर मूर्ख बनाने का काम कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव आते ही अनुराग ठाकुर फिर से जनता से झूठे वायदे करने में लगे हुए हैं।

### श्री नयना देवी देवी का स्थल अद्भुत : यमुना पुरी

**श्री नयना देवी जी।** हिमाचल प्रदेश का विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी में 10 दिवसीय शिवरात्रि महोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। हर वर्ष यह शिवरात्रि महोत्सव मंदिर न्यास और स्थानीय पुजारी वर्ग के सहयोग से मनाया जाता है। इस शिवरात्रि महोत्सव में जहां पर 10 दिन तक शिव महापुराण का पाठ और शाम के समय भजन संध्या का आयोजन किया जाता रहा। स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहरी प्रदेशों से आने वाले श्रद्धालुओं ने भी इस महोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कथावाचक पंडित यमुना पुरी ने कहा कि माता श्री नयना देवी का स्थल बहुत ही अद्भुत और चमत्कारिक है। यहां पर एनर्जी का भंडार है और यहां पर आकर माता जी की पूजा अर्चना करके बहुत ही बल प्राप्त होता है, जबकि स्थानीय पुजारी चंडी शर्मा का कहना है कि यह शिवरात्रि महोत्सव स्थानीय पुजारी वर्ग, मंदिर न्यास और व्यापारी वर्ग के द्वारा आयोजित किया जाता है, जोकि अब मंदिर के प्राचीन हवन कुंड में पूर्ण आहुति के साथ इसका विधिवत संपन्न हो गया।

### घुमारवीं में 53 बच्चों ने दी सोशियोलॉजी की परीक्षा

**घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की जमा दो कक्षा की शनिवार को सोशियोलॉजी की परीक्षा हुई। यह परीक्षा जिले के पांच परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी की निगरानी में हुई। परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12:00 बजे तक हुई। घुमारवीं के दोनों परीक्षा केंद्रों में 53 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा केंद्र में नियमों के अनुसार विद्यार्थियों के बैग, मोबाइल समेत अन्य सामग्री बाहर रखवाई गई। सुबह 9:00 बजे छात्रों को उत्तर पुस्तिका दी गई। इस परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र की एक ही सीरीज बनाई गई थी। अपेक्षा हाल से पेपर देकर बाहर आए परीक्षार्थियों के अनुसार किसी को पेपर आसान तो किसी को कठिन लगा कुछ परीक्षार्थियों का कहना था कि पेपर थोड़ा लंबा था पेपर कुल 80 अंक का आया था जिसमें करीब 26 प्रश्न पूछे गए थे। परीक्षार्थियों का कहना था कि ऐसा कुछ सिलेबस के अनुसार ही पूछा गया था लेकिन प्रश्न पत्र में कुछ प्रश्न इतने बड़े थे कि लिखने के लिए उन्हें पर्याप्त समय नहीं मिला। फ्लाइंग स्कॉड ने कन्या स्कूल घुमारवीं का औचक निरीक्षण भी किया। इसके साथ ही स्कूलों की सीसीटीवी फुटेज भी चेक की गई। हालांकि परीक्षा में किसी भी प्रकार का कोई नकल का मामला सामने नहीं आया है।

### महाशिवरात्रि पर बांटा जलेबी का प्रसाद



जलेबी का प्रसाद वितरित करते हुए शिव भक्त।

**दौलतपुर चौक।** गगरेट क्षेत्र के शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में शनिवार को भंडारों का आयोजन किया गया। इस कड़ी में शिव मंदिर धरमा में स्थानीय लोगों के सहयोग से श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में जलेबी वितरित की गई। इससे पूर्व रात्रि को शिव भक्तों ने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर शिव महिमा का गुणगान किया गया।

### अंब के अंबेडकर भवन में किया 'नशा मुक्त सुरक्षा युक्त अभियान' का आयोजन

# अनुराग ने महिलाओं व युवाओं को बांटे हेल्मेट

**अनंत ज्ञान, अंब**

उपमंडल अंब के नगर पंचायत अंब के अंबेडकर भवन में नशा मुक्त सुरक्षा युक्त अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

अनुराग ठाकुर का चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में पहुंचने पर पूर्व विधायक बलबीर चौधरी ने टोपी व शाल पहनाकर व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। अनुराग ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए और बाइक या स्कूटी चलाते समय हेल्मेट पहने। इस मौके पर अनुराग ठाकुर ने 1200 के करीब हेलमेट महिलाओं और युवाओं को बांटे। अनुराग ठाकुर की मौजूदगी में युवाओं द्वारा एक बाइक रैली का आयोजन किया गया।

बाइक रैली अंबेडकर भवन से शुरू होकर अस्पताल रोड तक निकाली गई । अनुरागके साथ इस बाइक रैली में लगभग 500 युवाओं ने अपनी बाइक वा स्कूटी के साथ भाग लिया। युवाओं द्वारा पूरे क्षेत्र में युवाओं द्वारा जय श्री राम के नारे और अब की वार 400 पार के नारे लगाकर पूरा क्षेत्र भाजपा मय कर दिया।

इस मौके पर चिंतपूर्णी भाजपा मंडल अध्यक्ष रविंद्र द्विवेदी, महामंत्री कुलदीप ठाकुर, कंचन रायजादा, नगर पंचायत अध्यक्ष इंदु धीमान, नेहा ठाकुर, सुमित शर्मा, जयदेव खटा, राज कुमार धनोटिया, विधि प्रकोष्ठ संयोजक अधिवक्ता अनिल शर्मा सहित सैंकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



अंब में हेल्मेट पहनी महिलाओं के साथ सांसद अनुराग ठाकुर व अन्य।

# बागछाल पुल में जालीदार रेलिंग लगाने की मांग, अधिकारी बोले- जरूरत नहीं

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

नवनिर्मित बागछाल पुल के दोनों तरफ लोगों ने रेलिंग के ऊपर जालीदार रेलिंग लगाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि कंदरौर पुल की तरह ही बागछाल पुल के दोनों ओर रेलिंग के ऊपर जालीदार रेलिंग लगाई जाए, ताकि वहां पर कोई हादसा न हो सके।

आपकों बता दें कि कंदरौर पुल से कई लोगों ने कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश की है। लोगों की इस समस्या के समाधान के लिए लोक निर्माण विभाग ने पुल के दोनों ओर रेलिंग के ऊपर जालीदार रेलिंग का निर्माण किया है। उसके बाद लोगों द्वारा पुल से छलांग लगाने का सिलसिला बंद हुआहै। ऐसे में लोगों ने लोक निर्माण विभाग से बागछाल पुल के दोनों ओर लगाई गई रेलिंग के ऊपर जालीदार रेलिंग लगाने की मांग की उठाई है।

उधर, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग जीत सिंह ठाकुर ने कहा कि कंदरौर पुल की रेलिंग की ऊंचाई कम होने के कारण लोग पुल से आसानी से छलांग लगा देते थे। उसके बाद पुल की रेलिंग के ऊपर जालीदार रेलिंग लगाकर ऊंचाई बढ़ाई गई है। बागछाल पुल के दोनों ओर रेलिंग की ऊंचाई सही है, ऐसे में यहां पर रेलिंग की ऊंचाई बढ़ाने की जरूरत नहीं है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने समझा देश की गरीब जनता का दर्द : राजेंद्र

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की गरीब जनता का दर्द समझा है। मादी ने पहले गैस चूल्हा फ्री देकर फिर गैस सिलेंडर में सब्सिडी और अब सौ रुपए एलपीजी गैस सिलेंडर पर कटौती करके यह बता दिया कि देश केवल भाजपा और मोदी के हाथों में ही सुरक्षित है।

यह शब्द पूर्व मिल्क फेड निदेशक एवं जिला उना भाजपा सचिव राजेंद्र मलांगड़ ने बंगाना में कहे। मलांगड़ ने कहा कि दस वर्ष के कार्यकाल में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की गरीबी रेखा से नीचे परिवारों को दर्जनों योजनाओं से नवाजा है। जो आजादी के बाद एक इतिहास है। सबसे स्टीक बात यह है कि दस वर्षों के मोदी कार्यकाल में कोई भ्रष्टाचार भी नहीं हुआ है। राजेंद्र ने कहा कि मैं भारतीय जनता पार्टी का सच्चा सिपाही हूं और संगठन की मजबूती के लिए काम करूंगा।

# मतदान प्रक्रिया की दी जानकारी

**बंगाणा।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बंगाणा इलेक्ट्रोल लिट्रेसी क्लब, राजनीति विज्ञान विभाग, एनएसएस और एनसीसी इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर थे। इस दौरान छात्रों को मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शपथ दिलवाई गई। इलेक्ट्रोल लिट्रेसी क्लब व स्वीप के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने छात्रों को मतदान प्रक्रिया की सारी जानकारी विस्तार से दी।

# छात्रों ने देखी लोक अदालत की कार्यवाही

**अनंत ज्ञान, हरोली**

हिमकेप्स कॉलेज ऑफ लॉ बढ़ेडा के विधि विभाग के बीएएलएलबी के छठे स्मेस्टर के छात्रों ने जिला व सत्र न्यायालय ऊना व अंब द्वारा आयोजित नेशनल लोक अदालत में शनिवार को भाग लिया। छठे स्मेस्टर के छात्रों को ग्रुपों में विभाजित करके विभिन्न अदालतों में भेजा गया।

इस अवसर पर न्यायधीशों द्वारा छात्रों को लोक अदालतों बारे विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। चैयरमैन विक्रमजीत सिंह ठाकुर ने कहा की हमारा उद्देश्य छात्रों को अधिक से अधिक प्रैक्टिकल गतिविधियों में शामिल करना है ताकि वह परिपक्क हो सकें। इस अवसर पर सहायक प्रोफेसर श्रुति वशिष्ट पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहीं।



ऊना में लोक अदालत की कार्रवाई देखने पहुंचे कानून विषय के छात्र एक साथ।

# भागवत कथा श्रवण से धुल जाते हैं मनुष्य के पाप : आचार्य सुरेश चंद्र

**अनंत ज्ञान, अंब**

श्रीमद् भागवत कथा अमृत है, इसके सुनने मात्र से ही मनुष्य के जन्म-जन्म के पाप कट जाते हैं। यह बात शुक्रवार को मेहता परिवार कुठियाडी के सौजन्य से शिव मंदिर कुठियाड़ी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के उपलक्ष्य में आयोजित धार्मिक समागम में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कथा वाचक आचार्य सुरेश चंद्र गोस्वामी ने कही।

उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन सबसे बड़ा धार्मिक अनुष्ठान है। कथा के दौरान आज कंस बध हुआ जिसमें भगवान ने कंस का बध करने के बाद बताया कि यह अहंकार का बध था। कंस मानता था कि मेरे जैस कोई नहीं है। वही प्रवृत्ति आज कल सभी मनुषों में बढ़ती जा रही है जो उचित नहीं है।



प्रवचन करते कथा व्यास आचार्य सुरेश चंद्र गोस्वामी।

# गगरेट विधानसभा क्षेत्र से कर्मचारी चेहरे की कांग्रेस की टिकट से दावेदारी की चर्चा

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

दल-बदल कानून की जद में आए विधायक चैतन्य शर्मा की सदस्यता अयोग्य करार किए जाने के बाद विधानसभा क्षेत्र गगरेट सिर्फ विधायक रहित ही नहीं हुआ है बल्कि उनके एक फैसले ने विधानसभा क्षेत्र गगरेट की जनता को फिर से चुनाव के मुहाने पर ला खड़ा कर दिया है।

ऐसे में कभी यूनिवर्सिटी में एनएसयूआई के तेजतर्रार नेता और युवा कांग्रेस के नेता रहे, जो वर्तमान समय में शिक्षा विभाग में बतौर लेक्चरर सेवाएं दे रहे हैं, के द्वारा टिकट की दावेदारी की चर्चाएं जोरों पर हैं। सूत्रों की माने तो वर्तमान में इस कर्मचारी नेता के कई साथी सरकार के उच्च पदों पर तैनात हैं। यह कर्मचारी नेता कभी कांग्रेस के फ्रंटियर ऑर्गेनाइजेशन एवं कांग्रेस संगठन से जुड़े रहे और छात्र राजनीति में कॉलेज से लेकर यूनिवर्सिटी तक इनकी अंगूठी पहचान रही। नाम न छापने की शर्त पर इन्होंने बताया अगर पार्टी उन्हें कोई दायित्व देती है और गगरेट विधानसभा क्षेत्र में कोई चुनाव जैसी स्थिति बनती है तो वह दायित्व लेने के लिए तैयार हैं और अपनी जॉब छोड़ने के लिए भी तैयार हैं। उनका कहना है कि उन्होंने छात्र जीवन और युवा कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी में अपने जीवन के अमूल्य 15 वर्ष दिए हैं और फिर सरकारी नौकरी में आने के बाद उन्होंने राजनीति छोड़ दी थी। कर्मचारी नेता का कहना है कि उन्हें गर्व है कि उन्होंने प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में एनएसयूआई संगठन में कार्य किया है।

# कुल्लू ने शिमला को 3 विकेट से हरा सेमीफाइनल में किया प्रवेश

**अनंत ज्ञान, ऊना**

अटल बिहारी वाजपेई स्टेडियम नादौन में शिमला को कुल्लू ने पराजित किया। शिमला ने पहले खेलते हुए 176 रन बनाए, उसके जवाब में कुल्लू की टीम ने बढ़त बनाते हुए 10 विकेट पर 371 रन बनाए। दूसरी पारी में शिमला की टीम ने 353 रन बनाए। कुशल पाल ने 21, कबीर ने 103 राहुल ने 28, निखिल गैंगटा 05 रन बनाए, वैभव कलटा 109 रन, देवव्रत बिकटा ने 30 रन बनाए।



कुल्लू के यशोदन ने तीन विकेट प्राप्त किए, अमित ठाकुर ने तीन विकेट प्राप्त किया, दिव्यम चौधरी ने दो विकेट प्राप्त किए, दक्ष नारायण ने एक खिलाड़ी को आउट किया।

कुल्लू की टीम ने अपना लक्ष्य 7 विकेट खोकर प्राप्त कर लिया। विजय ने 60 रन, रवि ठाकुर ने 41 रन, अनूप ठाकुर ने 27 रन, अभिनंदन ने 13 रन नाबाद बनाए। शिमला के देवव्रत बिकटा 3 विकेट नवीन कंवर 3 विकेट, गौरव ने 1 विकेट प्राप्त किया, कुल्लू की टीम ने मैच को 3 विकेट से जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

### सिरमौर व हमीरपुर क्वार्टर फाइनल में

**ऊना।** स्थानीय इंदिरा स्टेडियम ऊना हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर और सिरमौर के बीच में तीसरे दिन के खेल तक हमीरपुर की टीम ने पहली पारी में 199 रन बनाए, सिरमौर ने अपनी पहली पारी में 165 रन बनाए। हमीरपुर की टीम ने कल के स्कोर से आगे खेलते हुए दूसरी पारी में 10 विकेट 401 रन बनाए। सिरमौर की टीम को 426 रन का लक्ष्य मिला। सिरमौर की टीम ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक 7 विकेट खोकर 190 रन बनाए। टीम के वैभव शर्मा 63 रन, नाहिद अली 26, मोहिसान खान 15, अंकुश धारीवाल 21, रोहित कोलीश 18 रन बनाए। हमीरपुर के दिव्यांश गुमरा ने 5 खिलाड़ियों को आउट किया। विनय और मृदुल सरोच ने 1-1 खिलाड़ी को आउट किया। मैच बिना किसी नतीजे से समाप्त हो गया। ऐसे में दोनों टीमों ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। हमीरपुर अपने ग्रुप में टॉप किया और सिरमौर की टीम द्वितीय पोजीशन पर रही। ऊना का मुकाबला सिरमौर के साथ और हमीरपुर का मुकाबला बिलासपुर के साथ होगा।

### सेमीफाइनल में पहुंची कांगड़ा की टीम, मंडी टूर्नामेंट से बाहर

**ऊना।** पीसीपी ग्राउंड संतोषगढ़ ऊना में क्वार्टर फाइनल मुकाबला कांगड़ा और मंडी के बीच में शनिवार को समाप्त हो गया। पहली पारी में बढ़त के आधार पर कांगड़ा की टीम को विजेता घोषित किया गया। कांगड़ा ने अपनी पहली पारी में 10 विकेट पर 398 रन बनाए थे जबकि मंडी की टीम ने अपनी पहली पारी में 10 विकेट खोकर 335 रन बनाए। कांगड़ा के रितिक ने 5 खिलाड़ियों को आउट किया । कांगड़ा की टीम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए मंडी के बाल्लेबाजों को बढ़त हासिल करने से रोक दिया। दूसरी पारी में कांगड़ा की टीम ने मैच खत्म होने तक बिना विकेट खोए 30 रन बना लिए थे। मैच बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गया। पहली पारी की बढ़त के आधार पर कांगड़ा की टीम को विजेता घोषित किया गया और कांगड़ा की टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

# अंब कॉलेज में विधायक ने मेधावियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, अंब**

महाराणा प्रताप राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। इस समारोह के मुख्यातिथि विधायक चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र सुदर्शन सिंह बबलू ने कॉलेज छात्रों को बधाई देते हुए अपने संबोधन में बच्चों से आग्रह किया कि वे नशे से दूर रहें। उन्होंने कहा कि बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

उन्होंने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य के लिए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा दी। इस समारोह में मुख्यातिथि ने शैक्षणिक, खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों में अंतरराष्ट्रीय स्तर, राष्ट्रीय स्तर तथा राज्य स्तर पर स्थान प्राप्त महाविद्यालय का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलकूद व सांस्कृतक गतिविधियों का भी जीवन में विशेष महत्व होता है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने महाविद्यालय वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर गतवर्ष में महाविद्यालय में हुई विभिन्न गतिविधियों से अवगत करवाया। इस समारोह मे बेस्ट स्टूडेंट ऑफ ईयर मनवीर सिंह भाटिया और कुमारी शिवानी, रतन भारद्वाज घोषित किए गए। इस समारोह में अनेक सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन भी हुआ।

इस मौके पर एसडीएम विवेक महाजन, रविंद्र शर्मा, प्रेम लाल धिमान, विकास कश्यप, रीतिशी शर्मा, नितिन, पीटीए प्रधान नरेश, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. रेखा शर्मा, डॉ. सतपाल, प्रो. सुख देव, प्रो.अमित कुमार शर्मा, डॉ. सुरुचि शर्मा, डॉ .नितिन शर्मा , डॉ. कृष्णा, प्रो. अजय आदि मौजूद रहे।



विधायक सुदर्शन बबलू को सम्मानित करते प्राध्यापक दर्शन कुमार व स्टाफ सदस्य।

# नारी शक्ति फिटनेस रन कार्यक्रम करवाया

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

नेहरू युवा केंद्र बिलासपुर के सौजन्य से डॉ. भीम राव अंबेडकर युवक मंडल बैरी दडोला के सदस्यों और पदाधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत बैहना जट्टा के तहत गांव बैरी दडोला में नारी शक्ति फिटनेस रन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें गांव की महिलाओं, पुरूषों, युवाओं तथा युवतियों ने अपनी भागीदारी दी।

इस मौके पर महिलाओं की दौड़ करवाई गई। युवक मंडल के प्रधान मुनीष कुमार ने बताया कि आज हमारे देश में महिला सशक्तिकरण बहुत जरुरी है। जिस दिन समाज में महिला और पुरुष को बराबरी का दर्जा मिलना शुरू हो जाएगा उस दिन से हमारे देश में महिला सशक्त भी हो जाएगी। इस मौके पर युवक मंडल के कोषाध्यक्ष पलक, सोशल मीडिया कॉर्डिनेटर अनमोल कुमार, सोनू डोगरा, हेमलता, स्नेहा, करण, हरि ओम, नवीन आदि सदस्य मौजूद रहे।




नारी शक्ति फिटनेस रन कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं, बच्चे व अन्य गणमान्य।

# माता-पिता के दर्शन ईश्वर तुल्य : प्रमोद पुंज

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

बंगाणा के गुगा जाहरवीर नाईली मंदिर में साप्ताहिक कथा प्रथम दिन हनुमान चालीसा व गणेश बंदना से शुरू हुई। कथावाचक आचार्य प्रमोद पुंज ने भागवत के बारे बताते हुए कहा कि जीवन को सरल व सहज बनाने के लिए गीता का ज्ञान अनिवार्य है। माता-पिता के दर्शन ईश्वर तुल्य हैं, जिनकी सेवा से जीवन में ज्ञान मिलना आसान होगा। भागवत कथा जिसमें कर्म योग, भक्ति योग, ज्ञान योग का समावेश है जिससे वह जीवन के हर क्षेत्र में उपयोगी है।

कथा आयोजक गुगजाहरवीर समीति के प्रधान बालकिशन शर्मा ने बताया कि कथा समय रोजाना 11 बजे से 2 बजे तक होगा व उपरांत भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर फतेह चंद शर्मा, बाबूराम शर्मा, राजेश, किरण, दीपक आदि उपस्थित रहे ।



प्रवचन करते आचार्य प्रमोद पुंज।

**आयोजन** घुमारवीं में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में टीसीपी, हाउसिंग एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री ने बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत

# सुख सम्मान निधि योजना के तहत खर्च होंगे 1000 करोड़ रुपए: धर्माणी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिले के घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कपाहड़ा, पपलाह और पलासला व कोटलू ब्राह्मणा में शनिवार को सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए टीसीपी, हाउसिंग एवं तकनीकी शिक्षा, व्यवसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल सरकार ने चुनावी घोषणा पत्र के अनुसार एक और गारंटी पूरी करते हुए 18 वर्ष से अधिक आयु की सभी पात्र महिलाओं को 1500 रुपए मासिक देने की घोषणा की है। इसके लिए इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना प्रारंभ की गई है और योजना के तहत 1 अप्रैल 2024 से पैंशन का वितरण शुरू करने का निर्णय लिया है। वित वर्ष 24-25 में इस योजना के तहत 1000 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र की महिलाओं से कहा कि वह इस योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदन प्रपत्र के साथ निर्धारित आवश्यक दस्तावेज लगाकर तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय में जमा करवाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है।

इस अवसर पर पशुपालन से पशु-चिकित्सक डॉ. इंदुवाला, उधोग प्रसार अधिकारी पुनम, विषय वाद विशेषज्ञ कृषि ब्रिजेश चंदेल ने आमजनता के उत्थान के लिए चलाई गई विभिन्न योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में कपाहड़ा, पपलाह, पलासला व कोटलू ब्राहमणा में 100 से ज्यादा समस्याओं व शिकायतों को सुना गया और अधिकतर का मौका पर समाधान किया गया और कुछ समस्याओं को शीघ्र समाधान करने के निर्देश सहित अधिकारियों को दिया गया। उन्होंने कहा कि महिला मंडल पलासला के भवन के निर्माण के लिए धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।

इस मौके पर उपमंडल अधिकारी (ना.) गौरव चौधरी, ग्राम पंचायत कपाहड़ा की प्रधान कांता देवी, ग्राम पंचायत पपलाह प्रधान रेखा चंदेल, प्रधान ग्राम पंचायत कोटलू ब्राहमणा पुष्पा देवी, उपप्रधान विवेक संख्यान, उपप्रधान ग्राम पंचायत पलासला सतीश कुमार, प्रधानकनिष्ठ अभियंता विद्युत रणजीत सिंह, विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



गांव के द्वार कार्यक्रम में मंत्री राजेश धर्माणी को सम्मानित करते गण्यमान्य।

### घुमारवीं की सड़कों के निर्माण व रख रखाव के लिए 32 करोड़ रुपए स्वीकृत

**धर्माणी** ने क्षेत्र के विकास पर चर्चा करते हुए बताया कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की सड़कों के निर्माण व रखरखाव के लिए 32 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने बताया कि गुगामोहड़ा-कपाहड़ा-मच्छवान सड़क की टायरिंग व पेवर ब्लॉक स्थापित करने में 92 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि नाबार्ड के तहत बरठीं-छत-करलोटी जुनाला सड़क के सुदृढ़ीकरण पर 4 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से कार्य प्रगति पर है तथा ढलोह-मुड़खर सड़क पर 16 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। मुख्य सड़कों के सुदृढ़ीकरण के साथ साथ ग्रामीण इलाकों की सड़कों के रख-रखाव पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कपाहड़ा में 15 लाख रुपए की लागत से बास्केटबॉल कोर्ट तैयार कर दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### ब्रिस्टल ओपन स्क्वैश के सेमीफाइनल में पहुंची उर्वशी



**ब्रिस्टल।** भारत की उर्वशी जोशी अपने पहले प्रोफेशनल स्क्वैश एसोसिएशन फाइनल से अब एक कदम दूर हैं, उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट इंग्लैंड ब्रिस्टल ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। 28 वर्षीय उर्वशी ने शुक्रवार देर रात यूएसडी 3000 पीएसए चैलेंजर इवेंट के क्वार्टर फाइनल में उच्च रैंकिंग वाली ऑस्ट्रेलिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त एरिन क्लासेन को 9-11, 11-8, 11-7, 11-7 से हराया। विश्व की 153वें नंबर की खिलाड़ी और 2023 राष्ट्रीय चैंपियनशिप की सेमीफाइनलिस्ट, उर्वशी अंतिम-चार चरण में आयरलैंड की उच्च रैंकिंग वाली ब्रेन फ्लिन से भिड़ेंगी। इस बीच, विश्व रैंकिंग में 139वें स्थान पर मौजूद ब्रिएन ने क्वार्टरफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त कोलेट सुल्ताना (माल्टा) को 3-0 से हराया।

### बीमारी ने खेल के प्रति लगाव बढ़ाया : देवदत्त पडिक्कल

**धर्मशाला।** पिछले दो साल से भी अधिक समय से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के कारण देवदत्त पडिक्कल अपना



सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पा रहे थे लेकिन इन विषम परिस्थितियों ने उनका खेल के प्रति लगाव बढ़ा दिया और आखिर में वह भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने में सफल रहे। पडिक्कल ने 2021 में श्रीलंका के खिलाफ टी-20 मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था लेकिन कोविड-19 से संक्रमित होने और पेट संबंधी बीमारी के कारण उनके करियर का ग्राफ आगे नहीं बढ़ पाया। इन चुनौतियों से पार पाने के बाद पडिक्कल ने घरेलू क्रिकेट में रनों का अंबार लगना शुरू कर दिया जिसका परिणाम यह निकला कि उन्हें भारत की टेस्ट टीम में जगह मिल गई। इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में उन्होंने शुक्रवार को यहां 65 रन की लाजवाब पारी खेली, जिसमें 10 चौके और एक छक्का शामिल है।

### बीसीसीआई ने टेस्ट प्लेयर्स की मैच फीस बढ़ाई

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टेस्ट क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए टेस्ट खिलाड़ियों की मैच फीस को बढ़ा दिया है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बताया है कि एक सीजन 75 प्रतिशत मैच खेलने वाले खिलाड़ी को 45 लाख रुपए प्रति मैच, 50 प्रतिशत से 74 प्रतिशत मैच खेलने वाले खिलाड़ियों को 30 लाख मिलेंगे जो खिलाड़ी प्लेइंग-11 में नहीं होगा उसे 22.5 लाख रुपए मिलेंगे।

### मुंबई की निगाह 42वें खिताब पर, विदर्भ से मिलेगी कड़ी चुनौती

**मुंबई।** अजिंक्य रहाणे जैसे कुशल कप्तान के नेतृत्व में मुंबई की टीम रविवार से यहां शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी फाइनल में विदर्भ की कड़ी चुनौती से पार पाकर अपना 42वां खिताब जीतने की कोशिश करेगी। रहाणे की अगुआई में भारत ने तीन सत्र पहले ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला जीती थी। वह अभी राष्ट्रीय टीम से बाहर हैं और घरेलू स्तर पर भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं, लेकिन इससे उनके कप्तानी कौशल को कम करके नहीं आंका जा सकता है। रहाणे ने रणजी ट्रॉफी के वर्तमान सत्र में अभी तक 13.4 की औसत से केवल 134 रन बनाए हैं। मुंबई का रणजी ट्रॉफी में यह 48वां फाइनल है, जिसमें उसे चोटिल सूर्यकुमार यादव और इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में खेल रहे सरफराज खान की सेवाएं नहीं मिलेंगी। श्रेयस अय्यर हालांकि इस मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। अय्यर को रणजी ट्रॉफी में नहीं खेलने के कारण बीसीसीआई का वार्षिक अनुबंध गंवाना पड़ा था। वह यहां बड़ी पारी खेल कर आत्मविश्वास हासिल करना चाहेंगे।

### भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष बने देवेंद्र झाझरिया

**नई दिल्ली।** देवेंद्र झाझरिया को भारतीय पैरालंपिक समिति का नया अध्यक्ष चुना गया है। पिछले दिनों ही खेल मंत्रालय ने पैरालंपिक समिति पर लगाए गए प्रतिबन्ध को हटाया था। इसके बाद देवेंद्र झाझरिया का अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा था। देवेंद्र ने पैरालंपिक गेम में भारत के लिए गोल्ड जीत चुके हैं।

### यूट्यूबर एल्विश के खिलाफ मारपीट करने का मामला दर्ज

**गुरुग्राम।** यूट्यूबर एल्विश यादव और उनके कुछ साथियों के खिलाफ दिल्ली के एक 'कंटेंट क्रिएटर' के साथ यहां सेक्टर-53 के एक मॉल में मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुआ है, जिसमें एल्विश को कथित तौर पर मारपीट करते देखा जा सकता है। दिल्ली निवासी शिकायतकर्ता सागर ठाकुर ने दावा किया कि यादव ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी है।

**भारत बनाम इंग्लैंड** टीम इंडिया ने इंग्लिश टीम को दी पारी व 64 रनों से शिकस्त, 5 मैचों की सीरीज 4-1 से जीती

# अढ़ाई दिन में जीता धर्मशाला टेस्ट



विकेट लेने के बाद बुमराह को बधाई देते साथी खिलाड़ी।

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

पांच मैचों की टेस्ट सीरिज का आखिरी मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड पर बड़ी जीत दर्ज की है। भारतीय टीम ने पारी और 64 रनों से धर्मशाला टेस्ट को तीसरे दिन ही अपने नाम कर लिया है। इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में 195 रनों पर ही सिमट गई। इस टेस्ट मैच में भारतीय टीम ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए सीरिज को 4-1 से अपने नाम कर लिया है।

इंग्लैंड की दूसरी पारी में बलेबाजी पूरी तरह फलॉप रही। एक मात्र बल्लेबाज जो रूट ने सबसे अधिक 84 रन बनाकर इंग्लैंड को कुछ हद तक 195 के स्कोर तक पंहुचाने में अहम भूमिका निभाई। हालांकि अन्य बल्लेबाज कुछ खास नही कर पाए और जल्दी जल्दी पैवेलियन लौटते रहे। इंग्लैंड की ओर से 100वां टेस्ट खेलने वाले जॉनी बेयरेस्टो ने 39 रनों की पारी खेली। इसके अलावा टॉम हार्टली 20 और ओली पोप ने 19 और शोएब बशीर ने 13 रनों का योगदान दिया।

गौरतलब है कि इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। इंग्लैंड की पहली पारी महज 218 रनों पर ही सिमट गई थी। जबाव में भारत ने कप्तान रोहित शर्मा ने 103 और शुभमन गिल 110 रनों की बदौलत भारत ने 477 रन बनाए जिसके चलते टीम इंडिया ने इंग्लैड पर 259 रनों की लीड बनाई, लेकिन दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए उतरी इंग्लैंड टीम की बल्लेबाजी काफी खराब रही और आखिर में पूरी टीम 195 रनों पर आलआउट हो गई। भारत की ओर से आज रविचंद्रन अश्विन ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट लिए जबकि कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह को दो-दो तथा रविंद्र जडेजा को एक विकेट मिला। (अनंत ज्ञान)

### एंडरसन 700 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बने

**इंग्लैंड** के जेम्स एंडरसन टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज और कुल तीसरे गेंदबाज बन गए हैं। अपना 187वां टेस्ट मैच खेल रहे 41 वर्षीय एंडरसन ने कुलदीप यादव को विकेट के पीछे कैच कराकर अपना 700वां विकेट हासिल किया।




#### 13 विकेट दूर

एंडरसन ने 194 एकदिवसीय मैच और 23 टी-20 मैच भी खेले हैं। उन्हें अंतराष्टीय क्रिकेट में 1,000 विकेट पूरे करने के लिए केवल 13 विकेट की जरूरत है।

#### सबसे ज्याद विकेट

| खिलाड़ी | देश | विकेट |
|---|---|---|
| मुथैया मुरलीधरन | श्रीलंका | 800 |
| शेन वार्न | ऑस्ट्रेलिया | 708 |
| जेम्स एंडरसन | इंग्लैंड | 700 |
| अनिल कुंबले | भारत | 619 |
| स्टुअर्ट ब्रॉड | इंग्लैंड | 604 |

### डब्ल्यूटीसी में शीर्ष पर बरकरार

**भारतीय** टीम ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप-2023/25 (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। भारतीय टीम ने अब तक 9 टेस्ट खेले, जिसमें से 6 जीते जबकि दो गंवाएं और एक मुकाबला ड्रॉ रहा। भारत के कुल 74 अंक है और उसका जीत प्रतिशत 68.51 हैं।

### स्कोर बोर्ड

**इंग्लैंड (पहली पारी)** 218/10

| भारत (पहली पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जायसवाल स्टं. फोक्स ब. बशीर | 57 | 58 | 5/3 |
| रोहित ब. स्टोक्स | 103 | 162 | 13/3 |
| गिल ब. एंडरसन | 110 | 150 | 12/5 |
| पडिक्कल ब. बशीर | 65 | 103 | 10/1 |
| सरफराज क. रूट ब. बशीर | 56 | 60 | 8/1 |
| जडेजा पगबाधा ब. हार्टले | 15 | 50 | 0/0 |
| ध्रुव क. डकेट ब. बशीर | 15 | 24 | 2/0 |
| अश्विन ब. हार्टले | 00 | 05 | 0/0 |
| कुलदीप क. फोक्स ब. एंडरसन | 30 | 69 | 2/0 |
| बुमराह स्टं. फोक्स ब. बशीर | 20 | 64 | 2/0 |
| सिराज (नाबाद) | 00 | 02 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 06 | | |
| **कुल : (124.1 ओवर)** | 477/10 | | |

**विकेट पतन :** 1-104, 2-275, 3-279, 4-376, 5-403, 6-427, 7-427, 8-428, 9-477, 10-477.
**गेंदबाजी :** एंडरसन 16-2-60-2, वुड 15-1-89-0, हार्टले 39-3-126-2, बशीर 46.1-5-173-5, स्टोक्स 5-1-17-1, रूट 3-0-8-0.

| इंग्लैंड (दूसरी पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| क्रॉली क. सरफराज ब. अश्विन | 00 | 16 | 0/0 |
| डकेट ब. अश्विन | 02 | 05 | 0/0 |
| पोप क. जायसवाल ब. अश्विन | 19 | 23 | 3/0 |
| रूट क. बुमराह ब. कुलदीप | 84 | 128 | 12/0 |
| बेयरस्टो पगबाधा ब. कुलदीप | 39 | 31 | 3/3 |
| स्टोक्स ब. अश्विन | 02 | 10 | 0/0 |
| फोक्स ब. अश्विन | 08 | 17 | 0/0 |
| हार्टले पगबाधा ब. बुमराह | 20 | 24 | 4/0 |
| वुड पगबाधा ब. बुमराह | 00 | 02 | 0/0 |
| बाशीर ब. जडेजा | 13 | 29 | 3/0 |
| एंडरसन (नाबाद) | 00 | 05 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 08 | | |
| **कुल : (48.1 ओवर)** | 195/10 | | |

**विकेट पतन :** 1-2, 2-21, 3-36, 4-92, 5-103, 6-113, 7-141, 8-141, 9-189, 10-195., **गेंदबाजी :** बुमराह 10-2-38-2, अश्विन14-0-77-5, जडेजा9-1-25-1, कुलदीप 14.1-0-40-2, सिराज 1-0-8-0.

### सात्विक-चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में



**पेरिस।** सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, लेकिन दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ओलंपिक चैंपियन चेन यू फेइ से हार गई। यहां 2022 में खिताब जीतने वाले सात्विक और चिराग ने क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड के सुपाक जोमकोह और किटिनुपोंग केड्रेन पर 21-19 21-13 से जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई। उनका अगला मुकाबला विश्व चैंपियन और तीसरी वरीयता प्राप्त कांग मिन ह्युक और सियो सेउंग जे से होगा।

### इंग्लैंड की पहली बड़ी सीरीज हार : स्टोक्स

**धर्मशाला।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने धर्मशाला में चार-एक से हार के बाद कहा कि उनके कैप्टन बनने के बाद इंग्लैंड की पहली बड़ी



टेस्ट सीरीज हार है। मैच के बाद स्टोक्स ने कहा हम सीरीज की बेहतर टीम से हार गए हैं। अभी हमें काफी क्रिकेट आगे खेलना है, ऐसे में एक सीरीज की हार को याद नहीं रखना चाहेंगे। जब आप पूरी सीरीज को देखें तो कुछ छोटे मोमेंट्स रहे, जिसे हम अपनी तरफ नहीं मोड़ सके। हम सभी जानते हैं कि हमसे कहा कि गलती हुई है। इंग्लैंड की टीम ने पूरी सीरीज में एक बार भी डिफेंसिव बैटिंग नहीं की। विकेट गिरते रहे और उनके बल्लेबाज बड़े शॉट खेलने की कोशिश करते रहे। स्टोक्स ने अपने बल्लेबाजों के बचाव में कहा कि जब भारत गेंद के साथ टॉप पर पहुंच गया, तो खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन किया।

## रोहित की कप्तानी में खिलाड़ियों ने किया बेहतर प्रदर्शन : द्रविड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने धर्मशाला स्टेडियम में भारत के इंग्लैंड को पांचवें और अंतिम टेस्ट में पारी और 64 रनों से हराकर सीरीज 4-1 से जीतने पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि वह हैदराबाद में श्रृंखला के शुरूआती मैच में 28 रन से हार के बाद टीम की वापसी देखकर खुश हैं।



मैच खत्म होने के बाद द्रविड़ ने कहा कि मुझे इस टीम पर गर्व है। पहले टेस्ट में हारना निराशाजनक था, जिससे टीम प्रेशर में जरूर थी, लेकिन वापसी करना शानदार रहा। हमने हमेशा आगे बढ़ने वाले लोगों को पाया है। विभिन्न परिस्थितियों में हम पर दबाव था लेकिन हम वापसी करने में सफल रहे। यशस्वी जयसवाल, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, आकाश दीप और देवदत्त पडिक्कल जैसे युवाओं द्वारा जरूरत पड़ने पर आगे आने से भी खुश थे।

युवाओं को अच्छा प्रदर्शन करते देखना अद्भुत है। हमारी पूरी टीम का प्रदर्शन चौतरफा रहा, यह सुखद बात थी। इस दौरान राहुल द्रविड़ से श्रेयस व ईशान के कांट्रैक्ट से बाहर किए जाने पर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को कांट्रेक्ट में रखने का कार्य उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। वह कोच के रूप में वह कैप्टन के रूप में प्लेइंग इलेवन में खिलाड़ियों को शामिल करने के कार्य में भूमिका निभाते हैं।

## पुरुष वर्ग में नेपाल व महिला वर्ग में ईरान ने जीता गोल्ड

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

सुन्नी के पंदोआ में एशिया राफ्टिंग चैंपियनशिप के अंतिम दिन और आरएक्स प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला पुरुष में नेपाल तथा महिला वर्ग में ईरान ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। जबकि मिक्स फाइनल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबले का प्रथम पुरस्कार भारत बेलगाम, द्वितीय पुरस्कार नेपाल तथा तीसरा भारत रायवाला ने जीता।

प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियनशिप का प्रथम पुरस्कार इंडिया बेलगाम द्वितीय पुरस्कार नेपाल तथा तृतीय पुरस्कार से इंडिया रायवाला को नवाजा गया। प्रतियोगिता में अंको के अनुसार ओवरऑल गोल्ड इंडिया बेलगॉन को मिला, जो अच्छे पोडियम की बदौलत 270 के कुल स्कोर के साथ आरएक्स में दूसरे स्थान पर रहा। इंडिया अलॉन्गा को तीसरा आरएक्स स्थान मिला, जिसने इंडिया रायवोला के खिलाफ फाइनल बी जीता। भारत रायवोला, वैसे भी, स्लैलम विजेताओं को, समग्र कांस्य हासिल करने के लिए अंक 248 मिले। भारत 7 को आरएक्स में तीसरा और समग्र स्वर्ण मिला, अंतिम ए जीतकर, जिससे उनके 300 अंक हो गए, जबकि भारत 6 को रजत मिला।

भारत 8 ने फाइनल बी और आरएक्स कांस्य पदक जीता।आरएक्स अंकों के साथ अंतिम मिक्स सिल्वर 258 अंकों के साथ भारत 8 ने जीता। दूसरा आरएक्स स्थान, जिसने समग्र रजत भी प्रदान किया, 262 अंकों के साथ भारत को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

भारत 2 को आरएक्स कांस्य, जो पोडियम के समग्र तीसरे चरण के लिए पर्याप्त नहीं था, भारत 3 ने 242 अंकों के साथ लिया। कजाकिस्तान और भारत के खिलाफ फाइनल। आरएक्स गोल्ड ने नेपाल को दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया महिला वर्ग में सबा फादेई, फैजेह रोनासी, सहर घासेमी तौडेस्की, मेलिना इब्राहिमियन और सेटरेह होमायून फर्द द्वारा सही 300 अंक रेखा खींची गई हैरू ईरान ने मेजबानों पर जीत हासिल की और आरएक्स और समग्र स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। (अनंत ज्ञान)




सुन्नी के पंदोआ में एशियन राफ्टिंग चैंपियनशिप के अंतिम दिन अपना दम खम दिखाते प्रतिभागी।

## पीएम मोदी ने काजीरंगा में हाथी की सफारी का लुत्फ उठाया

**एजेंसी, काजीरंगा**

असम के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार सुबह काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में हाथी एवं जीप सफारी का लुत्फ उठाया। काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के कंहरा वनांचल में जीप सफारी एवं हाथी सफारी के जरिए उद्यान के प्रकृति के मनोरम दृश्यों का दीदार किया। प्रधानमंत्री ने सुबह 5.45 बजे काजीरंगा में प्रवेश किया। सुबह 7.10 बजे तक काजीरंगा में जीप सफारी एवं हाथी की सफारी के जरिए प्रकृति के मनोरम दृश्यों को देखा। इसी के साथ काजीरंगा में नया इतिहास बना। यह देश के किसी प्रधानमंत्री की पहली काजीरंगा यात्रा है। प्रधानमंत्री सुबह काजीरंगा की प्राकृतिक सुंदरता में घुल-मिल गए।



### देसी गर्ल ने किलर लुक में दिखाई सेक्सी अदाएं

**नई दिल्ली।** इन दिनों लोग सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव नजर आ रहे हैं। लोग खुद को फेमस करने के लिए सोशल मीडिया पर एक से बढ़कर एक कई वीडियो पोस्ट करते हैं। कई वीडियो इतना पॉपुलर हो जाता है कि देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो जाता है। ऐसा ही एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ये वीडियो कोई और नहीं एक इंडिया देसी गर्ल का है। जो इन दिनों इंटरनेट का तापमान बढ़ा दिया है। वायरल हो रहे इस वीडियो में एक देसी भाभी नजर आ रही है। जो कैमरे के सामने ही कपड़े बदलते हुए दिखाई दे रही है। इस दौरान देसी गर्ल ने बोल्ड साड़ी पहना हुआ है। और खुद का वीडियो बनाया है। इस दौरान देसी गर्ल ने एक से बढ़कर एक पोज देते हुए नजर आ रही है।

## कमल हासन की पार्टी द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल हुई

**एजेंसी, चेन्नई**

अभिनेता कमल हासन के नेतृत्व वाली पार्टी मक्कल निधि मय्यम (एमएनएम) तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नीत गठबंधन में शनिवार को शामिल हो गई और उसे आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपना समर्थन दिया।



हासन की पार्टी को संसदीय चुनाव लड़ने के लिए सीटें आवंटित किए जा सकने की अटकलों के बीच द्रमुक ने एमएनएम को 2025 के राज्यसभा चुनाव के लिए एक सीट आवंटित की। हासन और सत्तारूढ़ पार्टी के अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने यहां द्रमुक मुख्यालय अन्ना अरिवलयम में समझौते को अंतिम रूप दिया।

हासन ने समझौता करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने गठबंधन में शामिल होने का कदम किसी पद के लिए नहीं, बल्कि देश की खातिर उठाया। उन्होंने गठबंधन को अपनी पार्टी का "पूर्ण समर्थन" दिया। दोनों नेताओं के बीच बनी सहमति के अनुसार एमएनएम पार्टी तमिलनाडु की 39 लोकसभा सीट और एकमात्र पुडुचेरी क्षेत्र में प्रचार अभियान संबंधी कार्य करेगी।

## भविष्य के युद्धक्षेत्र में तीनों सेनाओं के तालमेल पर रक्षा मंत्री ने जोर दिया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नौसेना कमांडरों के सम्मेलन में भविष्य के युद्धक्षेत्र के लिए तीनों सेनाओं की संयुक्तता और एकीकरण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने हिंद महासागर क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए भारतीय नौसेना से नेतृत्वकारी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

नौसेना कमांडरों के द्विवार्षिक सम्मेलन का पहला संस्करण पांच से आठ मार्च तक आयोजित किया गया, जिसमें महत्वपूर्ण समुद्री सुरक्षा मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। सैन्य-



सामरिक स्तर सम्मेलन का उद्घाटन सत्र विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य पर हुआ, लेकिन इसके बाद सात और आठ मार्च को यह कमांडर कांफ्रेंस हाइब्रिड प्रारूप से नई दिल्ली में हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा स्टाफ के प्रमुख, रक्षा सचिव और अन्य के साथ उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता की। रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और नौसेना कमांडर उपस्थित थे। रक्षा मंत्री ने पश्चिम एशिया और आसपास के समुद्रों में हाल की घटनाओं पर भारतीय नौसेना की बहादुरी भरी त्वरित प्रतिक्रिया की सराहना करते हुए कमांडरों से संघर्ष के सभी क्षेत्रों में संचालन के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। इसके अलावा रक्षा मंत्री ने भविष्य के युद्धक्षेत्र को अनुकूल रूप देने और प्रभावित करने के लिए त्रि-सेवाओं की संयुक्तता और एकीकरण के महत्व पर जोर दिया।

**शिकंजा** निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता पांच जनवरी को संदेशखाली में हुए हमले का है मास्टरमाइंड

## शाहजहां के खिलाफ सीबीआई ने जोड़ी हत्या के प्रयास की धारा

**एजेंसी, कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हमले की जांच कर रही सीबीआई ने अब शेख शाहजहां के खिलाफ दो एफआईआर में भारतीय दंड संहिता की धारा 307 के तहत हत्या के प्रयास के आरोप भी शामिल कर दिए हैं। निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां पांच जनवरी को संदेशखाली में हुए हमले का आरोपित मास्टरमाइंड है। सीबीआई ने पांच जनवरी को ईडी और सीएपीएफ अधिकारियों पर हुए हमलों के दो मामलों में कुल तीन एफआईआर दर्ज कर उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट सब-डिविजनल कोर्ट में पेश किया है। तीन एफआईआर में से दो, शेख शाहजहां के खिलाफ संदेशखाली में उनके आवास के सामने हुए हमले के संबंध में हैं।




सूत्रों ने बताया कि हत्या के प्रयास के आरोप इन दो एफआईआर में शामिल किए गए हैं। तीसरी एफआईआर उत्तर 24 परगना जिले के बनगांव के एक अन्य तृणमूल कांग्रेस नेता शंकर आध्या के खिलाफ है, जो करोड़ों रुपये के पीडीएस मामले में पहले से ही न्यायिक हिरासत में हैं। पांच जनवरी की रात, जब ईडी के अधिकारी आध्या को गिरफ्तार करके ले जा रहे थे, तो उसके समर्थकों ने ईडी के लोगों पर हमला कर दिया और उन्हें उसे ले जाने से रोकने का प्रयास भी किया।

सूत्रों ने कहा कि शुरुआत में शेख शाहजहां के खिलाफ दो एफआईआर में आईपीसी की धारा 307 के तहत आरोप शामिल नहीं थे। लेकिन इस सप्ताह की शुरुआत में ईडी के उप निदेशक जी वरिल के मामले में सीबीआई अधिकारियों के साथ चर्चा के बाद एफआईआर में शेख शाहजहां के खिलाफ हत्या के प्रयास के आरोप जोड़े गए। उल्लेखनीय है कि जी वरिल ने ही पांच जनवरी को ईडी अधिकारियों पर हुए हमले के संबंध में स्थानीय पुलिस स्टेशन में प्रारंभिक शिकायत दर्ज कराई थी।